Page 11

खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10

देश

भारत अस्ट्रेलिया डे-नाइट स्टेट का पहला दिन अस्ट्रेलिया के नाम

गति वही है, केवल हमारी भूमिकाएं बदल गयी हैं : मुख्यमंत्री फडणवीस

शुक्ल पक्ष, धनिष्ठा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • शनिवार • 07 दिसम्बर 2024 • वर्ष 26 • अंक 356 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

सोना चांदी

सोना	चांदी
10 ग्राम 22 कैरेट	1 किलो चांदी
₹ 77,620	₹92,000

आज का इतिहास

- 2003 : जापान ने विकास कार्यों में मदद के लिए भारत को 90 करोड़ डालर की मदद की घोषणा की।

न्यूज बाइट्स

हिार के पूर्व पुलिस महानिदेशक डीपी ओझा का निधन

पटना (नि.सं.)। बिहार के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) डी. पी. ओझा का निधन हो गया। श्री ओझा 1967 बैच के आईपीएस थे और एक फरवरी 2003 को डीजीपी का पदभार ग्रहण किया था। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान राज्य में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और राजनीति एवं अपराध के गठजोड़ के खिलाफ सख्त कदम उठाने के लिए ख्याति पाई थी।

पूर्वोत्तर भारत के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए शुरू हुआ अष्टलक्ष्मी महोत्सव

पीएम ने किया अष्टलक्ष्मी महोत्सव का उद्घाटन

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली के भारत मंडपम में तीन दिवसीय अष्टलक्ष्मी महोत्सव का उद्घाटन किया। महोत्सव को लेकर पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स अपने एक पोस्ट में लिखा कि अष्टलक्ष्मी महोत्सव पूर्वोत्तर के राज्यों की जीवंत संस्कृति का प्रतीक है। वहीं उद्घाटन समारोह में पीएम मोदी ने कहा कि ये पहला और अनोखा आयोजन है, जब इतने बड़े स्तर पर नॉर्थ ईस्ट में निवेश के द्वार खुल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये नॉर्थ ईस्ट के किसानों, कारीगरों और शिल्पकारों के साथ-साथ दुनियाभर के निवेशकों के लिए

भी बेहतरीन अवसर है। पीएम मोदी ने मंच से कहा कि 21वीं सदी ईस्ट की है, एशिया की है, भारत की है। उन्होंने कहा कि उनका दृढ़ विश्वास है कि भारत में भी आने वाला समय पूर्वी भारत का है, हमारे पूर्वोत्तर भारत का है। बीते दशकों में हमने बैंगलोर, मुंबई, हैदराबाद, अहमदाबाद, दिल्ली, चेन्नई जैसे बड़े शहरों को उभरते देखा है। आने वाले दशकों में हम अगरतला, गुवाहाटी, गंगटोक, आइजोल, शिलांग, ईटानगर, कोहिमा जैसे शहरों का नया सामर्थ्य देखने वाले हैं। इसमें अष्टलक्ष्मी जैसे आयोजनों की बहुत बड़ी भूमिका होगी। अष्टलक्ष्मी महोत्सव पूर्वोत्तर भारत के कपड़ा क्षेत्र, पर्यटन के अवसरों, पारंपरिक शिल्प को एक मंच प्रदान करने वाला है। पीएम मोदी ने कहा है कि नॉर्थ ईस्ट को हम, इमोशन, इकोनोमी और इकोलॉजी इस त्रिवेणी से जोड़ रहे हैं। नॉर्थ ईस्ट में हम सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं बना रहे, बल्कि भविष्य की एक सशक्त नींव तैयार कर रहे हैं।

व्यवसाय और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

महोत्सव पूर्वोत्तर भारत में बुनियादी ढांचे के विकास और इसके प्रभाव के महत्व पर भी जोर देगा। बेहतर कनेक्टिविटी, औद्योगिक विकास और परिवहन, ऊर्जा और डिजिटल बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में विकास को दर्शाया जाएगा। इससे व्यवसाय और रोजगार के लिए नए अवसर खुलेंगे। महोत्सव में पूर्वोत्तर भारत की समृद्ध हथकरघा और हस्तशिल्प परंपराओं को प्रदर्शित करने वाले डिज़ाइन कॉन्क्लेव और फ़ैशन शो भी आयोजित होंगे। क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बताने वाले स्वदेशी व्यंजनों का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

क्या है अष्टलक्ष्मी महोत्सव

पूर्वोत्तर के आठ राज्य क्रमशः असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, नागालैंड, मिजोरम, त्रिपुरा और सिक्किम को अष्टलक्ष्मी कहा जाता है। यह सभी राज्य भारत के सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक उत्थान में बड़ी भूमिका निभाते हैं। अष्टलक्ष्मी महोत्सव के आयोजन का मकसद है इन क्षेत्रों की सांस्कृतिक धरोहरों को दुनिया के सामने लाना। साथ ही विकास के लिए निवेश को आमंत्रित करना।

पुस्तक मेला में केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा 'फोटो प्रदर्शनी सह जागरुकता अभियान' का हुआ उद्घाटन

पटना(नि.सं.)। केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित 12 दिवसीय पटना पुस्तक मेला में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण और रोचक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 'फोटो प्रदर्शनी सह जागरुकता अभियान' का उद्घाटन किया। यह आयोजन गांधी मैदान पटना में हुआ, जो भारतीय विकास और सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूकता फैलाने का एक बड़ा मंच बन गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए इसके उद्देश्यों की सराहना की। इस प्रदर्शनी में भारत सरकार की प्रमुख योजनाओं जैसे विश्वकर्मा योजना, आयुष्मान कार्ड आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के ओटीटी प्लेटफॉर्म 'वेव्स' के बारे में भी जानकारी प्रस्तुत की जा रही है, जिसे प्रसार भारती ने लॉन्च किया है। 'वेव्स' में 12 भाषाओं में 65 से अधिक लाइव चैनल, फिल्में, गेम्स और लाइव इवेंट्स उपलब्ध हैं, जो देशभर में लोगों को एक नई डिजिटल दुनिया से जोड़ते हैं। इस कार्यक्रम के प्रमुख उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए सीबीसी-पीआईबी पटना के कार्यक्रम प्रमुख संजय कुमार ने बताया कि इस प्रदर्शनी का लक्ष्य समाज के सभी वर्गों को सरकार की योजनाओं से जोड़ना है, ताकि लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। इसके माध्यम से, केंद्र सरकार के विविध कार्यक्रमों के प्रति जनमानस में जागरूकता पैदा करना भी एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है। प्रदर्शनी में लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा, ताकि दर्शकों को न केवल जानकारी मिले, बल्कि मनोरंजन का भी आनंद लिया जा सके। इसके अलावा, कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विजेताओं को पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में नोडल अधिकारी अमरेन्द्र मोहन और नवल झा ने भी बताया कि यह अभियान सभी के लिए एक सुनहरा अवसर है, जहां लोग सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और अपनी समस्याओं का समाधान भी पा सकेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने में सहायक साबित होगी, जो देश के विकास के पथ पर आगे बढ़ने में मदद करेगी।

पटना में आईटी कॉन्क्लेव का आयोजन

30 से अधिक कंपनियों ने जताई 1500 करोड़ रुपये निवेश की इच्छा

निज संवाददाता | पटना

शुक्रवार को पटना में इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) के सहयोग से सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, बिहार सरकार द्वारा एक भव्य आईटी कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। इस कॉन्क्लेव के दौरान एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सामने आई, जब आईटी विभाग को कुल 470 करोड़ रुपये निवेश का इंटेंट प्राप्त हुआ। इसमें सबसे बड़ा निवेश का इंटेंट, 300 करोड़ रुपये का होलोवेयर कंपनी द्वारा प्राप्त हुआ है। अब तक 30 से अधिक कंपनियों ने बिहार के आईटी सेक्टर में 1500 करोड़ रुपये निवेश करने की इच्छा जताई है, जो राज्य में तकनीकी क्षेत्र के विकास के प्रति बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।

कॉन्क्लेव में सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के विशेष सचिव श्री अरविंद कुमार चैधरी ने कंपनियों से आह्वान किया कि वे बिहार सरकार द्वारा जारी आईटी नीति, 2024 का लाभ उठाकर राज्य में अधिक से अधिक निवेश करें। उन्होंने कहा, 'बिहार के बिजनेस समुदाय की मांग थी कि राज्य में 'पर्चेज प्रिफरेंस पॉलिसी' लागू की जाए, जिसे अब सरकार ने पूरी कर दिया है। इसके अलावा, बिहार इंडस्ट्रियल पॉलिसी, टेक्सटाइल एंड लेदर पॉलिसी, बिहार स्टार्टअप पॉलिसी जैसे कई बेहतरीन नीतियां लागू की गई हैं। अब, बिजनेस कम्यूनिटी की जिम्मेदारी बनती है कि वे बिहार में और अधिक निवेश करें।' उन्होंने उद्योगों से मार्च 2025 तक बिहार के आईटी सेक्टर में 4000 करोड़ रुपये निवेश करने का आह्वान किया।

श्री चैधरी ने यह भी कहा कि बिहार अब 'ब्रेन ड्रेन' के बजाय 'ब्रेन रिगेन' (ब्रेन रिवाइवल) कर रहा है। उनका मानना था कि बिहार में निवेश के लिए अनुकूल माहौल और परिस्थितियां तैयार हो गई हैं। इस मौके पर आईसीसी बिहार स्टेट काउंसिल के चेयरमैन श्री प्रभात कुमार सिन्हा ने कहा, 'बिहार अब निवेश के लिहाज से एक बेहतर अवसर प्रदान कर रहा है। अब राज्य में चुनौतियों से ज्यादा अवसर हैं।' उन्होंने यह भी कहा कि 'आजकल दुनिया डाटा के आधार पर चल रही है। डाटा पर आधारित निर्णय लेना अत्यधिक प्रभावी साबित हो रहा है। अगर भारत दुनिया का सबसे युवा देश है, तो बिहार सबसे युवा राज्य है और यहां पर रिवर्स ब्रेन ड्रेन की शुरुआत हो चुकी है। कॉन्क्लेव में सी.डैक के निदेशक आदित्य सिन्हा, होलोवेयर सॉफ्टवेयर कंपनी के संस्थापक और सीईओ श्री राघवेन्द्र गणेश एस, बीसेंट्रीक कंपनी के सीईओ अलख वर्मा और आईसीसी बिहार स्टेट काउंसिल के वित्त, कर एवं आर्थिक मामलों के चेयरमैन रितेश आनंद ने भी संबोधित किया।

संक्षिप्त समाचार

अपहृत छात्र बरामद, प्रारंभिक जांच में फिरौती की बात गलत

गया। विष्णुपद थाना क्षेत्र के माड़नपुर के समीप से बुधवार को संगम कुमार नामक दसवीं के छात्र का अपहरण होने का मामला दर्ज कराया गया था। पुलिस की प्रारंभिक जांच में फिरौती की कोई बात सामने नहीं आई है, बल्कि लड़का स्वयं ही अपने घर से चला गया था। संगम ज्ञान भारती बोधगया का छात्र है और शेरघाटी का रहने वाला है। दर्ज मामले में इसके पिता रणजीत कुमार ने कहा था कि उसके बेटे का माड़नपुर स्थित आकाश इंस्टीच्यूट के समीप से तीन-चार लड़कों ने अपहरण कर लिया। कुछ देर बाद ही उनके मोबाइल पर डेढ़ लाख की फिरौती मांगी गई। उसके बाद पुलिस ने जब आकाश इंस्टीच्यूट व आसपास लगे सीसीटीवी को खंगाला तो संगम आराम से मोबाइल पर बातचीत करते हुए जाते दिखा। एसएसपी द्वारा गठित विशेष टीम ने आसूचना संकलन व तकनीकी अनुसंधान कर प्राथमिकी दर्ज होने के 30 घंटे के भीतर ही लड़के को सकुशल बरामद कर लिया।

मंत्री डॉ. प्रेम ने कई योजनाओं का किया भूमि पूजन

गया। शहर के गांधी मैदान में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में डॉ. प्रेम कुमार, मंत्री, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग बिहार ने विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ व भूमि पूजन किया। इसमें वन प्रमंडल गया अंतर्गत शहर के विभिन्न पार्क गांधी मैदान पार्क 02 व 03, गांधी मंडप, धनिया बगीचा पार्क, बागेश्वरी पार्क, सरयू तालाब, महादलित तालाब, सिंगरा स्थान तालाब, खजुरिया व माड़नपुर तालाब और रामशिला आजाद पार्क के सौंदर्यीकरण कार्य और पर्यटन विभाग के सौजन्य से गया गांधी मैदान में 4.31 करोड़ से सौंदर्यीकरण व विकास कार्य शामिल है। मंत्री डॉ. कुमार ने कहा कि शहरों में निवास करने वाले लोगों के जीवन स्तर को बेहतर करने, स्वच्छ वातावरण और उनके मनोरंजन के लिए गया के शहरी क्षेत्रों में पार्कों का विकास व सौंदर्यीकरण कार्य कराया जा रहा है। कहा कि जलस्रोतों में नदियों के बाद तालाबों का स्थान आता है। जल संचयन के लिए तालाबों का अपना अलग ही महत्व है। लगातार खिसक रहे भू-जल स्तर व पानी के संकट के लिए कहीं न कहीं हम सभी जिम्मेदार हैं। गर्मी शुरू होते ही काफी तालाब सूख जाते हैं। शहर में पशु-पक्षियों को इस दौरान तपती गर्मी में पानी के लिए भटकना पड़ता है। गया शहर अंतर्गत आने वाले मुख्य तालाबों के सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है। इस कार्यक्रम में शुभ लक्ष्मी ज्योति, सहायक वन संरक्षक, कौशलेन्द्र प्रताप सिंह, बिपेंद्र अग्रवाल, संतोष सिंह, संभु केशरी, करुणा निधि, संजय सिंह, दयानन्द विश्कर्मा, अनिल जी, महेंद्र विश्कर्मा, मुकेश रंजन, धीरज लहेरी, देवानंद पासवान, जदयू नेता चंदन कुमार समेत विभिन्न एनजीओ के प्रतिनिधि शामिल थे।

स्कूल व आंगनबाड़ी का बनेगा भवन

गया। बच्चों से बातचीत करते डीएम सिटी रिपोर्टर| गया डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम ने गुरुवार को नगर प्रखंड अंतर्गत राज्य सरकार की संचालित जन कल्याणकारी व जन सरोकारों से जुड़ी योजनाओं का विभिन्न गांवों में जाकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश भी दिए। गया एयरपोर्ट के समीप अवस्थित धनसिर पंचायत की चौड़हर गांव के निरीक्षण में दौरान डीएम मध्य विद्यालय में पहुंच गए। उन्होंने बच्चों से बातचीत की और पठन-पाठन, भोजन व पोशाक की जानकारी ली। विद्यालय भवन जर्जर व कमजोर रहने पर डीएम ने डीईओ को इस विद्यालय के बच्चो के लिए नया भवन निर्माण करवाने का निर्देश दिया। साथ ही गांव में संचालित जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र देखते ही उन्होंने नया भवन बनवाने का निर्देश दिया। गांव में नाला का पानी सड़क पर बहते देख उन्होंने नया नाला व सोख्ता निर्माण करवाने का आदेश दिया है। कोरमा पंचायत की छटूबाग गांव के निरीक्षण के दौरान छुटे हुए नाली-गली कार्य को तेजी से पूरा करवाने को कहा।



ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं में हैं कई चुनौतियां

बोधगया। सूबे की ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा में आधारभूत संरचनाओं का अभाव, आपातकालीन सेवा, ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सकों का नहीं रूकना, सेवाओं की पहुंच में देरी, रात्रिकालीन आपात सेवा प्रबंधन में समस्या है। सही मायने में बिहार में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को बढ़ावा देना जरूरी है, लेकिन इसकी चुनौतियां भी हैं, जिसे दूर करने की जरूरत है। इन चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए आईआईएम बोधगया एमबीए-हॉस्पिटल एंड हेल्थकेयर मैनेजमेंट प्रोग्राम द्वारा समालोचना बिहार में किफायती स्वास्थ्य देखभाल तक समान पहुंच को बढ़ावा देने के लिए हितधारक परामर्श विषय पर परिचर्चा सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। आईआईएम तथा महिला सामूहिक मंच के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस परिचर्चा के दौरान पैनेलिस्ट के तौर पर मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रधानाध्यापक डॉ विनोद सिंह, डॉ एनएन राय, डीपीएम स्वास्थ्य नीलेश कुमार, जिला अनुश्रवण एवं मूल्यांकन पदाधिकारी जयशंकर, गैर संचारी पदाधिकारी डॉ एमई हक, संचारी रोग पदाधिकारी डॉ पंकज सिंह, मोहरा तथा बोधगया के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बांकेबाजार व टिकारी सीएचसी के बीएचएम तथा नगर प्रखंड के बीसीएम आदि मौजूद थे। कार्यशाला का संचालन आईआईएम बोधगया के हॉस्पिटल एंड हेल्थकेयर मैनेजमेंट प्रोग्राम के अध्यक्ष प्रो स्वप्नराग स्वैन, प्रो मेधा श्रीवास्तव व प्रो चारू नैथानी ने किया। इस मौके पर आइआइएम डायरेक्टर प्रो विनिता सहाय तथा एमबीए-हॉस्पिटल एंड हेल्थकेयर मैनेजमेंट प्रोग्राम के छात्र मौजूद थे। पैनलिस्टों ने स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच से संबंधित चुनौतियों की पहचान करने, वंचित और ग्रामीण समुदायों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने के उद्देश्य में पहल का सुझाव देने, शहरी तथा ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए रणनीतियों की सिफारिश करने, स्वास्थ्य सेवा में डिजिटल स्वास्थ्य प्रौद्योगिकियों को शामिल करने की नीति विकसित करने तथा स्वास्थ्य की सेवा वितरण की गारंटी देने तथा वंचित क्षेत्रों तक पहुंच का विस्तार करने के लिए डिजिटल स्वास्थ्य प्रोद्योगिकियों आदि पर अपने विचार रखें।

NH-20 पर यातायात में जल्द सुधार, नवादा जाने वालों को मिलेगी सहूलियत

बिजवनपर आरओबी का टू-लेन 11 दिसंबर से होगा चालू

निज संवाददाता। नालंदा

बिहार-झारखंड की लाइफलाइन कही जाने वाली नेशनल हाईवे यानी NH-20 पर यातायात में जल्द ही सुधार होने वाला है। बिजवनपर रेल ओवरब्रिज (ROB) के निर्माण कार्य में तेजी आ गई है और 11 दिसंबर से इसका टू-लेन चालू हो जाएगा। इससे नवादा जाने वाले वाहनों को डायवर्ट रूट से जाने की समस्या से निजात मिलेगी। नेशनल हाईवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया यानी NHAI के अधिकारियों के मुताबिक, ROB के जनवरी के अंतिम सप्ताह तक चालू हो जाने की उम्मीद है। इसके बाद फोरलेन को NHAI को सौंप दिया जाएगा। इसके साथ ही धमौली में बनी टोल प्लाजा को भी शुरू कर दिया जाएगा।



6 सितंबर से डायवर्ट रूटः बिजवनपर रेल ओवरब्रिज के निर्माण के कारण 6 सितंबर से नवादा जाने वाले वाहनों को डायवर्ट रूट से गुजरना पड़ रहा था। इसने यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था। अब 11 दिसंबर से इस समस्या से निजात मिल जाएगी।

2310 करोड़ रुपए की लागत से चल रहा निर्माणः रजौली-बख्तियारपुर के बीच की सड़क को फोरलेन बनाने पर 2,310 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इस परियोजना के तहत कई एलिवेटेड रोड भी बनाए जा रहे हैं, जिनमें गिरियक, बिहारशरीफ, मोरा तालाब, भागन बिगहा, धमौली, वेना और हरनौत शामिल है।

किसानों को होगा फायदाः एनएच-20 के फोरलेन होने से न केवल यातायात सुगम होगा बल्कि किसानों को भी फायदा होगा। वे अपनी उपज को आसानी से बाजार में पहुंचा पाएंगे।

कहां, कितना है एलिवेटेड सड़कः बख्तियारपुर से रजौली की सड़क को फोरलेन बनाने के लिए तीन खंडों में बांटा गया है। दूसरे और तीसरे खंड की कुल लंबाई 98 किलोमीटर है। जबकि, रजौली जंगल के पौने सात किलोमीटर रोड को फर्स्ट पैकेज माना गया है। इसके लिए टेंडर होने के बाद निर्माण शुरू कर दिया गया। लेकिन, केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के किसी तथ्य पर अवरोध के कारण निर्माण पर रोक लगा दी गयी है। यहां एलिवेटेड रोडः1. गिरियक : 2.50 किलोमीटर2. बिहारशरीफ : 2.225 किमी3. मोरा तालाब : 0.4 किमी4. भागन बिगहा : 1.05 किमी5. धमौली : 0.244 किमी6. वेना : 0.725 किमी7. हरनौत : 2.7 किमी है।

आगे की चुनौतियांः हालांकि, रजौली जंगल के पौने सात किलोमीटर रोड के निर्माण में केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की ओर से कुछ बाधाएं आ रही हैं। लेकिन, अधिकारियों का कहना है कि इस समस्या का समाधान जल्द ही निकाल लिया जाएगा।

SSP ने लॉन्च की 20 मोटरसाइकिलों की 'क्विक रिस्पांस टीम'

गया में इस पहल के गिनाए कई फायदे, आपातकालीन स्थिति से लेकर सुरक्षा को करेगा ठोस

निज संवाददाता। गया

अपराधियों पर नकेल कसने और जनता को त्वरित सुरक्षा देने के लिए गया पुलिस ने बड़ा कदम उठाया है। SSP गया ने गुरुवार को 20 मोटरसाइकिलों की 'क्विक रिस्पांस टीम' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह पहल गया को सुरक्षित और अपराध मुक्त बनाने की दिशा में अहम साबित हो सकती है।

इस टीम का मुख्य उद्देश्य आपात स्थितियों में पुलिस की तुरंत पहुंच सुनिश्चित करना है। तंग गलियों और ट्रैफिक से भरे इलाकों में यह मोटरसाइकिल तेजी से पहुंचकर कार्रवाई करेंगी। SSP ने टीम को निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं पर तुरंत प्रतिक्रिया दें और अपराधियों पर सख्ती बरतें।

गया पुलिस का यह कदम न केवल अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई को सुनिश्चित करेगा, बल्कि सुरक्षा योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में भी मदद करेगा। SSP का मानना है कि इस पहल से अपराध पर काबू पाने में बड़ा बदलाव आएगा।

दावा है कि यह पहल गया को सुरक्षित और अपराधमुक्त बनाने की दिशा में अहम साबित हो सकती है। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि इस टीम का मुख्य उद्देश्य आपात स्थितियों में पुलिस की तुरंत पहुंच सुनिश्चित करना है। तंग गलियों और ट्रैफिक से भरे इलाकों में यह मोटरसाइकिलें तेजी से पहुंचकर कार्रवाई करेंगी। SSP ने टीम को निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं पर तुरंत प्रतिक्रिया दें और अपराधियों पर सख्ती बरतें।

राजगीर में ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौत

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के राजगीर थाना क्षेत्र के बन गंगा के पास शुक्रवार को सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई। घटना में एक ट्रैक्टर पलट गया और उसमें सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान सिलाव थाना क्षेत्र के सिलाव डीह पर मुसहरी टोला निवासी कामेश्वर मांझी के बेटे मनोज मांझी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मनोज ट्रैक्टर लेकर नवादा जा रहा था। रास्ते में ट्रैक्टर का आगे का बैरल टूट गया, जिसके कारण वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। जान बचाने के लिए मनोज ट्रैक्टर से कूद गया, लेकिन वह पेड़ से टकराकर सड़क पर गिर गया। इसी बीच पलटे हुए ट्रैक्टर की डाला उसके ऊपर गिर गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में दो अन्य लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं। इस घटना की सूचना जैसे ही परिजनों को मिली परिवार में कोहराम मच गया है। परिवार वालों के चीत्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया। राजगीर थानाध्यक्ष रमन कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले में आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने 30 घंटे में लापता नाबालिग को खोजा, गया में किडनैपिंग की थी FIR

पुलिस बोली-किशोर खुद भागा था, पिता बोले-95 हजार सेंड किए

निज संवाददाता। गया

गया के विष्णुपद थाना क्षेत्र में अपहरण की खबर ने बुधवार को सनसनी फैला दी थी। सूचना थी कि एक 16 वर्षीय छात्र का अपहरण कर फिरौती की मांग की जा रही है। वरीय पुलिस अधीक्षक ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए थे। 30 घंटे के अंदर किशोर को बरामद कर लिया गया। बताया गया कि किशोर खुद घर छोड़कर चला गया था। वो किडनैप नहीं हुआ था। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि नगर पुलिस अधीक्षक और अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई थी। एफएसएल और तकनीकी विशेषज्ञों को भी मौके पर भेजा गया था। विशेष टीम ने सूचना और तकनीकी माध्यमों का इस्तेमाल करते हुए पूरे इलाके को खंगालना शुरू कर दिया। पुलिस की मुस्तैदी रंग लाई। अपहरण की सूचना के 30 घंटे के भीतर लड़के को सकुशल बरामद कर लिया गया। लेकिन मामले ने तब मोड़ लिया जब जांच में सामने आया कि लड़के का कोई अपहरण ही नहीं हुआ था। वह खुद ही घर छोड़ कर चला गया था।

फिरौती की सूचना गलत मिलीः फिरौती की मांग की शुरुआती सूचना गलत पाई गई। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि लड़का घर से क्यों गया था। मामले के सभी पहलुओं पर गहराई से पूछताछ की जा रही है। फिलहाल छात्र पुलिस के कस्टडी में है। उससे पूछताछ व जांच चल रही है। शेरघाटी के रहने वाला छात्र गया के ज्ञान भारती स्कूल में 10वीं का छात्र है। वह कुछ लड़कों के साथ विष्णुपद थाना क्षेत्र में किराए के मकान में रह रहा था। 3 दिसम्बर को वह दोपहर 3 बाद से लापता हो गया था। देर रात उसके फोन से उसके पिता को फोन कर डेढ़ लाख रुपए की फिरौती मांगी गई थी। फिरौती की रकम पेफ़ोन से उसके पेफ़ोन करने की बात कही गई थी।

पिता बोले-95 हजार सेंड किए थेः इसके बाद उसके घर मे अफरा-तफरी सी मच गई थी। अगले दिन छात्र के पिता ने विष्णुपद थाने में केस दर्ज कराया था। पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी। इधर उसका लगातार फोन बंद मिल रहा था। इस बीच बेटे के फोनपे पर 95,000 रुपए भी सेंड कर दिए थे।

बिजली बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं की खैर नहीं

निज संवाददाता। नालंदा

बिहारशरीफ शहर में बिजली विभाग ने बकायेदार उपभोक्ताओं के खिलाफ एक व्यापक अभियान शुरू किया है। विभाग ने स्पष्ट संदेश दिया है कि बिल न चुकाने वालों को किसी भी प्रकार की रियायत नहीं दी जाएगी। वर्तमान में 198 उपभोक्ताओं पर 20 लाख रुपये से अधिक की बकाया राशि है। विभाग ने इन उपभोक्ताओं के लिए एक कठोर कार्रवाई योजना तैयार की है, जिसमें संपत्ति जब्त करना और सर्टिफिकेट केस दर्ज करना शामिल है।

कार्रवाई का विस्तृत रोडमैपः बिजली विभाग ने एक पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई है। पहले उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन काटा जाता है, फिर 15 दिनों का समय दिया जाता है राशि जमा करने के लिए। यदि इस अवधि में भी भुगतान नहीं किया जाता, तो नोटिस जारी किया जाता है। वर्तमान में, बिहार शरीफ शहरी डिवीजन के टाउन-वन और टाउन-टू सब डिविजन में व्यापक कार्रवाई चल रही है। अब तक 144 उपभोक्ताओं के खिलाफ सर्टिफिकेट केस दर्ज किए जा चुके हैं। विकास कुमार, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर ने स्पष्ट किया, "बकायेदारों को तीन और नोटिस दिए जाएंगे। यदि फिर भी भुगतान नहीं किया गया, तो उनकी संपत्ति जब्त कर ली जाएगी।

शिष्य के लिए गुरु कभी विलुप्त नहीं होते, रहते हैं स्मृतियों में

गया। रामानुज मठ में वैकुंठवासी जगद्गुरु राघवाचार्य जी महाराज की मनी नौवीं पुण्यतिथि भास्कर न्यूज| गया शिष्य के लिए गुरु कभी भी विलुप्त नहीं होते। वे स्मृतियों में सदैव रहते हैं। अब उनकी परंपरा का संरक्षण व संवर्धन करना जीवन का उद्देश्य है। आचार्य द्वारा उप निर्देशित संदेशों में गुरु परंपरा के निर्वहन की सीख दी जाती है। हर कार्य गुरु के चरण में अर्पित के बाद ही होते हैं। ये बातें गुरुवार को शहर के रामानुज मठ में वैकुंठवासी स्वामी राघवाचार्य जी महाराज की नौवी पुण्यतिथि सह मठ में विराजमान भगवान श्रीलक्ष्मी नारायण के अन्नकूट महोत्सव में जगद्गुरु स्वामी वेंकटेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने कहीं। उन्होंने बताया कि आज का दिन रामानुज मठ के शिष्यों के लिए विशेष है। इस दिन ही स्वामी राघवाचार्य जी महाराज पावन धरा को छोड़ प्रभु के चरणों में समाहित हो गए थे, लेकिन उनकी प्रतिमूर्ति के रूप में आज भी सारे कार्य विधि-विधान से संपादित हो रहे है। उन्होंने बताया कि पूज्य राघवाचार्य जी महाराज ने गयाजी के लिए काफी उत्तम कार्य किया है। पूरा जीवन उन्होंने गयाजी की संस्कृति, आध्यात्मिकता व यहां की उन्नति के लिए दिया। गयाजी में आज भी इनके द्वारा स्थापित दक्षिणी बिहार का इकलौता आयुर्वेद कॉलेज से छात्र-छात्राएं आयुर्वेद चिकित्सा की शिक्षा ले रहे है। यह गया के लिए आशीर्वाद है। इस पूजन में उत्तरप्रदेश, झारखंड, दिल्ली व राजस्थान से श्रद्धालु शामिल हुए थे। भगवान श्रीलक्ष्मी नारायण का पंचामृत से स्नान अन्नकूट महोत्सव व स्वामी राघवाचार्य जी महाराज की पुण्यतिथि समारोह को लेकर विशेष पूजा का शुभारंभ सुबह से शुरु हुआ। सर्वप्रथम मठ में विराजमान भगवान श्रीलक्ष्मी-नारायण का पंचामृत से स्नान कराया गया।

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना सं. : ईएल-68-24, दिनांक 05.12.2024, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है एवं निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम एवं इसका स्थानः (क)** आसनसोल मंडल-उखरा, गिरिडीह, कालुबथान और चित्तरंजन में शौचालय, डाइनिंग और किचन आदि के साथ प्रत्येक में 06 शय्या वाले नए आरपीएफ बैरक का निर्माण। **(ख)** आसनसोल मंडल - शौचालय, डाइनिंग और किचन के साथ बराचक में 12 शय्या वाले बैरक एवं कटोरिया में 07 शय्या वाले बैरक का नया निर्माण। **निविदा मूल्य :** रु.43,51,899.87, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि :** रु. 87,000/-, **कार्य के लिए समापन अवधि** : 09 माह। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय** : दिनांक 31.12.2024 को 11.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइटः **www. ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। ASN-255/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

ई-निविदा सं. 290_2024-25, दिनांक 05.12.2024, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/(सी), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/ एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी और अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **वरिष्ठ डीईएन/मुख्यालय/हावड़ा** के अधीन। **कार्य का विवरण :** एईएन/मुख्यालय हावड़ा के अधीन (i) हावड़ा-क्षतिग्रस्त एवं जीर्ण-शीर्ण एसी शीट आवास के स्थान में पंजाब लाइन के पास गोलमोहर कॉलोनी में 60 शय्या के अतिरिक्त लेडीज बैरक का निर्माण। (ii) हावड़ा डीजल शेड में इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के रखरखाव हेतु बुनियादी ढाँचे का विकास। (iii) डीप पिट 1-5 पाथवे का विस्तार और परिवहन एवं अन्य अनुषंगी कार्य तथा एसवाईई कोचिंग कॉम्प्लेक्स पिट लाइन 1-5 ट्रैक का विस्तार (iv) एसएसई/डब्ल्यू/ बीएमजी की शाखा में बीएमजी कॉलोनी में आरसीसी रूफ स्लैब, बीम, फ्लोर का नवीनीकरण, इंटीरियर व्हाइट वॉश एवं कलर वॉश तथा क्वार्टरों की टपक रही छत की मरम्मत। **अनुमानित मूल्य :** रु.3,44,07,881.17, **बयाना राशिः** रु. 3,22,000/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु.0.00, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 30.12.2024 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान-ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणीः** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा। HWH-465/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना सं. 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 05.12.2024, वरिष्ठ मंडल अभियंता/I, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं. 1, निविदा सं.: टीएन-202-24-25, कार्य का नामः** वरिष्ठ मंडल अभियंता/1/सियालदह के अधीन नैहाटी और श्यामनगर में नए आरसीसी ओवर हेड टैंक का निर्माण एवं सभी अन्य अनुषंगी कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.6,35,10,785.12, **बयाना राशि :** रु. 4,67,600/-, **कार्य की समापन अवधिः** 18 (अठारह) माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 31.12.2024 को 15.00 बजे। **क्रम सं. 2, निविदा सं.: टीएन-206-24-25, कार्य का नामः** सियालदह मंडल के अधीन विभिन्न आउटस्टेशन पॉइंटों पर सुरक्षा हेतु ईएमयू/एमईएमयू नाइट स्टेबल रेक की जाँच के लिए आलोक व्यवस्था एवं पाथवे। **निविदा मूल्य :** रु.2,38,08,931.09, **बयाना राशि :** रु. 2,69,100/-, **कार्य की समापन अवधिः** 12 (बारह) माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 31.12.2024 को 15.00 बजे। (1) निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइटः **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। (2) **निविदा के खुलने की तिथि और समय** दिनांक 31.12.2024 को 15.30 बजे है। SDAH-264/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

सूचना सं. एसआईजी_डब्ल्यू_5_पॉलिसी, दिनांक 03.12.2024, वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन, ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ. झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **ई-निविदा सं.: एमएलडीटी_एसएनटी_24-25_20 _ओटी, दिनांक 03.12.2024, कार्य का नामः** निम्नलिखित के सिलसिले में एस एंड टी कार्य : (क) मालदा मंडल की आजिमगंज-न्यू फरक्का शाखा में निमतीता-धुलियानगंगा स्टेशनों के बीच किमी 234/7-8 पर एलसी गेट नं. 37/स्पे. के स्थान पर सबवे का निर्माण, (ख) मालदा मंडल की आजिमगंज-न्यू फरक्का शाखा में निमतीता-धुलियानगंगा स्टेशनों के बीच किमी 240/5-6 पर एलसी गेट नं. 44/स्पे. के स्थान पर सबवे का निर्माण, (ग) मालदा मंडल की आजिमगंज-न्यू फरक्का शाखा में निमतीता-धुलियानगंगा स्टेशनों के बीच किमी 237/7-8 पर एलसी गेट नं. 39/स्पे. के स्थान पर सबवे का निर्माण, (घ) मालदा मंडल की आजिमगंज-न्यू फरक्का शाखा में धुलियानगंगा-न्यू फरक्का स्टेशनों के बीच किमी 247/4-5 पर एलसी गेट नं. 53/स्पे. के स्थान पर सबवे का निर्माण, (ङ) मालदा मंडल की आजिमगंज-न्यू फरक्का शाखा में धुलियानगंगा-न्यू फरक्का स्टेशनों के बीच किमी 243/0-1 पर एलसी गेट नं. 47/स्पे. के स्थान पर सबवे का निर्माण, (च) मालदा मंडल की आजिमगंज-न्यू फरक्का शाखा में गनकर-जंगीपुर रोड स्टेशनों के बीच किमी 206/6-7 पर एलसी गेट नं. 20/स्पे. के स्थान पर सबवे का निर्माण, (छ) मालदा मंडल की आजिमगंज-न्यू फरक्का शाखा में महिपाल रोड-मणिग्राम स्टेशनों के बीच किमी 188/4-5 पर एलसी गेट नं. 5/स्पे. के स्थान पर सबवे का निर्माण, (ज) एईएन/साहिबगंज के अधीन 130 किमी प्रतिघंटा तक सेक्शनल स्पीड बढ़ाने के सिलसिले में किमी 260/6-7 पर पैदल यात्री के लिए सबवे का निर्माण । **निविदा मूल्यः** रु.3,89,96,545.19, **बयाना राशिः** रु.3,45,000/- **ई-निविदा जमा देने की तिथि और समय :** दिनांक 11.12.2024 से 25.12.2024 को 11.00 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पटः www.ireps.gov.in और वरिष्ठ डीएसटीई कार्यालय, डीआरएम बिल्डिंग, मालदा।** MLD-158/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

सूचना सं. एसआईजी_डब्ल्यू_5_पॉलिसी, दिनांक 03.12.2024, वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन, ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ. झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **ई-निविदा सं.: एमएलडीटी_एसएनटी_24-25_18 _ओटी, दिनांक 02.12.2024, कार्य का नामः** निम्नलिखित के सिलसिले में एस एंड टी कार्य : (क) मालदा मंडल की भागलपुर-मंदार हिल शाखा में बीएचएलबी-पंजवारा रोड स्टेशनों के बीच किमी 41/14-15 पर एलसी गेट नं. 29 के स्थान पर सबवे का निर्माण, (ख) मालदा मंडल की भागलपुर-जमालपुर शाखा में अकबरनगर-सुलतानगंज स्टेशनों के बीच किमी 325.636 पर एलसी गेट नं. 7 के स्थान पर सबवे का निर्माण, (ग) मालदा मंडल की भागलपुर-जमालपुर शाखा में सुलतानगंज-गनगनिया स्टेशनों के बीच किमी 331.629 पर एलसी गेट नं. 11 के स्थान में सबवे का निर्माण, (घ) मालदा मंडल की भागलपुर-जमालपुर शाखा में आरपीयूआर यार्ड में किमी 351/8-9 पर एलसी गेट नं. 16 के स्थान में सबवे का निर्माण। (ङ) मालदा मंडल की जमालपुर-केईयू शाखा में अभयपुर-कजरा स्टेशनों के बीच किमी 386/4-5 पर एलसी गेट नं. 27/स्पे. के स्थान में सबवे का निर्माण, (च) मालदा मंडल की जमालपुर-केईयू शाखा में अभयपुर-कजरा स्टेशनों के बीच किमी 382/6-7 पर एलसी गेट नं. 26 के स्थान में सबवे का निर्माण, (छ) मालदा मंडल की जमालपुर-केईयू शाखा में धनौरी-केईयू स्टेशनों के बीच किमी 400/0-1 पर एलसी गेट नं. 34/स्पे. के स्थान में सबवे का निर्माण, (ज) मालदा मंडल की जमालपुर-केईयू शाखा में जमालपुर-दशरथपुर स्टेशनों के बीच किमी 362/7-8 पर एलसी गेट न. 17/स्पे. के स्थान में सबवे का निर्माण, (झ) मालदा मंडल की भागलपुर-जमालपुर शाखा में जमालपुर-दशरथपुर स्टेशनों के बीच किमी 361/6-7 पर एलसी गेट नं. 16/स्पे. के स्थान में सबवे का निर्माण, (ञ) मालदा मंडल की जमालपुर-केईयू शाखा में मसुदन-अभयपुर स्टेशनों के बीच किमी 377/9-378/0 पर एलसी गेट नं. 23 के स्थान में सबवे का निर्माण,(ट) मालदा मंडल की साहिबगंज-भागलपु शाखा में विक्रमशिला-शिवनारायणपुर स्टेशनों के बीच किमी 266/4-5 पर एलसी गेट नं. 5 के स्थान में सबवे का निर्माण, (ठ) मालदा मंडल की साहिबगंज-भागलपुर शाखा में घोघा-एलएलएम स्टेशनों के बीच किमी 286/5-6 पर एलसी गेट नं. 8/स्पे. के स्थान में सबवे का निर्माण, (ड) मालदा मंडल की भागलपुर-जमालपुर शाखा में नाथनगर-अकबरनगर स्टेशनों के बीच किमी 314/9-315/0 पर एलसी गेट नं. 2ए के स्थान में सबवे का निर्माण, (ढ) मालदा मंडल की भागलपुर-जमालपुर शाखा में नाथनगर-अकबरनगर स्टेशनों के बीच किमी 316/7-8 पर एलसी गेट नं. 2 के स्थान में सबवे का निर्माण, (ण) एईएन/साहिबगंज के अधीन 130 किमी प्रतिघंटा तक सेक्शनल स्पीड बढ़ाने के सिलसिले में किमी 242/5-7 पर पैदल यात्री के लिए सबवे का निर्माण । **निविदा मूल्यः** रु.3,88,37,444.72, **बयाना राशिः** रु.3,44,200/- **ई-निविदा जमा देने की तिथि और समय :** दिनांक 10.12.2024 से 24.12.2024 को 11.00 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पटः www.ireps.gov.in** और वरिष्ठ डीएसटीई कार्यालय, डीआरएम बिल्डिंग, मालदा। MLD-156/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

समृद्ध ओडिशा के संकल्प की सिद्धि के लिए ₹ 6400 करोड़

से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात

3 नई रेल लाइनों

- बांगिरिपोषि – गोरुमाहिषानी
- बुढ़ामरा – चाकुलिया
- बादामपाहाड़ – केन्दुझरगढ़

एवं

- जनजातीय अनुसंधान एवं विकास केंद्र, रायरंगपुर
- दान्डबोस हवाई अड्डा रायरंगपुर
- उपमंडल अस्पताल रायरंगपुर

(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)

का शिलान्यास

श्रीमती द्रौपदी मुर्मु

भारत की माननीय राष्ट्रपति

के कर कमलों द्वारा

07 दिसम्बर, 2024 बांगिरिपोषि, ओडिशा

लाभ

नई रेल लाइनें

- क्षेत्र के विकास के साथ रोजगार के अधिक अवसर
- ओडिशा के मयूरभंज और केन्दुझरगढ़ जिलों में नये रेल संपर्क
- खनिज समृद्ध क्षेत्रों से कच्चे माल का आसान परिवहन

दान्डबोस हवाई अड्डा

- भारत सरकार के उड़े देश का आम नागरिक (उड़ान) योजना के तहत हवाई-संपर्क
- अर्थव्यवस्था और पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा

जनजातीय अनुसंधान एवं विकास केंद्र

- 'आदिवासी जीवन शैली, व्यवहार, जीवन और आजीविका, विरासत और संस्कृति' आदि के सभी पहलुओं पर शोध अध्ययन, विचार-मंथन और चर्चा
- प्रौद्योगिकी और आर्थिक गतिविधि की ओर उन्मुख कौशल प्रशिक्षण और उद्यमिता विकास केंद्र के रूप में कार्य

उप-मंडल अस्पताल

- स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार
- गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल, बुनियादी ढाँचे में सुधार

गरिमामयी उपस्थिति

रघुवर दास
राज्यपाल, ओडिशा

मोहन चरण माझी
मुख्यमंत्री, ओडिशा

अश्विनी वैष्णव
केन्द्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

जुएल ओराम
केन्द्रीय जनजातीय मामले राज्य मंत्री

डॉ. कृष्ण चंद्र महापात्र
आवास एवं शहरी विकास, सार्वजनिक उद्यम मंत्री, ओडिशा सरकार

गणेश राम सिंहखुंटिया
वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन और श्रम एवं कर्मचारी राज्य बीमा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ओडिशा सरकार

ममता मोहंता
संसद सदस्य, राज्य सभा

नव चरण माझी
संसद सदस्य, लोक सभा

संजली मुर्मु
विधायक, बांगिरिपोषि

DD NEWS पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखें

फॉलो करें: /RailMinIndia

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

संक्षिप्त समाचार

प्रखंड मुख्यालय कैंपस से मुखिया की बाइक हुई चोरी

कोचस (रोहतास) (नि.सं.)। गुरुवार की दोपहर को कोचस प्रखंड मुख्यालय के कैंपस मे खड़ी मुखिया प्रतिनिधि की स्प्लेंडर बाइक को अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली है। घटना के बारे में बताया जाता है कि कंजर पंचायत के मुखिया ददन सिंह अपने स्प्लेंडर बाइक जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 24 एजी 3919 से निजी कार्य हेतु कोचस प्रखंड मुख्यालय गए थे, जहां पहले से घात लगाए अज्ञात चोरों ने बाइक चुरा भागने में सफल रहे। जब उन्होंने अपना कार्य कर घर लौट के लिए बाइक के पास गए तो देखा कि बाइक खड़ी जगह से गायब है। तभी उन्होंने इस घटना की शिकायत लिखित आवेदन के माध्यम से स्थानीय थाने को दी। वही प्रभारी थाना अध्यक्ष विजय कुमार बैठा ने बताया कि पुलिस मुखिया प्रतिनिधि ददन सिंह ने थाने मे लिखित आवेदन दे अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कराई है, जहां पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों को चिन्हित करने में जुट गई है।

अंबेडकर महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि

कोचस (रोहतास) (नि.सं.)। स्थानीय नगर पंचायत के वार्ड नंबर 3 स्थित पोखरे पर स्थापित की गई मूर्ति पर स्थानीय नेता तथा समाज सेवियों ने बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर गोष्टी का आयोजन कर उनके मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। आयोजित गोष्ठी का अध्यक्षता बाल योगेश्वर पासवान ने की तथा संचालन धर्मेंद्र पासवान ने की। गोष्ठी में उपस्थित वक्ता कांग्रेस नेता मुन्ना पासवान ने कहा कि सामाजिक समानता, न्याय और अधिकार की भावना पर आधारित बाबा साहेब का संविधान ही देशवासियों का सबसे शक्तिशाली औजार है और इसकी रक्षा के लिए मैं हमेशा प्रतिबद्ध हूं। उन्होंने यह भी कहा कि बाबा साहब ने देश ही नहीं पूरे विश्व में भारतीय संविधान का लोहा मनवाया। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र दुबे ने कहा कि बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने देश में संविधान निर्माण कर हर नागरिक को समान अधिकार दिए। हम मजबूती से संविधान के ध्वजवाहक बन कर उसकी रक्षा करेंगे यही बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर मुरारी ठाकुर, संजय पासवान, छोटेलाल पासवान, मुन्ना पाल, गोपाल पाल इत्यादि लोग मौजूद थे।

पुलिस ने मिनी गन फैक्ट्री का किया खुलासा

मुंगेर (नि.सं.)। मुंगेर मे गंगा पार दियारा क्षेत्र में अवैध हथियार निर्माण की गुप्त सूचना पर एसपी के निर्देश पर सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में मुफस्सिल थाना की पुलिस ने गंगा पार तौफिर देवी दियारा में छापेमारी की। जहां दियारा में संचालित मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन करते हुए अर्द्धनिर्मित हथियार के अलावा काफी मात्रा में हथियार बनाने का उपकरण पुलिस ने जब्त किया। पुलिस ने 09 बेस मशीन, 14 अर्द्धनिर्मित पिस्टल, 04 पूर्ण निर्मित मैगजीन, 04 अर्द्धनिर्मित मैगजीन, 02 ड्रील मशीन, 04 मोबाइल सहित कई उपकरण पुलिस ने जब्त किया। इस दरम्यान फूस की झोपड़ी में हथियार बनाते 04 धंधेबाज को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार सभी हथियार निर्माण कारीगर मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत मिर्जापुर बरदह के निवासी बताए जाते हैं। गिरफ्तार चारो कारीगर हथियार निर्माण में पहले से जुटे थे। सभी पूर्व में भी आर्म्स एक्ट मामले में जेल जा चुके हैं। इस मामले मे एसपी सैयद इमरान मसूद ने बताया कि गिरफ्तार कारीगरों से पूछताछ में पता चला है कि अर्द्धनिर्मित पिस्तौल को फाइनल टच देने के लिए गंगापार दियारा लाया गया था। कुछ दिन पूर्व जेल से बेल पर निकलने के बाद हाल ही में चारो हथियार कारीगरों ने देवी दियारा में आग्नेयास्त्र निर्माण का काम शुरू किया था।अवैध हथियार के कारोबार पर रोक के लिए स्पेशल आर्म्स सेल का गठन किया गया है। पकड़ाए कारीगरों से पूछताछ के बाद पुलिस अनुसंधान में यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि अर्द्धनिर्मित हथियार कहां से आया था और फाइनल टच के बाद किसे सप्लाई किया जाना था।

मुफस्सिल थाने के मालखाने से भारी संख्या में हथियार और गोली गायब

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

जिले से एक ऐसी खबर सामने आई है जिसने पुलिस की सक्रियता पर हीं सवाल खड़ा कर दिया है। जिला मुख्यालय सासाराम के नए यातायात थाने में स्थित मुफस्सिल थाने के मालखाने में हीं चोरों ने एक भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया है और भारी संख्या में असलहों के साथ अन्य सामान लूट ले गए। बताया जाता है कि सासाराम यातायात थाना परिसर में पूर्व से हीं सासाराम मुफस्सिल थाने का एक मालखाना अवस्थित है, जिसमें बाहर से दरवाजे पर ताला लगाया गया था, लेकिन चोर खिड़की के रास्ते कमरे में प्रवेश कर गए और एक बड़े बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे गए काफी संख्या में हथियार व गोली लेकर फरार हो गए। वहीं इस पूरे मामले का खुलासा तब हुआ जब सेवानिवृत्त पुलिस अवर निरीक्षक वीरेश सिंह मालखाना प्रभार सौंपने के लिए थाने पहुंचे। उन्होंने जब मालखाना का दरवाजा खोला तो देखा कि कमरे के बाहर खुलने वाली एक खिड़की का ग्रील तथा अंदर रखे बक्से का ताला टूटा हुआ है और उसमें रखे सभी हथियार व गोली गायब है। जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय नगर थाने, मुफस्सिल थाने एवं रोहतास पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार को दी। इधर घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे सदर डीएसपी वन दिलीप कुमार ने घटनास्थल का मुआयना किया तथा संबंधित अधिकारियों को मालखाने के सभी प्रदर्श का मिलान करने हेतु निर्देशित किया। हालांकि इस पूरे मामले में अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई गई है। जिससे पूरा मामला पेचीदा प्रतीत होता है।बता दें कि शहर के नए यातायात थाने में हीं पूर्व में सासाराम मुफस्सिल थाना संचालित होता था और जब अमरा तालाब में मुफस्सिल थाने का अपना भवन तैयार हो गया तो थाने को वहां शिफ्ट कर दिया गया लेकिन अभी तक मालखाने को वहां शिफ्ट नहीं किया जा सका। जिसके बाद अब मालखाने से चोरी की घटना सामने आई है।वहीं इस पूरे मामले में सदर डीएसपी वन दिलीप कुमार ने कहा कि पूरे मामले में गहनता से जांच चल रही है और जांच के पश्चात हीं मामले में अग्रतर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने चोरी की घटना को हीं सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त वीरेश सिंह द्वारा मालखाने का रिपोर्ट अद्यतन नहीं होने के कारण प्रभार नहीं दिया गया है। मुफस्सिल थाना प्रभारी द्वारा भी रिपोर्ट को अद्यतन कराया गया था। लेकिन फिर भी इनके द्वारा प्रभार नहीं सौंपा गया। उन्होंने कहा कि न्यायालय के आदेश पर सेवानिवृत्त वीरेश सिंह मालखाना का प्रभार देने आए हुए थे, लेकिन बिना रजिस्टर के मिलान के हीं इनके द्वारा फोटो खींचकर प्रदर्श के गायब होने की जानकारी फैला दी गई। चोरी की घटना के सवाल पर उन्होंने कहा कि मालखाने की चाभी वीरेश सिंह के पास थी इसलिए जब तक सारे डॉक्यूमेंट वेरीफाई नहीं होते तब तक कुछ भी नहीं कहा जा सकता। एसपी ने कहा कि पूरे मामले की जांच हो रही है और कुछ भी सामने आता है तो मामले में प्राथमिकी दर्ज कार्यवाही की जाएगी। सासाराम यातायात थाना परिसर स्थित मालखाने से इतनी बड़ी संख्या में हथियार एवं अन्य सामानों की हुई चोरी ने जिले के पुलिस पदाधिकारीयों के होश उड़ा दिए है। यातायात थाना परिसर में लगभग 20 से 30 की संख्या में पुलिसकर्मी 24 घंटे मौजूद रहते हैं लेकिन बावजूद इसके किसी को भनक तक नहीं लगी। जबकि यातायात थाने का ऑफिस, पुलिस कर्मियों का कमरा एवं मालखाना एक दूसरे से सटा हुआ है। सेवानिवृत पुलिस अवर निरीक्षक वीरेश सिंह का कहना है कि वे 31 जनवरी 2023 को हीं सेवानिवृत्त हो चुके हैं और लगभग 2 वर्षों से माल खाने का प्रभार सौंपने के लिए पुलिस के आला अधिकारियों सहित मुफस्सिल थाना प्रभारी से गुहार लगा रहे हैं। लेकिन अब तक उनसे प्रभार नहीं लिया गया है और थक-हार कर वे कोर्ट की शरण में गए हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 से 2021 तक मुफस्सिल थाने में पदस्थापित थे और इसी दौरान उन्हें मालखाने का प्रभार मिला था, लेकिन इसके बाद उनकी पोस्टिंग दावथ थाने में कर दी गई और सासाराम टोल प्लाजा पर पोस्टिंग के दौरान वे सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्ति पुलिस अवर निरीक्षक वीरेश सिंह सिवान जिले के आलापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पचरुखी गांव के निवासी हैं और फिलहाल उनका 2 साल से पेंशन भी बंद है।

परिनिर्वाण दिवस पर एसपी जैन कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित



निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर एसपी जैन कॉलेज में व्याख्यान का आयोजन किया गयाव्याख्यान का विषय संविधान सभा में प्रवेश के लिए डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का संघर्ष को रखा गया था। इस व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर अविनाश कुमार, विभाग अध्यक्ष इतिहास विभाग पटना कॉलेज आमंत्रित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ प्रोफेसर नवीन कुमार ने की। स्वागत भाषण डॉ राम प्रकाश शर्मा ने किया। कार्यक्रम का संचालन प्रेम प्रभात विभाग अध्यक्ष इतिहास विभाग एसपी जैन कॉलेज ने किया। डॉ अलाउद्दीन अजीजी ने बाबा साहेब के संविधान निर्माण में योगदान का उल्लेख किया। वहीं डॉ राजेंद्र प्रसाद सिंह ने डॉ आंबेडकर के तीन गुरु बुद्ध, कबीर और ज्योतिबा फुले का अंबेडकर के जीवन पर प्रभाव का उल्लेख किया। उनकी लाइब्रेरी में 35000 किताबें थी। डॉ शिवकुमार रविदास ने बाबा साहेब के आर्थिक विचारों को सामने रखा। वहीं धन्यवाद ज्ञापन डॉ विकास कुमार ने किया। बाबा साहेब के सम्मान में एक कविता प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उर्दू विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ इनामुल हक इतिहास विभाग के शिक्षक संगीता कुशवाहा, डॉ संजय कुमार, मनोविज्ञान विभाग के डॉ शशि कला कुमारी, दर्शन शास्त्र के डॉक्टर सतीश कुमार, शिक्षा विभाग के डॉ अरविंद कुमार, डॉ उमेश तिवारी, डॉ कंचन कुमारी, रंजय रेड्डी, अशोक कुमार, अभिषेक रंजन और भारी संख्या में विद्यार्थी भी मौजूद रहे।

राजेंद्र प्रसाद सिंह ने डॉ आंबेडकर के तीन गुरु बुद्ध, कबीर और ज्योतिबा फुले थे।

युवा महिलाओं की भागीदारी विषय पर लाइब्रेरी सभागार में हुई परिचर्चा

निज संवाददाता | कोचस (रोहतास)

युवा महिला हर क्षेत्र में अग्रणी देखने को मिल रही है। बहुत सारी महिलाएं विभिन्न कार्य क्षेत्र मे चढ़ बढ़कर हिस्सा ले रही है तथा अपने अधिकार को छीन अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रही है। युवा महिलाओं की विभिन्न क्षेत्रों में भागीदारी बिषय पर परिचर्चा यहां लाईब्रेरी सभागार में शुक्रवार को आयोजित हुई। जिसमें शामिल छात्राओं ने अपनी अपनी विचार को रखा। जिसमें मुख्य रूप से छात्रा नेहा कुमारी ने कहा कि वह ज़माना अब लद गया ।अब महिलाएं घुंघट के ओट से बाहर निकल आयी है तथा पुरुष समाज के पेश चुनौती को स्वीकार रहीं हैं। इसके साथ ही अपने वर्तमान व भविष्य का निर्णय स्वयं लेती है।अपना मुकाम महिलाओं ने अपने आप तय कर पुरुष प्रधान समाज को चुनौती देने के काबिल अपने बल पर खूद को बनायी है।यही कारण है कि आज महिलाओं से कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं रह गया है। महिलाएं राष्ट्रपति पद से लेकर प्रधानमंत्री पद को सुशोभित कर रही है।यही नहीं यूं कहा जाए तो देश के सीमाओं को निगरानी करने के साथ ही आकाश, पृथ्वी, नभ में भी झंडा गाड़ बुलंदी का परचम लहरा रही है। इसके साथ ही अन्य छात्राओं ने बखूबी अपना विचार रखीं तथा कहा कि आज के परिवेश में महिलाएं पुरुषों से कंधा से कंधा मिलाकर देश के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रही है। छात्राओं ने अन्य छात्राओं के लिए संदेश दिया कि घर के चाहारदिवारी में कैद न होकर शिक्षा रूपी अस्त्र-शस्त्र धारण कर एक योग्य नागरिक बनकर समाज देश का उत्थान करें। अध्यक्षता नीतू कुमारी ने किया। मौके पर दीक्षा कुमारी, गीता कुमारी,कित्ती, शुभांगी कुमारी, मुन्ना कुमार पांडेय, डॉ अनिल कुमार सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

महाप्रबंधक ने मुख्यालय हाजीपुर में डॉ. भीमराव अंबेडकर को किया नमन

निज संवाददाता |हाजीपुर (वैशाली)

पूर्व मध्य रेल मुख्यालय में आज भारतीय संविधान के निर्माता और समाज सुधारक 'भारत रत्न' बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस बड़े श्रद्धा भाव से मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस कार्यक्रम में अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, अन्य अधिकारीगण और कर्मचारीगण भी उपस्थित थे और उन्होंने भी डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। साथ ही, पूर्व मध्य रेल अनुसूचित जाति/जनजाति यूनियन/एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण ने भी डॉ. अंबेडकर के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया।

बिहार मुख्यमंत्री गरीबों के हितैषी : शीला मंडल

निज संवाददाता | कोचस (रोहतास)

शुक्रवार को परिवहन मंत्री शीला मंडल ने गांधी चौक से बिहार राज्य पथ परिवहन के बस को हरी झंडी दिखाकर पटना के लिए रवाना किया। मंत्री बिहार सरकार शीला मंडल ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गरीबों के हितैषी है। उनकी तमाम योजनाएं गरीबों को देखकर बनायी जाती है। वे सभी वर्गो धर्म समुदाय के जनमानस को साथ लेकर चलने में विश्वास करते हैं। मंत्री यहां एक कार्यक्रम के दौरान बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के बसों को हरी झंडी दिखाने के बाद बसों को पटना रवाना करने के बाद आम नागरिकों को संबोधित करते हुए शुक्रवार को कहीं। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के तहत एक योजना गरीबों के हितों को देखकर बनायी गयी है। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि आप इस बस को लेकर बांस बन सकते है। जिसमें पांच लाख का सब्सिडी दी जाती है। उन्होंने कहा पिछड़े अल्पसंख्यक अनु जाति, जन जाति एवं तमाम गरीबों को 50 प्रतिशत आरक्षण देकर गरीबों को त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में जिला पार्षद, प्रमुख, मुखिया से लेकर अन्य पदों पर बैठाने के साथ ही कुर्सी देने का कार्य किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री तमाम कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य मुख्यमंत्री ने किया। उन्होंने कहा कि आज बिहार कई विकसित राज्यों को टक्कर दे रहा है। कार्यक्रम के पूर्व उन्होंने महापुरुषों के प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। जिसमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, संविधान शिल्पकार बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर, उप प्रधानमंत्री सह गृह मंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल के प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। मंत्री द्वारा बस परिचालन शुरू कराने की पूर्व में घोषणा की गयी थी।चार परिवहन विभाग के बसों के परिचालन से आम नागरिकों में खुशी देखी गयी। लोगों ने मंत्री को साधुवाद दिया।बस परिचालन का समय सारिणी कोचस से सुबह 630 बजे व पटना से 330 में वापस लौटेगी। अप डाउन बस की व्यवस्था के साथ चार बसों को मुहैया कराया गया है। इस दौरान राजेंद्र प्रभाकर, खेदन प्रसाद सिंह, हुसैन अंसारी, महेंद्र सिंह, सच्चिदा गांधी, वैश्य अध्यक्ष उमेश गुप्ता, जग नारायण सिंह,राम बशिष्ठ पांडेय मुन्ना मिश्रा, राजेंद्र तिवारी, राजेंद्र कुशवाहा आदि।

आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस आधारित ड्रग डिस्कवरी पर कार्यशाला का आयोजन

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नारायण इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी ने गत बुधवार को "कृत्रिम बुद्धिमत्ता के साथ ड्रग डिस्कवरी को गति देना" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. रजनीश कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर, फार्मास्युटिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी विभाग, आईआईटी बीएचयू, वाराणसी थे। कार्यशाला की शुरुआत डॉ. रजनीश द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस) और मॉलिक्यूलर डॉकिंग के परिचय से हुई। उन्होंने बताया कि आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस तकनीक दवा खोज प्रक्रिया को किस प्रकार तेज और प्रभावी बना सकती है। उन्होंने फार्मास्युटिकल अनुसंधान में आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस के उपयोग, इसके लाभ, और संभावनाओं पर अपने व्यावहारिक अनुभव साझा किए। कार्यशाला को दो सत्रों में विभाजित किया गया था। पहले सत्र में ड्रग डिस्कवरी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण दिया गया। दूसरे सत्र में कंप्यूटर-एडेड ड्रग डिज़ाइन तकनीक का उपयोग कर मॉलिक्यूलर डॉकिंग का प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।इस आयोजन में 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें विभिन्न कॉलेजों के पीजी और पीएचडी के छात्र-छात्राओं के साथ संकाय सदस्य भी शामिल थे। कार्यशाला ने फार्मेसी के क्षेत्र में नवाचार और नवीनतम तकनीकों को सीखने का एक प्रभावी मंच प्रदान किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. महेंद्र कुमार सिंह और प्रतिकुलपति प्रो. डॉ. जगदीश सिंह ने मुख्य वक्ता के तौर पर प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने भविष्य में ऐसे शैक्षणिक और शोध केंद्रित आयोजनों को बढ़ावा देने की बात कही। संस्थान के संकाय प्रमुख प्रो. डॉ.धर्मेंद्र कुमार ने कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए डॉ. रजनीश कुमार और आयोजन समिति को धन्यवाद दिया। मंच संचालन कमर निगार द्वारा किया गया जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रो. डॉ.ललितेश्वर प्रताप सिंह ने प्रस्तुत किया। यह कार्यशाला फार्मास्युटिकल अनुसंधान के क्षेत्र में तकनीकी प्रगति और नवाचार को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में जिला परिषद की हुई बैठक

निज संवाददाता | नवादा

जिला परिषद अध्यक्षा पुष्पा देवी की अध्यक्षता में जिला परिषद, नवादा के सभाकक्ष में जिला परिषद की सामान्य बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम गत बैठक की सम्पुष्टि की गई। विभिन्न एजेंडों पर बारी-बारी से विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। 15वीं वित्त आयोग एवं षष्टम राज्य वित्त आयोग अन्तर्गत जिला परिषद, नवादा द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा की गयी। पकरीबरावॉ डाकबंगला जिला परिषद का जीर्णोद्धार एवं उनके अहाते में विवाह मवन का निर्माण कार्य के बारे में, कौआकोल डाकबंगला जिला परिषद का जीर्णोद्वार एवं सौन्दर्याकरण, डाकबंगला नं0-02 के परिसर विकसित, सौन्दर्यीकरण एवं पुराने भवन जो जर्जर स्थिति में है, तोड़कर नया बनाने का कार्यों के बारे में, जिला परिषद के सैरात के विकास पर विचार विमर्श, षष्टम एवं पंचम राज वित्त आयोग के भुगतान पर विचार विमर्श, रजौली बस स्टैण्ड एवं दैनिक चुंगी को स्थानीय प्रशासन द्वारा बंद कराने के बाद जिला परिषद की हो रही राजस्व की क्षति पर विचार विमर्श, षष्टम राज्य वित्त आयोग से प्राप्त टाईड मद की राशि खर्च करने पर विचार विमर्श, चौदह प्रखण्डों में जिला परिषद, की आय बढ़ाने हेतु दुकान, बस स्टैण्ड एवं मैरेज हॉल बनाने पर विचार विमर्श, जिला परिषद, के विकास कार्य में तेजी लाने हेतु प्रत्येक जिला परिषद, निर्वाचन क्षेत्र में पंचायत तकनीकी सहायक से कार्य लेने हेतु विचार विमर्श किया गया। जिला परिषद के सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से जिला परिषद की भूमि का सीमांकन करने हेतु संविदा के आधार पर अमिन एवं चैनमैन को रखे जाने का निर्णय लिया गया। जिला परिषद कार्यालय के पीछे नया कार्यालय भवन बनाने का निर्णय लिया गया। जिला परिषद के सदस्यों ने कहा कि षष्टम राज्य वित्त आयोग में प्राप्त राशि से डाकबंगला परिसर के अहाते में कौआकोल/पकरीबरावां एवं नवादा में मैरेज हॉल निर्माण कराया जाय। षष्टम राज्य वित्त आयोग एवं पंचम राज्य वित्त आयोग वित्तीय वर्ष-2023-24 में प्राप्त रशि का अनुमोदन किया गया। जिला पंचायत विकासात्मक योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 पर विचार-विमर्श किया गया। नवादा सदर में जिला परिषद की भूमि पर अवस्थित नगर भवन के विकास पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में विधान पार्षद नवादा, विधायक/विधायिका, सभी निर्वाचित सदस्य जिला परिषद नवादा, सभी पंचायत समिति, प्रमुख नवादा जिला के साथ-साथ विभागीय पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

सात दिवसीय व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम की हुई शुरुआत

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

मशरूम उत्पादन को बढ़ावा देने एवं इस कार्य के माध्यम से किसानों की आय वृद्धि के उद्देश्य से नारायण कृषि विज्ञान संस्थान, जमुहार के पादप रोग विज्ञान विभाग के तत्वावधान में सात दिवसीय व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत आज की गई। मशरूम उत्पादन प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक के रूप में मेरठ से आए डॉक्टर गोपाल प्रसाद सिंह ने आज दो सत्रों में बिहार एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न संस्थाओं एवं क्षेत्र से आए हुए प्रशिक्षणार्थियों को अपने व्याख्यान का लाभ प्रदान किया। कार्यक्रम में प्रशिक्षु के तौर पर आए किसानों एवं छात्रों को संबोधित करते हुए संस्थान के प्रति कुलपति प्रोफेसर जगदीश सिंह ने मशरूम के पोषक तत्वों के बारे में अवगत कराया तथा इसके राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में हो रहे उत्पादन एवं महत्व पर प्रकाश डाला। देव मंगल मेमोरियल ट्रस्ट के सचिव गोविंद नारायण सिंह ने मशरूम को औद्योगिक स्तर प्रदान करने एवं बाजार में इसकी मांग के अनुरुप उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर गोपाल प्रसाद सिंह ने विभिन्न प्रकार के मशरूम और उनके उत्पादन के विधियों से अवगत कराया तथा 7 दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में व्यावहारिक प्रशिक्षण पर बल प्रदान किया।

अभ्यर्थियों के साथ प्रदर्शन कर रहे खान सर को पुलिस ने लिया हिरासत में

निज संवाददाता | पटना

अभ्यर्थियों के साथ प्रदर्शन कर रहे बिहार के लोकप्रिय शिक्षक खान सर को पुलिस ने शुक्रवार देर शाम हिरासत में लिया। जिसके बाद उन्हें गर्दनीबाग थाने में रखा गया है। खान सर के साथ छात्र नेता दिलीप को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। दोनों को हिरासत में लिए जाने से अभ्यर्थियों की नाराजगी बढ़ गई है। खान सर ने सख्त लहजे में कहा कि प्रशासन हमलोग पर लाठीचार्ज करे, जेल ले जाए लेकिन जब तक नॉर्मलाइजेशन वापस नहीं लिए जायेगा तब तक हम लोग शांत नहीं बैठेंगे। हम लोग अनिश्चित कालीन धरना देंगे। इस दौरान खान सर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि अभ्यर्थियों की मांग को जायज बताया। उन्होंने कहा कि फॉर्म भरने के समय भी उन्हें परेशानी हुई थी। फॉर्म भरने की आखिरी तिथि के दो-तीन दिन पहले से सर्वर डाउन हो गया था। इस वजह से करीब 80 हजार अभ्यर्थी फॉर्म ही नहीं भर पाए उनके लिए भी अलग से व्यवस्था की जाए।

महाप्रबंधक ने की आरओबी के प्रगति की समीक्षा

निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली)

मुख्यालय, हाजीपुर में पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने आज एक उच्चस्तरीय बैठक में पथ निर्माण विभाग (बिहार) के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह तथा बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड एवं बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अधिकारी के साथ बिहार राज्य में निर्माणाधीन/प्रस्तावित सड़क ऊपरी पुल (आरओबी) की कार्य प्रगति/अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। बैठक में बिहार राज्य के पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार में निर्माणाधीन/प्रस्तावित आर.ओ.बी. पर विस्तृत चर्चा हुई। पूर्व मध्य रेल के अपर महापबंधक अमरेन्द्र कुमार एवं अन्य विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड और बिहार राज्य रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा बिहार राज्य में पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार में 28 ओर.ओ.बी. के लिए एमओयू पर सहमति हुई है। इनमें से 17 समपार पर निर्माण कार्य की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। इसके अलावा 14 समपार फाटकों पर एप्रोच रोड बनाया जाना है, जिसका वर्क एवार्ड भी कर दिया गया है। इनमें से 05 आरओबी पर एप्रोच का कार्य पूरा किया जा चुका है जबकि शेष 09 पर कार्य जारी है। आर.ओ.बी. का निर्माण से संरक्षित रेल परिचालन एवं सुगम सड़क यातायात को सुनिश्चित होगा।

भारत सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, नई दिल्ली- 110003

सं.01/01/2022-पी.III

विज्ञापन-वापसी

विज्ञापन संख्या 01/01/2022-पी.III दिनांक 24.12.2024 जिसके द्वारा भारतीय प्राणी सर्वेक्षण में वैज्ञानिक 'सी' के तीन (03) पदों (पद संख्या 15-17/सी/जेडएसआई) और भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण में वैज्ञानिक 'सी' के एक (01) पद (पद संख्या 27/सी/बीएसआई) को सीधी भर्ती के आधार पर भरे जाने के लिए दिनांक 24.12.2024 के रोजगार समाचार में प्रकाशित किया गया था, को विज्ञापन संख्या 01/01/2022-पी.III में यथा-उल्लेखित सामान्य निर्देश, आवश्यक सूचना और स्पष्टीकरण के खंड 19 (क) के प्रावधानों के अनुसार वापस लिया गया समझा जाए। यह सभी संबंधितों की जानकारी के लिए है।

हस्ता/-
(सत्य प्रकाश)
अवर सचिव (पी.III)

CBC - 13101/11/0011/2425

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

संक्षिप्त समाचार

जनसमस्याओं से रूबरू हुए विधायक

कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)। बाबा साहब की पुण्यतिथि समारोह में शामिल होने कौआकोल प्रखण्ड मुख्यालय पहुंचे स्थानीय राजद विधायक मोहम्मद कामरान ने लोगों से मुलाकात कर जनसमस्याओं से रूबरू हुए। उन्होंने कई लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनकर समाधान का आश्वासन दिया। सोखोदेवरा गांव में काफी दिनों से जले पड़े कृषि ट्रांसफार्मर को कार्यपालक अभियन्ता से बात कर शीघ्र बदलने का निर्देश दिया। वहीं विधायक के समक्ष लालपुर गांव एक टोला में सड़क का निर्माण नहीं होने की शिकायत दर्ज कराई। जिस पर विधायक ने आश्वासन दिया कि बहुत जल्द ही सड़क निर्माण हो जाएगा और जब तक सड़क नहीं बनेगा,वे वोट मांगने नहीं आएंगे। एक महिला ने भी विधायक के समक्ष आपबीती सुनाई,जिस पर उन्होंने निजी तौर पर आर्थिक सहायता राशि प्रदान किया। विधायक मोहम्मद कामरान ने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। मौके पर मौजूद बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार से भी उन्होंने प्रखण्ड के विकास में सकारात्मक सहयोग करने की अपील किया।

छात्र-छात्राओं की लाइट की मांग

रजौली (नवादा) (नि.सं.)। नगर पंचायत मुख्यालय स्थित इंटर विद्यालय के मैदान में प्रतिदिन सुबह के 4 बजे से लेकर रात्रि के 8 बजे तक सैकड़ों छात्र-छात्राएं बिहार पुलिस, एसएससी जीडी, अग्निवीर एवं आर्मी समेत अन्य प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर फिजिकल की तैयारी में जुटे हुए हैं। ठंड के मौसम में सूर्य का देर से उगता है एवं शाम को जल्द ही अस्त हो जाता है। इससे तैयारी में जुटे छात्र-छात्राओं को अंधेरे में 4500 मीटर,1600 मीटर व 100 मीटर की रेस दौड़ने, गोला फेंकने, ऊंची कूद व लंबी कूद के अलावे अन्य प्रकार की तैयारियों में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इंटर विद्यालय के मैदान के पश्चिम दिशा में बैठने की व्यवस्था तो की गई है, परन्तु लाइट की कोई व्यवस्था नहीं है। जबकि विधानसभा व लोकसभा चुनाव के अलावे अन्य जरूरी कार्यक्रमों में इस मैदान का उपयोग प्रशासन के द्वारा किया जाता है, किन्तु मैदान में व्याप्त अंधेरे को दूर करने की पहल अबतक नहीं की गई है। मैदान में लाइट लगवाने को लेकर छात्र-छात्राओं ने इंटर विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार तरुण से शिकायत किया, तो उन्हें नगर पंचायत कार्यालय में अपनी बात रखने को कहा गया। वहीं फिजिकल परीक्षा की तैयारी में जुटे दर्जनों छात्र-छात्राओं द्वारा नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी राजेश को लिखित आवेदन देकर मैदान में लाइट लगाने की मांग की गई है। बताते चलें कि सुबह और शाम नगर पंचायत के अलावे आसपास के गांवों के सैकड़ों लोग सेहतमंद रहने के लिए रोजाना हाथों में मोबाइल के फ़्लैश जलाकर टहलते व दौड़ते नजर आते हैं। इस बाबत नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी राजेश ने बताया कि अभी नगर पंचायत के पास फंड की कमी है। फंड आने पर बोर्ड की बैठक में दो हाईमास्ट लाइट लगवाने के प्रयास किया जाएगा।

सात लोग गिरफ्तार, भेजे गए जेल

रजौली (नवादा) (नि.सं.)। थाना क्षेत्र में मोबाइल स्नैचिंग, कुर्की, शराब व खनन मामले में कुल सात लोगों को पुलिस बलों ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि दो माह पूर्व मोबाइल स्नैचिंग मामले में एक युवक को पीएसआई रौशन कुमार ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार यवुक की पहचान मेसकौर थाना क्षेत्र के ढोढ़रा गांव निवासी सत्येन्द्र चौधरी के पुत्र राजीव कुमार के रूप में हुई है। वहीं मारपीट के केस में न्यायालय द्वारा निर्गत कुर्की के आदेश का पालन करने गए पुलिस बलों ने अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार यवुक की पहचान टकुआटांड़ निवासी प्रदीप कुमार सिन्हा के पुत्र राकेश कुमार के रूप में हुई है। वहीं दूसरी ओर शराब निर्माण में जुटे दो लोगों उपरटण्डा मोहल्ला निवासी हीरा चौधरी उर्फ पहलवान एवं हीरा चौधरी के पुत्र राजेश कुमार को गिरफ्तार किया गया था। साथ ही जांच चौकी पर अवैध चालान के साथ तीन ट्रक चालकों कोडरमा जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव निवासी दामोदर सिंधी के पुत्र रंजीत कुमार व बंगाई गांव निवासी स्व बनवारी शर्मा के पुत्र देव नारायण एवं वैशाली जिले के विदुपुर थाना क्षेत्र के खिलवत गांव निवासी नंदकिशोर महतो के पुत्र राजेश महतो को गिरफ्तार किया गया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि शुक्रवार को सभी गिरफ्तार लोगों का स्वास्थ्य जांच अनुमंडलीय अस्पताल में करवाया गया एवं न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

बाबा साहब का मनाया गया पुण्यतिथि

नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)। बाबा भीम राव अम्बेडकर का महानिर्वाण दिवस शुक्रवार को ग्राम कचहरी नारदीगंज में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। अध्यक्षता सरपंच प्रवेश रविदास ने की। इस दौरान लोगों ने बाबा साहेब के तैलचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। सरपंच ने कहा बाबा साहेब का जीवन चुनौतियों से भरा हुआ था। वे फिर भी शिक्षा हासिल कर दुनिया का सबसे अच्छा संविधान दिया। उनके बताए गए मार्ग पर चलने से राष्ट्र, समाज का विकास सम्भव है। मौके पर राधा देवी, रेखा देवी, राजो रविदास, रंजीत रविदास, कारा मांझी समेत अन्य लोग हिस्सा लिया।

रणविजय को मिलेगा पंचायत पुरस्कार

नारदीगंज (नवादा) (नि. सं.)। बिहार सरकार, पंचायती राज विभाग के राज्य पंचायत संसाधन केंद्र, बिहार ग्राम स्वराज योजना सोसाइटी के द्वारा राष्ट्रीय पंचायत पुरुस्कार समारोह 2024 आयोजित किया गया है।यह कार्यक्रम आगामी 11 दिसम्बर 2024 को विज्ञान भवन नई दिल्ली में होगा।आयोजित कार्यक्रम में सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) में बेहतर कार्य करने वाले पंचायत प्रतिनिधियों को अवार्ड व सम्मानित किया जाएगा। इसी कड़ी में नारदीगंज पंचायत के मुखिया रणविजय पासवान को आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।इस बाबत परियोजना निदेशक आनन्दी शर्मा ने सम्बंधित विभाग व पंचायत प्रतिनिधियों को पत्र प्रषित किया है।

शिकायतों के निवारण में दें सर्वोच्च प्राथमिकता : डीएम

» पदाधिकारी से बात कर अविलंब निष्पादन के लिए निर्देश दिये एवं सभी शिकायतकर्ता को समस्या सामाधान के लिए आश्वासन दिये।

निज संवाददाता | नवादा



जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने समाहरणालय सभागार में साप्ताहिक जनता दरवार का आयोजन किये। जनता दरबार में लगभग 34 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से आधे से अधिक आवेदनों को ऑन स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। आज मुख्य रूप से भूमि विवाद, प्रधानमंत्री आवास योजना, आपसी विवाद, मनरेगा, आपूर्ति, हर घर नल का जल, चापाकल, विद्युत आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने सभी आवेदकों से बारी-बारी से उनकी समस्याओं को सुना और त्वरित निष्पादन करने का आश्वासन दिये। जनता दरबार में प्रखंड-हिसुआ, पो0-सिसवां, ग्राम-अरियन के द्वारा मनरेगा में अनियमितता के संबंध में, प्रखंड-रोह, पो0-रूपौ, ग्राम-कसमारा के आनन्द प्रकाश द्वारा लोहिया स्वच्छता अभियान के संबंध मे, प्रखंड-नारदीगंज, पंचायत-ननौरा, ग्राम-वरियो का खुशी देवी द्वारा इंदिरा आवास के संबंध में, थाना-पकरीबरावां, कबीर कुटिया धेवधा मंदिर के महंथ परमानंद दास द्वारा चापाकल मरम्मति के संबंध में, जिला-नालंदा, थाना-सरमेरा, ग्राम-ससौर के शैलेन्द्र कुमार द्वारा सेवा विस्तार के संबंध में अपनी-अपनी समस्या से संबंधित आवेदन समपिर्त किया गया। जिलाधिकारी ने आवेदनों को गहराई से देखा और सुना। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी से बात कर अविलंब निष्पादन के लिए निर्देश दिये एवं सभी शिकायतकर्ता को समस्या सामाधान के लिए आश्वासन दिये। संबंधित पदाधिकारी को जिलाधिकारी ने सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शिकायतों का निपटारा हेतु निर्देश दिया। जनता दरबार में गोपनीय प्रभारी राजीव कुमार, प्रभारी जिला जन शिकायत कोषांग मनोज कुमार, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी प्रतिभा कुमारी के साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

आवास निर्माण एवं स्वच्छता में लाएं तेजी लाने को लेकर बीडीओ ने की बैठक

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

प्रखण्ड कार्यालय में शुक्रवार को बीडीओ संजीव झा के नेतृत्व में ग्राम पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव व आवास सहायकों के साथ एक बैठक की गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभुकों को जल्द से जल्द आवास निर्माण करवाने व पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता कार्यक्रम में तेजी लाना था। बीडीओ ने बताया कि बैठक में आवास सहायकों से पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे आवास निर्माण कार्यों की प्रगति का जानकारी लिया गया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अपूर्ण कार्यो को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने तथा नवीन स्वीकृत आवासो का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं ग्राम पंचायतों में शौचालयों का निर्माण करना, कचरे का सुरक्षित निपटान करना, निर्मित सुविधाओं का संचालन और रखरखाव करना, ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर ध्यान देना, समुदाय प्रबंधित पर्यावरणीय स्वच्छता पद्धति विकसित करना, गांवों में कचरा उठाव करना एवं गांव की गली-गली की नाली की सफ़ाई करना आदि महत्वपूर्ण विषयों को लेकर बीडीओ ने बैठक में उपस्थित कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए।इस दौरान आवास पर्यवेक्षक चन्दन कुमार, हरदिया ग्राम पंचायत के मुखिया पिन्टू साव के अलावे अन्य दर्जनों लोग मौजूद रहे।

द बिहार टीचर्स हिस्ट्री मेकर्स' छठे स्थापना दिवस पर ट्रस्ट के रूप में हुआ निबंधन

निज संवाददाता | पटना/नवादा

'द बिहार टीचर्स हिस्ट्री मेकर्स' संपूर्ण बिहार से सरकारी विद्यालयों के नवाचारी शिक्षकों का ऑनलाइन शिक्षण प्रदान करने वाला सबसे बड़ा मंच है। प्रत्येक वर्ष 4 दिसंबर को टीबीटी का स्थापना दिवस मनाया जाता है जो कि इस बार बेली रोड में मुख्यमंत्री आवास के निकट स्थित माननीय सभापति, बिहार विधान परिषद,अवधेश नारायण सिंह के सरकारी आवास पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस छठे स्थापना दिवस के अवसर पर समूह को ट्रस्ट के रूप में निबंधित करने का बड़ा कदम उठाया गया। जिसमें सेटलर के रूप में डॉक्टर कुमार गौरव एवं दस ट्रस्टी को नामित किया गया वहीं पैट्रान अभिभावक सदस्य के रूप में ग्यारह बड़ी हस्तियां एवं शिक्षाविदों का आशीर्वाद लिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि ऑनलाइन के साथ-साथ ऑफलाइन शिक्षा एवं सभी प्रकार के सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर इन शिक्षकों को तैयार किया जाएगा और इस कार्य में गतिशीलता लाने के लिए सर्वसम्मति एवं अभिभावक सदस्यों के निर्णय के आधार पर राष्ट्रीय स्तर पर एक आंतरिक समिति का भी गठन किया गया। इस समिति के संयोजक के रूप में डॉ.कुमार गौरव व राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में डॉ.कुमार मदन मोहन को निर्वाचित किया गया। इसके अलावे उपाध्यक्ष क्रमशः मो. जियाउल होदा एवं रश्मि वाला वर्णवाल सचिव के रूप में रजनीश कुमार उपसचिव धर्मेंद्र कुमार, डॉ राम सज्जन सिंह एवं राजन कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार एवं मीडिया प्रभारी सह प्रवक्ता के रूप में डॉ.शिवकुमार प्रसाद एवं रीता कुमारी का निर्वाचन किया गया। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को अभिभावक सदस्यों के द्वारा सम्मानित किया गया एवं अपने पद व दायित्व को निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने हेतु शपथ दिलाया गया। अभिभावक सदस्यों में माननीय सभापति डॉ. अवधेश नारायण सिंह महान गणितज्ञ एवं पूर्व कुलपति, नालंदा खुला विश्वविद्यालय, पटना विश्वविद्यालय एवं मगध विश्वविद्यालय के.सी. सिन्हा सर आर्यभट्ट विश्वविद्यालय के पूर्व डीन डॉ. ज्ञानदेव मणी त्रिपाठी,पटना लॉ कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) प्रो वाणी भूषण सर समस्तीपुर ट्रेनिंग कॉलेज के पूर्व प्राचार्य तेज नारायण प्रसाद पूर्व विभागाध्यक्ष एससीईआरटी, पटना की वीर कुमारी कुजूर, पूर्व निदेशक एससीईआरटी, डॉ.एस ए मोईन सर, प्राध्यापक, कॉमर्स कॉलेज पटना प्रोफेसर संतोष कुमार व मैथमेटिकल सोसायटी के संयोजक विजय कुमार सर, बीके चौधरी निदेशक, सीआईडी, बिहार में से अधिकांश की उपस्थिति इस स्थापना दिवस समारोह में बनी रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे माननीय सभापति बिहार विधान परिषद अवधेश नारायण सिंह ने कहा कि समाज के अग्रिम पंक्ति में खड़े ये शिक्षक अब और भी खुलकर समाज, संस्कृति और राष्ट्र के निर्माण में अपना अधिकतम योगदान कर सकेंगे ये समूह एक इतिहास बनाएगा जो सभी समाज एवं राज्यों के लिए अनुकरणीय होगा। अभिभावक सदस्यों के द्वारा नवनिर्वाचित समिति के पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

एसडीपीओ ने अनुमंडल के सभी थानाध्यक्षों के साथ की क्राइम मीटिंग, दिए आवश्यक निर्देश

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

अनुमंडल कार्यालय स्थित एसडीपीओ गुलशन कुमार ने गुरुवार को सभागार में अनुमंडल के सभी थानाध्यक्षों के साथ क्राइम मीटिंग की। इस दौरान रजौली सर्किल इंस्पेक्टर अब्दलु गफ्फार एवं हिसुआ सर्किल इंस्पेक्टर धीरेंद्र कुमार मौजूद रहे। एसडीपीओ ने बताया कि मासिक आपराधिक गोष्ठी का आयोजन किया गया है। लंबित कांडों का निष्पादन, फरारी, वारंटी समेत अन्य कांडों को त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया गया है। बैठक में एसडीपीओ ने सभी थानाध्यक्षों को अपराधियों के गिरफ्तारी एवं इलाके में अपराध कम करने को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिए। एसडीपीओ ने आयोजित क्राइम मीटिंग में थानाध्यक्ष को बारी-बारी से संबंधित थाना के लंबित मामले के निष्पादन का रिपोर्ट लिया। इस अवसर पर सभी थानाध्यक्षों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके अलावा लंबित मामले के निष्पादन को लेकर तेजी लाने की बात कही। साथ ही फरार वारंटी एवं इलाके में अपराध नियंत्रण को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में थानाध्यक्षों से कहा कि किसी भी शर्त पर इलाके में पुलिस की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी एवं शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शराब माफियाओं के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भी सतर्कता बरतने सहित शांतिपूर्वक चुनाव को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में रजौली थानाध्यक्ष राजेश कुमार, सिरदला थानाध्यक्ष संजीत राम, अकबरपुर प्रभारी थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी संतोष कुमार पासवान सहित कई अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन पखवाड़ा के बारे में दी गयी जानकारी

निज संवाददाता | नवादा

जिला अंतर्गत सदर प्रखण्ड में क्रेच सह पालना 04 का उद्घाटन जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस द्वारा किया गया। नवादा जिला के रोह प्रखण्ड में अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन पखवाड़ा, बाल विवाह मुक्त भारत तथा नई चेतना जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध अभियान के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जेंडर, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013, घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम, 2005 पर जिला मिशन समन्वयक हिना तबासुम, जिला समन्वयक उड़ान परियोजना इब्राना नाज ने चर्चा की। उसके बाद महिलाओं को जेंडर हिंसा संबंधित शॉर्ट फिल्म दिखाई गई और फिर महिलाओं के बीच कबड्डी प्रतियोगिता कराई गई।

मुखिया पति को मिला धमकी, प्रशासन से लगाईं सुरक्षा की गुहार

निज संवाददाता | (राजपुर) रोहतास

राजपुर पंचायत के मुखिया रंजू देवी ने थाना को लिखित आवेदन दे अपने पति सह मुखिया प्रतिनिधि सतीश कुमार सिंह सहित परिवार की जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। मुखिया द्वारा थाना को दिए गए आवेदन में कहा गया है कि गत गुरुवार की रात 10-8 से 11-42तक मेरे मोबाइल संख्या 9771809703 पर दस काल आया था।सुबह शुक्रवार को उस नम्बर पर काल किया तो उधर से बोला गया कि तुम अपने मोबाइल पर मैसेज चेक कर लो नेट आन कर मैसेज देखा तो मोबाइल संख्या 7033935876 से दस मैसेज आया था। जिसमें मेरे पति सह मुखिया प्रतिनिधि सतीश कुमार सिंह को जान से मारने की धमकी दी गई है। मोबाइल पर लिखे गए मैसेज से मेरा पुरा परिवार सदमे सहमा हुआ है। इसके पहले भी मेरे पति को धमकी दी जा चुकी है।मैसेज का पुरा डिटेल पुलिस प्रशासन दे दिया गया है। पुलिस प्रशासन तत्काल उक्त मोबाइल नम्बर की जांच कर कानूनी कार्रवाई करे। राजपुर थानाध्यक्ष शशि भूषण कुमार ने कहा कि मुखिया द्वारा दिए आवेदन पर सनहा दर्ज कर धमकी भरा मैसेज भेजने वाले की खोज में पुलिस जुटी हुई है। बहुत जल्द ही उद्भेदन कर कानूनी कार्रवाई की जाएंगी।

गिट्टी लदा हाईवा ट्रक बाइक को बचाने के चक्कर में हुआ दुर्घटनाग्रस्त, चालक घायल

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



थाना क्षेत्र के अदलबिगहा मोड़ स्थित टोल प्लाजा के समीप शुक्रवार की दोपहर गिट्टी लदा हाईवा ट्रक एक बाइक को बचाने के दौरान डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया एवं हाईवा ट्रक का डीजल टैंक व अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घायल हाईवा ट्रक चालक को एनएचएआई के एम्बुलेंस द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। वहीं सड़क दुर्घटना की खबर मिलते ही थाने के पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंच दुर्घटनाग्रस्त हाईवा ट्रक संख्या बीआर52पी5441 को सड़क से हटाकर किनारे लगवाया गया है। ताकि यातायात सुचारू रूप से हो सके। वहीं अनुमंडलीय अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. निवेदिता नंदिनी ने बताई कि घायल चालक की पहचान गोविंदपुर थाना क्षेत्र के कुदरुचक गांव निवासी नरेश यादव के पुत्र सुरेंद्र यादव के रूप में हुई है। चिकित्सक ने बताया कि घायल के सिर में चार टांके पड़ा है एवं हाथ व अन्य हिस्सों में चोटें आई है। घायल चालक का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में कर जरूरी सुई व दवाइयां दी गई है। वहीं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल हाईवा चालक का इलाज अस्पताल में किया जा रहा है। इसके अलावे सड़क दुर्घटना में किसी प्रकार की हताहत नहीं हुई है। साथ ही बताया कि पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।

विधायक ने किया अंबेदकर भवन निर्माण एवं पार्क का सौंदर्यीकरण करने का घोषणा

निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)

भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव अंबेदकर की 68वीं पुण्यतिथि शुक्रवार को कौआकोल प्रखण्ड में विभिन्न स्थानों पर मनाई गई। महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाए जाने वाले बाबा साहब के पुण्यतिथि कार्यक्रम में लोगों ने उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। मुख्य कार्यक्रम प्रखण्ड मुख्यालय परिसर अवस्थित अम्बेदकर पार्क में अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कर्मचारी/गैर कर्मचारी संघ के बैनर तले आयोजित हुआ। जहाँ संघ के अध्यक्ष ब्रहमदेव रविदास की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने बाबा साहब को याद किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय राजद विधायक मोहम्मद कामरान मौजूद रहे। बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद लोगों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता, भारत रत्न,विश्व विभूति डा. अंबेदकर केवल एक जाति वर्ग के नहीं बल्कि पूरे मानव जाति के लिए प्रेरणा श्रोत हैं। आज हमलोगों को उनके बताये मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। इस अवसर पर उन्होंने अपने विधायक फंड से अंबेदकर भवन निर्माण करने एवं निजी वेतन की राशि से अंबेदकर पार्क का सौंदर्यीकरण करने का घोषणा किया। कार्यक्रम के दौरान भारत की संविधान का प्रस्तावना पढ़कर शपथ लिया गया तथा एक मिनट का मौन रखकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। मौके पर बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार, राजद के प्रखंड अध्यक्ष कैलाश प्रसाद यादव, युवा अध्यक्ष कुन्दन कुमार, सुरेश सोरेन, जितेंद्र मांझी, संतोष रविदास, बिरेन्द्र दास, अशोक पासवान, सिधेश्वर पासवान, रेखा कुमारी आदि ने भी बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

बाबा साहब के परिनिर्माण दिवस पर डीएम ने किया पुष्पांजलि

निज संवाददाता | नवादा

जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के द्वारा बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर अम्बेडकर पुस्कालय में बाबा साहेब के आदम कद प्रतिमा पर माल्यर्पण किया। यह कार्यक्रम अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी संघ के तत्वावधान में आयोजन किया गया। मौके पर जिला प्रशासन नवादा से मनोज कुमार जिला बंदोबस्त पदाधिकारी, गौरव शंकर भूमि सुधार उपसमाहर्ता नवादा सदर, राजीव कुमार, वरीय उप समाहर्त्ता, नवादा कार्यपालक दंडाधिकारी, नवादा मौके पर रामविलाश दास कार्यकारी अध्यक्ष, बालमुकुंद कुमार, अजीत कुमार, संतोष कुमार, बरुण कुमार, गोपाल शरण, चंद्रिका मोची, कृष्णदेव दास, राजकिशोर राज, बिजय कुमार, उमेश कुमार, पिंकी कुमारी, बिजेंद्र कुमार, अशोक दास, गनौरी रविदास आदि उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

चालक को बाइक सवारों ने मारी गोली

आरा| बिहिया बुधवार की रात तिलक समारोह से गांव वापस आ रहे जिप के चालक को बिहिया थाना क्षेत्र के झौवा गांव के पास बाइक पर सवार दो आरोपियों ने जिप के चालक को गोलीमार मार दिया। आरोपियों ने लूटपाट के नियत से चालक को गोली मारी थी। गोली लगने के बाद भी चालक ने 3 किलोमीटर तक आरोपियों से बचने के लिए गाड़ी चलाता रहा।गोली से घायल जिप का चालक धोबहा थाना क्षेत्र के हेमतपुर गांव के निवासी संतोष सिंह है। संतोष सिंह को एक गोली दाहिने साइड पेट में लगी है। लगभग तीन किलोमीटर चलने के बाद जब चालक की स्थिति बिगड़ने लगी तो उन्हें ने गाड़ी रोक कर गोली लगने की बात गाड़ी में बैठे लोगों को बताया। जिसके बाद संतोष को इलाज के लिये आरा के बाबू बजार स्थित डॉक्टर विकास सिंह के क्लिनिक में लाया गया। जहां संतोष का इलाज चल रहा है।

कामाख्या-आनंद विहार स्पेशल की अवधी में विस्तार

आरा| रेलवे विभाग द्वारा यात्रियों की सुविधा व अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए 02525/26 कामाख्या-आनंद विहार-कामाख्या स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार किया गया है। इसकी जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने दी। उन्होंने बताया कि कामाख्या से आनंद विहार के लिए चलाई जा रही स्पेशल ट्रेन के परिचालन में दोनों तरफ से चार फेरे के लिए वृद्धि की गई है। जिसका ठहराव आरा बक्सर दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन सहित कई स्टेशनों पर है। कामाख्या-आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन के परिचालन 27 दिसंबर तक प्रत्येक शुक्रवार को व आनंद विहार टर्मिनल-कामाख्या एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन के परिचालन 29 दिसंबर तक प्रत्येक रविवार को किया जाएगा।

आंखों में स्प्रे मारकर कार सवार महिलाओं से गहने और नकद लूटे

बक्सर| गुरुवार की शाम नगर थाना क्षेत्र के गोलंबर के समीप बाइक सवार अपराधियों ने गहने और नकद की लूट की। जानकारी के मुताबिक बलिहार गांव के राजेश सिंह परिजनों के साथ गहनों की खरीदारी के लिए शहर आए थे। जमुना चौक स्थित आर के ज्वेलर्स से शादी के लिए आभूषण की खरीदारी कर गांव लौट रहे थे। कार में उनके साथ घर की दो महिलाएं भी थीं। गोलंबर पर बाइक सवार दो युवका उनके कार को रोककर कहने लगे कि उनकी गाड़ी से मोबिल गिर रहा है। मोबिल देखने के लिए कार से जैसे ही नीचे उतरे, तबतक बाइक सवार युवकों ने सबकी आंखों में स्प्रे छिड़क दिया। इसके बाद अपराधियों ने महिलाओं के हाथ से गहने और पैसों का पर्स ले भागे। बताया जा रहा है कि करीब 90 हजार नगदी और 50 हजार के गहने उचक्कों ने लूट लिया है। टाउन थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की स्थिति पर जताई चिंता

बक्सर। पूर्व आईआरएस अधिकारी और भाजपा के वरिष्ठ नेता बिनोद कुमार चौबे ने बांग्लादेश में हिंदू और अन्य अल्पसंख्यकों की बिगड़ती स्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि भारत के विभाजन के बाद से बांग्लादेश, जिसे पहले पूर्वी पाकिस्तान के नाम से जाना जाता था, में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा और अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं। विशेष रूप से शेख हसीना के शासनकाल में स्थिति स्थिर रही, लेकिन उनके बाद से कट्टरपंथी ताकतों ने देश की कमान संभाल ली है। पूर्व आईआरएस अधिकारी ने बताया कि इन कट्टरपंथी समूहों का प्रमुख लक्ष्य हिंदू समुदाय और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यक हैं। परिणामस्वरूप, बांग्लादेश में दंगे, हत्या, मूर्तियों और मंदिरों को तोड़ने की घटनाओं से एक भय का माहौल व्याप्त हो गया है। उन्होंने बांग्लादेश के हिंदू समुदाय से एकजुट होकर अपनी सुरक्षा के लिए एक अलग राष्ट्र बनाने की मांग करने की बात कही। चौबे ने कहा कि बांग्लादेश की आर्थिक व्यवस्था पूरी तरह से भारत पर निर्भर है, और देश की अवशिष्ट अर्थव्यवस्था अवैध प्रवासियों के बल पर चल रही है। उन्होंने भारत सरकार से आग्रह किया कि अब समय आ गया है जब बांग्लादेश को कड़े कदमों का सामना करना पड़े। साथ ही, उन्होंने बांग्लादेश में रह रहे अवैध प्रवासियों और रोहिंग्याओं को भारत से बाहर करने की बात की।

जिला नियोजनालय में रोजगार शिविर सात को

बक्सर। जिला नियोजनालय में सात दिसंबर को मेगा रोजगार मेला लगेगा। जिला नियोजन पदाधिकारी अनीश तिवारी ने बताया कि सुबह 10 बजे से जिला नियोजनालय में रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। रोजगार मेले में 33 निजी कंपनियां भाग ले रही है। नौकरी पाने के लिए कम से कम आठवीं पास होना अनिवार्य है। जिला नियोजन पदाधिकारी ने सभी से अपील की है कि जिले के सभी बेरोजगार युवक इस मेले का लाभ अवश्य उठाएं। यदि किसी युवक को वर्तमान में रोजगार नहीं करना है तो वह भी इस मेले में आकर विभागीय स्टॉल एवं जिला उद्योग केन्द्र, जीविका, डीआरसीसी इत्यादि के द्वारा लगाये गये स्टॉल पर आकर उनके द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले का उद्देश्य जिले के बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार दिलाना है। इसके लिए कई प्रकार के कार्यक्रम भी जिला नियोजनालय के द्वारा चलाए जा रहे हैं। इन्ही कार्यक्रमों में से एक है रोजगार मेला। इसमें राज्य के बाहर की कंपनियां भी आएंगी तथा आकर्षक वेतन पर जिले के बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराएंगी।

गड़हनी सब-डिवीजन में बिजली बकायादारों के खिलाफ अधिकारियों ने शुरू की सख्त कार्रवाई

आरा। जगदीशपुर विद्युत आपूर्ति प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता और विद्युत आपूर्ति अंचल भोजपुर के वरीय प्रबंधक (राजस्व) के नेतृत्व में गड़हनी सबडिवीजन में बड़ी छापेमारी एवं उपभोक्ता संवाद हुआ। छापेमारी का मुख्य उद्देश्य बिजली बकायादारों से बकाया वसूली और विद्युत चोरी पर रोक लगाना था। नहसी गांव में तीन उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया।

उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई। आठ पर भारी बकाया होने के कारण बिजली कनेक्शन काटे गए। उपभोक्ताओं को सलाह दी गई कि वे अपनी बकाया राशि का कम से कम 30% भुगतान कर आपूर्ति बहाल करवा सकते हैं। सहायक अभियंता (गड़हनी) और कनीय विद्युत अभियंता (गड़हनी) की पहल पर15 खराब मीटरों को बदला गया। कार्यपालक अभियंता राकेश चौधरी और वरीय प्रबंधक (राजस्व) नंदन सिंह ने उपभोक्ताओं और बिजली वितरण कंपनी (डिस्कॉम) के अधिकारियों के बीच संवाद किया। उन्होंने उपभोक्ताओं की समस्याओं को समझने और उन्हें प्रभावी तरीके से हल करने का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने लाइनमैन, मीटर रीडिंग कर्मचारियों और अन्य अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सहायक अभियंता (एईई) और कनीय अभियंता (जेईई) के सहयोग से उपभोक्ताओं की समस्याओं का समयबद्ध और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करें। इस दौरान नंदन सिंह ने बताया कि अगर उपभोक्ता स्मार्ट मीटर लगाते तो उनको एक बार में भुगतान अथवा अधिक बकाए की स्थिति उत्पन्न नहीं होती और विपत्रीकरण में किसी प्रकार का त्रुटि भी नहीं होता।

सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की मनी पुण्यतिथि, दी श्रद्धांजलि

बक्सर। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के संस्थापक सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की प्रथम पुण्यतिथि कैम्प कार्यालय मुसाफिरगंज मे मनाई गई। उक्त अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा की पुनीत सिंह ने कहा की सुखदेव सिंह का जीवन राष्ट्र हित समाज हित हिंदू हित के लिए समर्पित रहा। जो राष्ट्र विरोधियों को रास नहीं आया। जिला संयोजक तेजप्रताप सिंह ने कहा की सुखदेव सिंह गोगामेड़ी व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचार बन चुके थे। व्यक्ति मर सकता है विचार नहीं। आज हजारों लोग उनके विचारों पर चलने के लिए तैयार है। कार्यक्रम का अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष गणेश सिंह तथा संचालन जिला मंत्री संतोष सिंह ने किया। कार्यक्रम मे जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, चंद्र भूषण सिंह, सूर्य प्रकाश सिंह, अमित सिंह, मनोज सिंह, सतेंद्र सिंह, राज कुमार सिंह, राजेश सिंह, दीपक सिंह, गुड्डू सिंह, चन्दन सिंह आदि उपस्थित थे।

सड़क हादसे में यूपी निवासी चालक की मौत

निज संवाददाता | आरा

- ट्रक से समान लेकर भोजपुर आए थे, टायर फटने से डिवाइडर से टकराया वाहन

आरा-बक्सर नेशनल हाईवे पर शाहपुर थाना क्षेत्र के कन्हैली गांव स्थित ओवरब्रिज के पास गुरुवार को ट्रक का टायर फटने से यूपी निवासी ट्रक चालक की मौत हो गई। इलाज के लिए शाहपुर रेफरल अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। मृतक उत्तर प्रदेश के जालौन जिला के आटा थाना क्षेत्र के पांडेयपुर गांव निवासी आसाराम यादव का 35 वर्षीय पुत्र कमल सिंह है एवं वह पेशे से ट्रक चालक था। इधर मृतक का चचेरा भाई राजू यादव ने बताया कि वह बलिया जिला में रहकर प्राइवेट स्कूल में शिक्षक है। कमल सिंह अपना ट्रक पर सम्मान लोड कर पांडेयपुर से भोजपुर आया था। इसी बीच कन्हैली गांव स्थित ओवर ब्रिज के समीप उसके ही ट्रक का टायर अचानक ब्लास्ट कर गया। ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा उसे इलाज के लिए शाहपुर रेफरल अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सक ने देख से मृत घोषित कर दिया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना शाहपुर थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर शाहपुर थानाध्यक्ष कुमार रजनी कांत शाहपुर अस्पताल पहुंचे और मृतक के पॉकेट से मिले आधार कार्ड व मोबाइल फोन में रहे नंबर के द्वारा पहचान कर इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। परिजनों ने इसकी सूचना उन्हें दी। सूचना पाकर वह शाहपुर पहुंचा। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम सदस्य अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने चार भाई व चार बहन में छोटा था। उसके परिवार में मां रामकली देवी,पत्नी अभिलाषा देवी व दो पुत्र अंश एवं गुब्बो है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतक की मां रामकली देवी,पत्नी अभिलाषा देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो रोकर बुरा हाल है।

सड़क हादसे में जीजा–साला जख्मी

निज संवाददाता | आरा

- आरा में दोनों बाइक से रिश्तेदार के घर से घूमकर जा रहे थे घर, वाहन ने मारी टक्कर

आरा-जमीरा मुख्य मार्ग पर भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा गांव में गुरुवार को अज्ञात वाहन ने बाइक सवार जीजा-साला को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। परिजन द्वारा दोनो को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। वहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों की हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया है। जख्मियों में संदेश थाना क्षेत्र के अखगांव गांव निवासी सीताराम प्रसाद का 26 वर्षीय पुत्र दीपू कुमार एवं पटना जिला के मनेर थाना क्षेत्र के मनेर गांव निवासी सुचित प्रसाद का 25 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार है एवं दोनों रिश्ते में जीजा-साला लगते है। इधर, जख्मियों के परिजन ने बताया कि दीपू कुमार और चंदन कुमार दोनों अपने रिश्तेदार के घर जमीरा गांव आए हुए थे। चंदन कुमार अपने जीजा दीपू कुमार के साथ अखगांव जा रहा था। उसी दौरान जमीरा गांव में ही विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात वाहन सामने से जोरदार टक्कर मार दी। दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें इलाज के आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों की हालत को चिंताजनक देखकर पटना रेफर कर दिया गया है। ऑन ड्यूटी चिकित्सक ने बताया कि दीपू को काफी गंभीर चोट आई है। चंदन को भी शरीर के कई जगहों पर चोट आई है, लेकिन उसकी हालत ठीक है। जबकि दीपू कुमार की हालत काफी नाजुक बनी हुई है। दोनों इमरजेंसी वार्ड में प्राथमिक उपचार कर दिया गया है। बेहतर इलाज के लिए दोनों को पटना रेफर किया गया है।

ससुराल में कुंडी से लटका मिला शख्स का शव

निज संवाददाता | आरा

आरा के टाउन थाना क्षेत्र के हवेली मस्जिद वलीगंज मोहल्ले में शुक्रवार को ससुराल में कुंडी से लटका एक शख्स का शव बरामद हुआ है। परिजन ने उसके ससुराल वालों पर ही फांसी लगाकर उसे मारने का आरोप लगाया है। बताया गया कि शख्स की पत्नी का उसके मौसेरे भाई से अफेयर था। इसी को लेकर अक्सर विवाद होता रहता था। मृतक टाउन थाना क्षेत्र के धरहरा चौकी निवासी मो.अब्दुल रशीद का 36 वर्षीय पुत्र मो.वसीम है। वह पेशे से मजदूर था। बड़े भाई मो.शमीम ने बताया कि उसके भाई की शादी साल 2016 में नसरीन से हुई थी। उसका एक मौसी का बेटा है, जिससे नसरीन का अफेयर था और वह बराबर घर पर आता जाता था। जब उन्हें शक हुआ तो लड़ाई-झगड़ा हुआ। मां ने उससे कहा कि उस लड़की से क्यों शादी की अब उधर ही जाकर रहो। इसके बाद 2016 से ही उसका भाई मो.वसीम अपने ससुराल वलीगंज हवेली मस्जिद में ही रहता था। जब कभी वह अपनी मां से मुलाकात करने के लिए आता तो उसकी पत्नी नसरीन अपनी मौसी के लड़के महबूब और अन्य लोगों के साथ आती और लड़ाई-झगड़ा करती। गुरुवार की रात जब वह अपनी दुकान पर था। तभी उसे सूचना मिली कि उसके भाई ने फांसी लगा ली है। सूचना पाकर जब वह उसके ससुराल पहुंचा तो उसने देखा कि वह रूम में छत की कुंडी से गले में गमछा बांधे लटका हुआ है। उसका एक पैर जमीन पर और एक पैर ऊपर है। इसके बाद उसने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया।

कमांडर चालक को गोली मारने के मामले में प्राथमिकी दर्ज

- तिलक में सट्टा पर गाड़ी बुक कर गए थे, हमलावरों ने मारी थी गोली; 5 के खिलाफ केस दर्ज

निज संवाददाता | आरा

भोजपुर के बिहिया थाना क्षेत्र के झौवां एवं डुमरिया गांव के बीच बुधवार की मध्य रात्रि सवार हथियारबंद अपराधियों ने तिलक समारोह से लौट रहे चलती गाड़ी में चालक को गोली मारे जाने के मामले में प्राथमिकी करा दी गई है। जख्मी चालक के बयान पर बिहिया थाना में दो बाइक पर सवार पांच अज्ञात हमलावरों पर केस दर्ज कराया है। प्राथमिकी के बाद भोजपुर पुलिस टावर डंप और वैज्ञानिक तकनीक से अपराधियों की तलाश में जुट गई है। कुछ अपराधियों का क्लू भी पुलिस को मिला है जिसके आधार पर लगातार छापेमारी की जा रही है। जख्मी अधेड़ धोबहा थाना क्षेत्र के हेमतपुर गांव निवासी छबेनाथ सिंह के 48 वर्षीय पुत्र संतोष सिंह है। वह पेशे से चालाक है एवं कमांडर गाड़ी चलाते हैं। जिनको अपराधियों ने पेट में गोली मार दी थी ।इधर जख्मी ने पुलिस को बताया है कि वे तिलक समारोह में उनकी गाड़ी का सट्टा किया गया था। उनके गांव शुक्लपुरा के निवासी मिट्ठू साह की बेटी के तिलक में सभी लोग शामिल होने के लिए बहोरनपुर थाना क्षेत्र के रामदत्तही गांव गए थे। बुधवार के मध्य रात्रि जब तिलक समारोह से सभी लोग उनके गाड़ी से वापस गांव लौट रहे थे। लौटने के क्रम में जैसे ही उन लोगों की गाड़ी झौवां एवं डुमरिया गांव के बीच पहुंची। तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार हथियारबंद अपराधियों ने चलती गाड़ी में उनके गाड़ी के करीब सट कर उन्हें गोली मार दी। गोली लगने के दो मिनट बाद उन्होंने कहा कि मुझे गोली लग गई। जिसके बाद उन लोगों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया। हालांकि बाइक सवार अपराधियों ने उन्हें गोली क्यों मारी। इसका कारण अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो सका है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

संत बोले-मस्जिद तोड़ी गईं तो भगवान की मूर्तियां निकलेंगी

निज संवाददाता | बक्सर

- मलूकदास के पीठाधीश्वर ने बक्सर में कहा- न रहे बांग्लादेश, न पाकिस्तान, अखंड भारत हो

बक्सर में सीताराम विवाह महोत्सव में पहुंचे संत मलूकदास पीठ के पीठाधीश्वर राजेंद्र दास ने अखंड भारत की कामना की है। गुरुवार की रात मीडिया से बात करते हुए उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर कहा कि आज बांग्लादेश में जो हो रहा है उसका मूल कारण हिंदुओं का असंगठित होना है। उन्होंने कहा कि हम श्री सीताराम से प्रार्थना करते है कि कोई ऐसा अवसर बने की भारत की विभाजन की रेखा हमेशा के लिए समाप्त हो जाए। ना रहे बांग्लादेश, ना रहे पाकिस्तान.. अखंड भारत हो और सारी समस्याएं ही समाप्त हो जाए। देश के जाने माने संत मलूक दास जी बक्सर में सीता राम विवाह में शामिल होने के लिए पहुंचे हुए थे। वहीं संत लक्ष्मी नारायण त्रिदंडी स्वामी 'गंगा पुत्र' ने कहा कि 'सारे धरती पर जितनी मस्जिद है, उसको तोड़ा जाए तो उसके नीचे से भगवान की ही प्रतिमा निकलेगी।'

मस्जिद तोड़ी जाए तो प्रतिमाएं निकलेंगी: मौके पर मौजूद बक्सर के लक्ष्मी नारायण त्रिदंडी स्वामी 'गंगा पुत्र' ने भी बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अभी कुछ दिन पहले देवकी नंदन ठाकुर ने सनातन बोर्ड की मांग की थी। उस मंच पर हम भी थे। हमने भी कहा था कि सारे धरती पर जितनी मस्जिद है, उसको तोड़ा जाए तो उसके नीचे से भगवान की ही प्रतिमा निकलेगी। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए कि इसके पहले कोई दूसरा धर्म था ही नहीं। 95 हजार करोड़ पुराना हमारा सनातन धर्म है। मुसलमान तो 16 सौ वर्ष पहले आए, इससे पहले भगवान बुद्ध थे, जिन्होंने जीवों की हत्या पर रोक लगाई।

'संत चाह दे तो बांग्लादेश और पाकिस्तान सिर नहीं उठा सकते': 'गंगा पुत्र' ने ये भी कहा कि भारत के सारे संत चाह दे तो बांग्लादेश और पाकिस्तान सिर नहीं उठा सकते। अगर रहना है तो हमारे भारत में रहीम की तरह रहें तो उनका सम्मान है। कंस ने अत्याचार नहीं किया होता तो भगवान धरती पर नहीं आते। भगवान की जगह पर संत महात्मा ही ईश्वर हैं। 2027 में भारत हिंदू राष्ट्र बनेगा।

दो पक्षों में मारपीट, चार लोग जख्मी

निज संवाददाता | बक्सर

बक्सर के गोपालपुर में दो पक्षों के मारपीट में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। जिसकी सूचना पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को पहले इटाढी उसके बाद बेहतर इलाज के लिए बक्सर सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। सदर अस्पताल में भर्ती घायलों ने बताया कि उनके ऊपर लाठी, डंडा, तलवार और गड़ासा से हमला किया गया है। जिसने उन्हें मारा है वह अपने आप को रंगबाज कहता है। हालांकि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। एक पक्ष मिले आवेदन पर आगे की कार्रवाई में लगी हुई है। घटना इटाढ़ी थाना क्षेत्र के गोपालपुर का है। इटाढी थानाध्यक्ष ने बताया कि यह मारपीट धान के खेत में हार्वेस्टर घुसाने को लेकर हुआ है।

लाठी-डंडे और तलवार से किया हमला: गेरुआ बांध निवासी दया यादव ने बताया कि हार्वेस्टर से धान कटवाने के बाद संतोष यादव पैसा नहीं दे रहा था, ऊपर से 50 हजार की रंगदारी मांग रहा था। मुझे मारने लगा तो हमने आवाज दिया तो मेरे मामा और लड़का पहुंचा। जिनपर उसके अन्य भाईयों से लाठी-डंडे और तलवार से हमला कर दिया गया। इस हमले में रमाशंकर यादव, दया यादव,दुर्गेश यादव गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

जांच में जुटी पुलिस: इटाढी थानाध्यक्ष सोनू कुमार ने कि गोपालपुर में दो पक्ष में मारपीट हुई है। धान के खेत में हार्वेस्टर घुसने को लेकर मारपीट को जानकारी पर पहुंची पुलिस द्वारा घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है।

5814 लीटर विदेशी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

निज संवाददाता | आरा

भोजपुर के गजराजगंज ओपी क्षेत्र अंतर्गत आरा-बक्सर हाईवे पर बामपाली गांव के समीप गुरुवार को पुलिस ने घेराबंदी कर चोरी की एक कार से अंग्रेजी शराब की खेप को जब्त कर लिया। साथ ही यूपी के बलिया जिले के दो तस्करों भी धर दबोचा। इधर, एसपी राज ने बताया कि करीब तीन हजार बोतल शराब जब्त किया गया है। शराब तस्करी के मामले में यूपी के बलिया जिले के बैरिया थाना के नौरंगा गांव निवासी मनोज ठाकुर एवं सिपक चौधरी को गिरफ्तार किया गया है। जब्त कार चोरी की प्रतीत हो रही है। इसे लेकर उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी की गई है। पकड़े गए आरोपितों के पास से दो मोबाइल भी जब्त किया गया है। प्रतिदिन की तरह गुरुवार को भी गजराजगंज ओपी की पुलिस गश्ती पर निकली हुई थी। इस दौरान आरा-बक्सर हाईवे पर बामपाली गांव के समीप एक संदिग्ध कार को देखकर रूकने का इशारा किया गया। लेकिन, वे भागने लगे। इसके बाद घेराबंदी कर कार को जब्त कर लिया गया। तलाशी के दौरान सीट के पास से अंग्रेजी शराब का कार्टन जब्त किया गया। 180 एमएल का 2880 पीस टेट्रा पैक शराब, 750 एमएल का 48 बोतल शराब एवं 375 एमएल का 72 बोतल शराब बरामद किया गया । साथ ही कार पर सवार बलिया जिले के दोनों आरोपितों को धर दबोचा गया। गजरागंज ओपी प्रभारी हरि प्रसाद ने बताया कि बरामद अंग्रेजी शराब की मात्रा 5814 लीटर है।

जैविक खेती से ही बच पाएगी मिट्टी की उर्वराशक्ति

निज संवाददाता | बक्सर

बक्सर कृषि विज्ञान केंद्र लालगंज में गुरुवार को विश्व मृदा दिवस मनाया गया। जिसका मुख्य विषय "मृदा की देखभाल एवं मृदा क्षरण को रोकने के उपाय " पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। कार्यक्रम के दौरान किसानों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र प्रभारी प्रमुख हरिगोविन्द ने कहा कि विश्व मृदा दिवस हर वर्ष 5 दिसंबर को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य मृदा को रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग के हानिकारक प्रभाव से बचाना है। इसके लिए फसलचक्र, जैविक खाद का उपयोग एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देकर मृदा के उपजाऊपन को बरकरार रखा जा सकता है। कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञ रामकेवल ने उपस्थित किसानों को बताया कि मृदा में रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से मिटटी में क्रियाशील लाभदायक जीवाणु मर जाते हैं, यह जीवाणु मिटटी में उपलब्ध पोषक तत्वों को पौधों को उपलब्ध करने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनकी संख्या कम होने पर पौधे पोषक तत्वों को नहीं ले पाते जिससे फसल उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ता है। इस अवसर पर इफ्फको के फील्ड ऑफिसर अभय कुमार मिश्र ने बताया कि के एन पी के कांसोर्टिया का प्रयोग करके मिटटी में उपलब्ध अघुलनशील फोस्फोरस, नत्रजन एवं पोटाश को घुलनशील बनाकर फसलों के लिए उपलब्ध बने जा सकत है। इससे रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग कम किया जा सकता है।

कृषको को धान के फसल अवशेष ना जलाने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही इससे मृदा एवं पर्यावरण को होने वाले नुकसान के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर हरिकिशुनपुर के किसान बटेश्वर पाण्डेय, राहुल पाण्डेय, दलसागर के रविशंकर सिंह, अजय सिंह, अयोध्या कुमार, जितेंद्र कुमार सिंह, विजय पासवान, बालापुर के बचन दुबे, सुरेन्द्र कुमार ओझा, पड़री गांव के गोरखनाथ, विश्वनाथ सिंह थे। कृषि विज्ञान केंद्र के आरिफ परवेज़ , रवि चटर्जी , राकेश मणि , राजेश कुमार राय, सरफराज अहमद खान, मुकेश कुमार, संदीप कुमार आदि थे।

संक्षिप्त समाचार

रोजाना नमाज पढ़ने से मिलेगा रूहानी फायदाः हजरत कबीर उद्दीन

भागलपुर। खानकाह जलालिया नूरिया अशरफिया, सैय्यदपुर बरारी में नौचंदी (उर्दू महीने की पहली गुरुवार) के मौके पर बाद-ए-नमाज जोहर साहिबे सज्जादा हजरत कबीर उद्दीन की सरपरस्ती में फातिहाख्वानी और बड़े पीर रहमतुल्लाह अलैह की निस्वत से दुआ-ए-खास की गई और लंगर तकसीम किया गया। मौके पर साहिबे सज्जादा हजरत कबीर उद्दीन अशरफ ने कहा कि रोजाना पांच वक्त की नमाज पढ़ना इस्लाम का एक बुनियादी हिस्सा है। क्योंकि इस्लाम धर्म में अल्लाह और उसके रसूल पर ईमान लाने के बाद सभी लोगों पर नमाज फर्ज हो जाती है फिर चाहे मर्द हो या फिर औरत, गरीब हो या फिर मालदार सभी लोगों को नमाज पढ़ना जरूरी है। उन्होने कहा कि रोजाना नमाज पढ़ने के कई रूहानी और जिस्मानी और कई वैज्ञानिक फायदे हैं। नमाज पढ़ने से न सिर्फ शरीर की वर्कआउट होती है, बल्कि कई स्वास्थ्य लाभ भी मिलते हैं। उन्होने बताया कि नमाज पढ़ने और इसकी हर पोजीशन से बॉडी की फुल वर्कआउट होती है। उन्होंने कहा कि नमाज के अंदर कई तरह की पोजीशन होती हैं, जो मन को शांति देने के साथ कई तरह के शारीरिक लाभ भी देती हैं। फतिहाख्वानी में इफ्तेखार अशरफी, मोहम्मद अहमद, ताज अहमद, शादिक अशरफी, आफताब आलम, मुमताज अहमद, फरीद अशरफी, इरफान अशरफी सहित कई अराकिने खानकाह जलालिया नूरिया अशरफिया के सदस्य मौजूद रहे।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले के विरोध में धरना, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

मुंगेर। मुंगेर में बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों के विरोध में गुरुवार को भारतीय हिंदू समाज संगठन के बैनर तले एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। यह धरना जिला मुख्यालय स्थित शहीद स्मारक पर आयोजित हुआ। धरना के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपकर बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर हमले रोकने की मांग की गई। साथ ही, संगठन ने गिरफ्तार आचार्य चिन्मय कृष्ण दास को रिहा कराने के लिए राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप की अपील की। धरना प्रदर्शन में मुंगेर भाजपा विधायक प्रताप कुमार, जितना मंदिर के पुजारी, संत-महात्मा और हिंदू समाज के विभिन्न संगठनों के लोग शामिल हुए। शहीद स्मारक पर बैठे प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश में हिंदू समाज पर हो रहे अत्याचारों की कड़ी निंदा की और इसे मानवाधिकारों का उल्लंघन बताया। मुंगेर विधायक प्रताप कुमार ने धरना को संबोधित करते हुए कहा,"भारत हमेशा 'हिंदू-मुस्लिम-सिख-ईसाई' के नारे के साथ भाईचारे का संदेश देता है। लेकिन बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमले अत्यंत निंदनीय हैं। यह केवल हिंदू समाज का ही नहीं, बल्कि मानवता का भी अपमान है। इसे रोकने के लिए भारत सरकार और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को कड़े कदम उठाने चाहिए।" उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति को सौंपे जाने वाले ज्ञापन में इन हमलों को रोकने और धार्मिक स्वतंत्रता सुनिश्चित करने की मांग की गई है। धरने के समापन पर प्रदर्शनकारियों ने डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा।

कलम बंद हड़ताल पर रहे केवीके के कर्मचारी, समान वेतन की मांग की

मुंगेर। गैर आईसीएआर द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैया के खिलाफ गुरुवार को कृषि विज्ञान केंद्र मुंगेर के सभी वैज्ञानिक एवं कर्मी एक दिवसीय कलम बंद हड़ताल पर रहे। जिसमें देशभर के सभी कृषि विज्ञान केंद्रों ने बढ़-चार कर भाग लिया। इसकी जानकारी देते हुए केवीके के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान मुकेश कुमार ने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र पूरे देश देश में वर्ष 1974 से भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली और राज्य के विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों और कुछ प्रदेश के प्रतिष्ठित स्वयं सेवी संस्थाओं के द्वारा संचालित किया जा रहा है। जो देश की किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में निरंतर प्रयासरत है। सरकार के द्वारा चरणबद्ध तरीके से देश के प्रत्येक जिले में 2 कृषि विज्ञान केंद्रों की स्थापना हो। इसी क्रम में देश के कई जिले में और बिहार प्रांत के भी 5 बड़े जिलों में 2-2 कृषि विज्ञान केन्द्रों की स्थापना की गई। देश के विभिन्न क्षेत्रों में चलाए जा रहे योजनाओं को गैर योजना में परिवर्तित किया गया।

छात्रों ने ट्रांसफर का किया विरोध, हंगामा

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के कंपनी बाग स्थित बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर अनुसूचित जाति आवासीय प्लस टू विद्यालय में शुक्रवार को साइंस और आर्ट्स के दो दर्जन से अधिक बच्चों ने ट्रांसफर के विरोध में हंगामा किया। इसकी सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित छात्रों को समझाने बुझाने की कोशिश की लेकिन स्टूडेंट्स नहीं माने। हंगामे की सूचना के बाद सदर एसडीएम धनंजय कुमार अपने दलबल के साथ स्कूल पहुंचे और बच्चों की समस्या को सुन उन्हें आश्वासन देते हुए शांत कराया। बताया जा रहा है कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर अनुसूचित जाति आवश्यक प्लस टू विद्यालय के साइंस और आर्ट्स के बच्चे का स्थानांतरण अररिया और जमुई कर दिया गया है, जिसका विरोध छात्र कर रहे हैं।

विरोध करने वाले छात्रों ने क्या कहा?: विरोध कर रहे छात्र का कहना है कि जमुई के स्कूल में व्यवस्था ठीक नहीं है। ना ही खाना ठीक मिलता है, ना ही रहने के लिए जगह ठीक है। उन्होंने कहा कि भागलपुर से पहले कई बच्चे जमुई और अररिया गए हैं और उन्होंने वहां की व्यवस्थाओं से हमें अवगत कराया था, जो ठीक नहीं थीं। इसलिए हम वहां नहीं जाना चाहते। इधर, मौके पर पहुंचे सदर एसडीएम धनंजय कुमार ने बताया कि 16 क्लस्टर में स्कूल हैं, जहां बच्चे कम है। ऐसी जगहों पर छात्रों का ट्रांसफर किया जा रहा है, ताकि बच्चों पर विशेष रूप से ध्यान दिया जा सके। इंटरमीडिएट क्लास चलाई जाए। ऑनलाइन सुविधा हो। उन्होंने कहा कि उसी को लेकर बच्चों में संशय है कि वहां जाएंगे तो कैसी व्यवस्था होगी? उन्होंने कहा कि फिलहाल बच्चों को समझा बुझा दिया गया है, बच्चे सभी शांत हैं। सरकार का आदेश है कि हम लोगों को भी पर्सनल एक्सपीरियंस है कि नई जगह पर जाने के बाद एक दो तीन मन नहीं लग सकता है। फिर बाद में सब कुछ ठीक-ठाक हो जाता है। बच्चों को समझा दिया गया है सब कुछ शांत है।

♦ अनुसूचित जाति रेसिडेंशियल प्लस-2 के स्टूडेंट्स बोले- हमें अररिया और जमुई नहीं जाना, वहां व्यवस्थाएं ठीक नहीं

फोन से बात करते कुएं में गिरा युवक, मौत, 8 दिन पहले हुई थी शादी, मुंगेर में संतुलन बिगड़ने से हुआ हादसा

मुंगेर। मुंगेर के हवेली खड़गपुर प्रखंड के शिवपुर लोगांय गांव में एक 25 वर्षीय की गुरुवार शाम कुएं में गिरने से मौत हो गई। मृतक की पहचान संजय शर्मा के बेटे शशि शर्मा (25) के रूप में हुई है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि मृतक अपने एक रिश्तेदार के साथ मंदारे गांव के सौतारी टोला गया था। जहां वह कुएं के मुंडेर पर बैठकर मोबाइल पर बात कर रहा था। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह कुएं में गिर पड़ा। उसके साथ गए रिश्तेदार ने तुरंत घटना की सूचना मृतक के परिवार को दी। जिसके बाद परिजन और ग्रामीण तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद शशि को कुएं से बाहर निकाला। उसे खड़गपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टर प्रदीप कुमार ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद घटना की जानकारी परिजनों ने शामपुर थाना पुलिस को दी। परिजनों ने बताया कि 8 दिन पहले ही शशि की शादी हुई थी।

शराब पार्टी में हुई थी होमगार्ड के बेटे की हत्या, SI और CISF का जवान भी वारदात में शामिल

मुंगेर। मुंगेर में 28 नवंबर को होमगार्ड जवान के बेटे सम्राट कुमार ऊर्फ राजा यादव (23) की हत्या मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस के मुताबिक शराब पार्टी में आपसी विवाद के बाद हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया था। इस मामले में तीन आरोपियों को अरेस्ट कर लिया गया है। जबकि कासिम बाजार थाना में पोस्टेड सब इंस्पेक्टर संजय यादव और CISF जवान दीपक कुमार फरार हैं। मामले के खुलासा करते हुए एसपी ने बताया कि घटना के दिन सभी आरोपी और राजा कुमार एक खाली मकान में शराब पार्टी कर रहे थे। इसमें सब इंस्पेक्टर संजय यादव और सीआईएसएफ जवान दीपक कुमार भी शामिल थे। पार्टी के दौरान किसी बात पर विवाद हुआ, जिसके बाद आरोपियों ने मिलकर राजा यादव की पिटाई की और उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपियों ने शव को मकान के पीछे छिपाने की कोशिश की और ऐसा दिखाया कि वह छत से गिरकर राजा की मौत हुई है, लेकिन पोस्टमार्टम और एफएसएल रिपोर्ट से खुलासा हुआ कि राजा के सिर पर गहरी चोट मारपीट के की वजह से लगी थी। एफएसएल टीम ने मौके पर घटना का डेमो किया, जिसमें यह साबित हुआ कि राजा की मौत छत से गिरने के कारण नहीं हुई थी। उसके बाद पुलिस ने जांच के एंगल को चेंज किया। एसपी ने बताया कि सब इंस्पेक्टर का मृतक राजा यादव के साथ गहरा संबंध था। घटना के बाद सब इंस्पेक्टर ने साक्ष्य छुपाने की कोशिश की और फरार हो गया।

Office of the Deputy Commissioner Palamu (District Social Welfare Office)

Expression of Interest
Very UrgentShort-Term ProcurementNotice

EOI Notice No.: /2024-25 **Date:…../….. /…..**

District Administration, Palamu, Jharkhand Invites Tender from eligible bidders for entering 1- year Ratecontract for BALAPainting. Blank tender documents with detailed conditions can be obtained through website https://gem.gov.in/online with financial bid and hard copies of technical bid should be submitted to the department on and before declared due date.

Sl. No	Particulars	Details
1.	Nameofthework	Rate contract for BALA Painting Work at Pre school/ Residential Schools/ Anganwadi of Palamu
2.	Date of Publication of Tender on Gem	**07/12/2024**
3.	Tender Document Fee (Non-refundable)	Rs.1000/-(Rs.OneThousandOnly)
4.	Earnest Money Deposit (EMD)	Rs.100000/-(Rs.OneLakhOnly)
5.	Last Date of submitting of bid online	Date: **18/12/2024**Time:03:00 PM
6.	Dateand timeofopeningof Bid	Date:**18/12/2024**Time:03:30 PM
7.	Last Dateofsubmittingoftechnical documenthardcopyforevolutionpurpose	Date:**18/12/2024**Time:03:00 PM
8.	BidsubmissionPlace offline	Office Of District Social Welfare Office, Palamu
9.	BidOpening Place	OnlineinGemPortal

Note:The specified dates and time may changed ueto declaration of holidays or any other unforeseen circumstances. The same shall be informed through web-portal as and when required.

D.S.W. O
Palamu

PR 341319 (District)24-25*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना, जिसका पी0आर0 नं0– PR 340789 Building (24-25)#D है को क्रमांक 19 में अंकित कार्य को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल,
डालटनगंज

PR 341419 Building (24-25)_D

झारखण्ड सरकार
झारखण्ड सूक्ष्म एवं लघु उद्यम सुगमीकरण परिषद
उद्योग निदेशालय, तृतीय तल, नेपाल हाउस, डोरण्डा, राँची-834002

प्रेस विज्ञप्ति

झारखण्ड सूक्ष्म एवं लघु उद्यम सुगमीकरण परिषद, राँची द्वारा दिनांक– 08.08.2024 एवं दिनांक–13.09.2024 को आहूत सुनवाई/बैठक में वाद संख्या–JHMSEFC-62/2022 (New Case No.- JH/20/M/JKH/00330, M/s Eventonido Entertainment, Lalpur, Ranchi Vs The Deputy Commissioner, Garhwa मामले में प्रतिवादी पक्ष को उपस्थित होने हेतु निदेश दिया गया था। किन्तु प्रतिवादी पक्ष दोनों ही तिथियों में सुनवाई/बैठक में अनुपस्थित थे। यह भी उल्लेखनीय है कि प्रतिवादी पक्ष द्वारा अबतक विशयगत वाद के संबंध में जवाब/आपत्ति परिशद को समर्पित नहीं किया गया है।

अतः निदेशित किया जाता है कि यदि प्रतिवादी पक्ष The Deputy Commissioner, Garhwa झारखण्ड सूक्ष्म एवं लघु उद्यम सुगमीकरण परिषद, राँची की आगामी सुनवाई/बैठक में स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि वरीय पदाधिकारी द्वारा उपस्थित दर्ज नहीं करते हैं, तो ऐसी स्थिति में विशयगत वाद में *ex parte* order पारित पर दिया जाऐगा।

ह0/–
निदेशक उद्योग–सह–अध्यक्ष
झारखण्ड सूक्ष्म एवं लघु
उद्यम सुगमीकरण परिषद

PR 341423 Industries (24-25)_D

सुल्तानगंज-देवघर मुख्य मार्ग पर ट्रक ने मजदूर को कुचला, घटनास्थल पर मौत, चालक फरार

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर के सुल्तानगंज-देवघर मुख्य मार्ग के सती स्थान गांव पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार की अहले सुबह ट्रक के धक्के से सीमेंट उतारने जा रहे एक मजदूर की मौत हो गई। सड़क हादसे का लाइव सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। घटना को अंजाम देकर ट्रक चालक फरार हो गया है। लखनपुर गांव निवासी महेश मंडल (50) अपने घर लखनपुर चमड़ीया पोखर से मासूमगंज सीमेंट दुकान पर ट्रक खाली करने जा रहा था। इसी क्रम में पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने धक्का मार दिया, जिससे साइकिल सवार मजदूर की मौत घटनास्थल पर हो गई।

मामले की जांच में जुटी पुलिसः घटना की सूचना पर असरगंज थाना पुलिस एसआई मोहम्मद हसीब, राजेश पासवान दलबल के साथ पहुंचे। मामले की छानबीन में जुट गए है। घटना की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। मालूम हो कि मृतक के दो बेटा और दो बेटी है। जिसमें एक बेटी की शादी हो चुकी है और दो नाबालिक बेटा का भरण पोषण मजदूरी कर करता था।

पत्नी ने सुबह जाने से किया था मनाः मृतक की पत्नी रेखा देवी ने बताया कि मेरे पति सुबह उठ कर मासूम गंज स्थित सीमेंट दुकान पर ट्रक अनलोड करने के लिए जा रहे थे, तो मैंने सुबह जाने से मना भी किया। उन्होंने कहा कि कमाएंगे नहीं तो खाएंगे कैसे।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजाः दोनों बेटा व बेटी का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा है। असरगंज थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कागजी कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए मुंगेर भेज दिया गाय। थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार राय ने बताया कि अज्ञात ट्रक की पहचान की जा रही है। मृतक के परिजनों के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।

आवश्यक सूचना।
(चोरी गई हिरो स्पलेण्डर प्रो मोटर साईकिल)

गढ़वा थाना कांड सं0–576/24 दिनांक–26.10.2024 धारा–303(2) बी0एन0एस 2023. में चोरी गयी हिरो स्पलेण्डर प्रो मोटर साईकिल जिसका रजि0 नं0–JH14C5534 इंजन नं0–HA10ELEHE84586 एवं चेचिस नं0– MBLHA10A3EHE52786 का अज्ञात अपराधकर्मी द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 341401 (Police) 24-25 (D)

पति से सिर में तेल लगवाया फिर की आत्महत्या

रात में परिवार के साथ सो गई थी महिला, सुबह लटकी मिली 3 बच्चों की मां की लाश

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में तीन बच्चों की मां सुसाइड कर लिया। घर में साड़ी के फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी। मृतका पसराहा गांव निवासी कमलेश बिंद के पत्नी रेणु देवी (42) है। रात में खाना खाने के बाद रेणु के सिर में दर्द हुआ। पति से सिर में तेल लगवाया, फिर पूरा परिवार सो गया। सुबह पति की नींद टूटी तो पत्नी को कमरे में नहीं देखा। दूसरे कमरे में देखा तो पत्नी का शव लटका मिला। महिला ने आत्महत्या क्यों कि इस बारे में अभी नहीं पता चला है। घटना बाथ थाना क्षेत्र के परराहा गांव की है।

मृतका के 2 बेटे और बेटी हैः पति ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने छानबीन शुरू की। पुलिस ने आज शुक्रवार दोपहर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद परिजनों के बीच मातम का माहौल है। मृतका के दो बेटे और एक बेटी है। घटना की सूचना के बाद परिवार के अन्य सदस्य भी जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पोस्टमॉर्टम हाउस पहंचे। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। बाथ थाना अध्यक्ष कन्हैया झा ने बताया कि रेणु देवी ने सुसाइड कर लिया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

कार्यालय जिला परिषद, पलामू
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

दुकान आवंटन हेतु आम डाक सूचना

दिनांक 02.12.2023 को संपन्न जिला परिषद बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में एतद् द्वारा निम्नांकित प्रखण्ड में अवस्थित जिला परिषदीय रिक्त दुकान के आम डाक के माध्यम से आवंटन हेतु पलामू जिले के प्रमुख एवं लोकप्रिय समाचार पत्र के माध्यम से इच्छुक व्यक्तियों से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है :–

क्र0	प्रखण्ड		रिक्त दुकान सं0	कुल रिक्त दुकान	वार्षिक किराया दर प्रति दुकान	जमानत की राशि	डाक की न्यूनतम राशि (Non Refundable)
1	2		3	4	5	6	7
1	सतबरवा	भूतल	C-04	01	8640.00	25000.00	50000.00
2	बिश्रामपुर	भूतल	D-04, D-06, D-07, D-08, D-09, D-10, D-11, D-17	08	8316.00	25000.00	50000.00
3	तरहसी	भूतल	C-01, C-02, C-03, C-06, C-10, C-11, C-12, C-13	08	9000.00	25000.00	50000.00
	तरहसी	प्रथम तल	C-14, C-15, C-16, C-18, C-19, C-20, C-21, C-22	08	6000.00	25000.00	50000.00
	तरहसी	प्रथम तल	C-17	01	9400.00	25000.00	50000.00
	नीलाम्बर–पीताम्बरपुर	भूतल	F-01, F-02, F-03, F-04, F-05, F-06, F-07, F-08, F-09, F-10, F-11, F-12, F-13, F-14, F-15, F-16, F-17, F-18, F-19, F-20, F-21, F-22, F-23	23	8640.00	25000.00	50000.00
			कुल :–	49			

1. आवेदन पत्र बिक्री की तिथि :– 10.12.2024 से 14.12.2024 तक
2. आवेदन पत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
3. आवेदन पत्र का शुल्क (प्रत्येक दुकान के लिए अलग–अलग) :– 15000.00 (पन्द्रह हजार) रूपये मात्र।
4. आवेदन पत्र जमा करने की तिथि :– 10.12.2024 से 16.12.2024 अपराह्न 2:00 बजे तक
5. आवेदन पत्र जमा करने का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
6. डाक की तिथि व समय :– 17.12.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न
7. डाक का स्थान :– Block-C स्थित कार्यालय कक्ष।
8. आवेदन पत्र के साथ संलग्न कागजात :– वैद्य पहचान पत्र (आधार कार्ड), स्थानीय प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो

नोट 1:– दुकान का आवंटन खुली डाक द्वारा नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से की जायेगी जिसमें सर्वोच डाकवक्ता को दुकान आवंटित किया जायेगा। डाक कॉलम संख्या– 7 में अंकित एकमुस्त Non Refundable राशि के आधार पर किया जायेगा। डाक में दो बोली के बीच की अन्तर राशि न्यूनतम 5000.00 (पाँच हजार) रूपये होगी। डाक समाप्ति के पश्चात संपूर्ण डाक राशि राशि (Non Refundable) 24 घंटा के अन्दर जमा करना होगा उसके उपरांत आवंटियों की सूची जारी की जायेगी।

नोट 2:– दुकान आवंटन हेतु निर्धारित विस्तृत शर्त पलामू NIC के Website- www.palamu.nic.in, कार्यालय जिला परिषद, पलामू एवं संबंधित प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू

PR 341362 District (24-25)_D

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER. MINOR IRRIGATION DIVISION, MEDININAGAR

e-Procurement Tender Notice
Two Envelope System
Tender Reference No:-
WRD/MID/MEDININAGAR/B.D./S.L.I.-02/2024-25
Letter no:- 647 **Date :- 05.12.2024**

1	Name of Work:	Construction of BakhariSolar Lift Irrigation Scheme
2	Estimated Cost (Rs.)	1,09,43,400=00
3	Cost of tender document (Rs)	**Rs. 10,000=00**only (non-refundable).
4	Earnest Money Deposit (Rs.)	**Rs. 1,09,500=00** only.
5	Time of Completion	335 Days
6	Mode of Submission of tender	Online through www.jharkhandtenders.gov.in
7	Date of Publicationof Tender on website (http:// jharkhandtenders.gov.in)	Date: 23 .12.2024, Time - 04.00 PM
8	Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submissionof Tender on Website	Date: - 03.01.2025, Time :- 04.00 PM
9	Submission of Tender Fee and EMD	Start Date:- 23 .12.2024, Time -4.00 PM Last Date:- 03.01 .202 5, Time :- 3. 00 PM
10	Technical Bid Opening Date	Date: - 04.01 .202 5, Time :-04.00 PM
11	Officer Inviting Bids	Executive Engineer Minor Irrigation Division Medininagar
12	Contact No. of Procurement Officere-mail of Procurement Officer	06562 - 240100 eemidmed - cemr -jhr@gmail.com
13	Help line No. of Procurement Cell	0651 - 2214784

Note:-
➢ Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 **HP** pumps **(DC** Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.
➢ **Only e-Tender will be accepted.**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division,
Medininagar

PR.NO.341353 Minor Irrigation(24-25):D

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

लिंग आधारित हिंसा के उन्मूलन के लिए जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

- बाल संरक्षण और जागरूकता पर जोर
- मिशन वात्सल्य और बाल कल्याण सेवाओं का प्रचार
- सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय समुदाय की सक्रिय भूमिका

निज संवाददाता | शिकारीपाड़ा (दुमका)

प्रखंड स्तरीय बाल संरक्षण समिति, शिकारीपाड़ा और स्वयंसेवी संस्थान प्रवाह के संयुक्त तत्त्ववधान में शुक्रवार को लिंग आधारित हिंसा के उन्मूलन हेतु जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम समाज में लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने, महिलाओं और बच्चों के लिए एक सुरक्षित और भयमुक्त वातावरण बनाने, और समुदाय की भूमिका को सशक्त करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ एजाज आलम, सीओ सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कपिल देव ठाकुर, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी देवानन्द मिश्रा, परियोजना समन्वयक प्रवाह एवं महिला प्रसार पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन के बाद कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने लिंग आधारित हिंसा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विचार-विमर्श किया और इसे समाप्त करने के लिए समाज में बदलाव लाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान बीडीओ एजाज आलम ने समाज में लिंग समानता को बढ़ावा देने के लिए सभी को समान रूप से सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं की स्थिति अब धीरे-धीरे बेहतर हो रही है और महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है और अब वे बेहतर निर्णय ले रही हैं। उन्होंने महिला जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने कर्तव्यों को गंभीरता से निभाएं और किसी भी स्थिति में अपनी जिम्मेदारियों को अपने पति या अन्य पुरुषों को न सौंपें। सीओ कपिल देव ठाकुर ने इस अवसर पर कहा कि लैंगिक समानता की दिशा में पहला कदम घर-परिवार से ही उठाना होगा। लड़का, लड़की, या तृतीय लिंग के हर व्यक्ति को समान अवसर देने की जिम्मेदारी हम सभी की है।

उन्होंने जीवन के हर क्षेत्र में समानता को लागू करने की बात की और इसे विकास की ओर बढ़ने के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। कार्यक्रम में प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी देवानन्द मिश्रा ने बाल संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि माता-पिता और अन्य हितधारकों को बच्चों के साथ होने वाली अनुचित गतिविधियों और स्पर्श के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों का प्रथम पाठशाला घर होता है, और माता-पिता की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को बचपन से बाल यौन शोषण से बचने के लिए शिक्षित करें। प्रवाह संस्था के परियोजना समन्वयक प्रेम कुमार ने लैंगिक समानता, लैंगिक असमानता, और लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने में स्थानीय संस्थाओं की भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि महिला और बच्चों से संबंधित समर्थन सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय संस्थाओं को संवेदनशील और सशक्त होना चाहिए। इसके लिए सरकारी और गैर-सरकारी तंत्र को एकजुट होकर काम करने की आवश्यकता है। जिला बाल संरक्षण इकाई, दुमका के प्रतिनिधि ने मिशन वात्सल्य के अंतर्गत मिलने वाली प्रायोजन योजनाओं की जानकारी दी और बताया कि बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 और अन्य सेवाओं के माध्यम से बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है। कार्यक्रम में महिला प्रसार पदाधिकारी शिकारीपाड़ा, जिला बाल संरक्षण इकाई, दुमका के प्रतिनिधि, प्रखंड कार्यक्रम मैनेजर जेएसएलपीएस, महिला पर्यवेक्षिका, शिकारीपाड़ा और ढाका पंचायत की मुखिया उषा किरण मुर्मू सहित अन्य हितधारकों ने बच्चों और महिलाओं के लिए सुरक्षित और भयमुक्त समाज बनाने के लिए वकालत की। इस कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षिका हेमलता कुमारी, दीपाली दासी, फुलकुमारी हाँसदा, बीपीओ नयन कुमार, मुखिया सीसिलिया हाँसदा, नमिता बासकी, सुनीता हेमब्रम, जेन्डर सीआरपी प्रमिला टुडू, रुमारानी दास, शांतनी प्रवाह के कार्यकर्ता कारण मुर्मू, मारथा हाँसदा, बिमोली हेमब्रम, पीएलवी सुशीला हेमब्रम और अन्य सैकड़ों आँगनवाड़ी सेविका, ग्राम प्रधान और अन्य हितधारक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी ने यह संकल्प लिया कि वे समाज में लिंग आधारित हिंसा को खत्म करने के लिए एकजुट होकर काम करेंगे और महिलाओं एवं बच्चों के लिए एक सुरक्षित, समान और भयमुक्त समाज का निर्माण करेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने जागरूकता फैलाने के साथ-साथ समुदाय के प्रत्येक सदस्य को लिंग समानता और महिलाओं व बच्चों के अधिकारों की जानकारी देने का संकल्प लिया।

एस्बेस्टस उखाड़ कर दिया वारदात को अंजाम, कैश भी उड़ाया

शराब दुकान से 20 लाख रुपये की शराब की बोतलें लेकर भागे चोर

- पुलिस जांच में जुटी, सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही
- स्थानीय लोगों में घटना को लेकर आक्रोश

निज संवाददाता | गुमला

जिले के जशपुर रोड स्थित काली मंदिर के पास स्थित एक सरकारी शराब दुकान में चोरी की बड़ी घटना सामने आई है। चोरों ने दुकान का एस्बेस्टस उखाड़कर करीब 20 लाख रुपये की शराब की बोतलें और कुछ नकद राशि चुरा ली। यह घटना शुक्रवार सुबह सामने आई, जब दुकान के कर्मचारी सुबह करीब साढ़े दस बजे दुकान खोलने पहुंचे और उन्हें दुकान में चोरी की जानकारी मिली। दुकान के कर्मचारियों ने देखा कि दुकान की छत का एस्बेस्टस उखड़ा हुआ है और अंदर शराब की कई बोतलें गायब हैं। इसके बाद कर्मचारियों के होश उड़ गए। कर्मचारी जल्द ही दुकान के शटर को गिरा कर घटना की सूचना उत्पाद विभाग के अधिकारियों को दी। इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस थाने में भी दी गई। गुमला पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और चोरी गए शराब और नगद राशि का मिलान सरकारी आंकड़ों के आधार पर किया जा रहा है। पुलिस विभाग ने आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने का काम भी शुरू कर दिया है। साथ ही, पुलिस ने स्थानीय लोगों और दुकानदारों से जानकारी जुटानी शुरू कर दी है ताकि चोरों का पता लगाया जा सके। दुकान के कर्मचारियों ने बताया कि वे गुरुवार की रात करीब साढ़े 9 बजे दुकान बंद कर घर लौट गए थे। उसी रात चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। कर्मचारी यह भी बताते हैं कि चोरों ने कुछ शराब की बोतलें दुकान के बाहर भी फेंकी थीं। चोरी के अलावा, चोरों ने गुरुवार की रात की बिक्री की नकदी भी चुरा ली, जो काउंटर पर रखी हुई थी। हालांकि, चोरी की गई राशि की सटीक जानकारी अभी तक सामने नहीं आ पाई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शराब दुकान के आसपास के इलाकों में पहले भी चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन यह घटना अपनी बड़े पैमाने की चोरी के कारण सबसे अलग है। लोगों का कहना है कि चोरों ने दुकान की छत को खोलकर बड़ी चतुराई से वारदात को अंजाम दिया। प्रशासन ने घटना की गंभीरता को समझते हुए जांच तेज कर दी है। स्थानीय प्रशासन और पुलिस विभाग ने लोगों से अपील की है कि यदि उन्हें इस मामले से संबंधित कोई भी जानकारी मिलती है, तो वे तुरंत अधिकारियों को सूचित करें। इस घटना ने गुमला जिले के नागरिकों को चिंतित कर दिया है। शराब की दुकानों में हो रही चोरी की घटनाओं को लेकर लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। नागरिकों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि जल्द से जल्द चोरों को पकड़कर मामले का समाधान किया जाए। पुलिस का कहना है कि वे इस मामले में पूरी गंभीरता से काम कर रहे हैं और जल्दी ही मामले का खुलासा करेंगे।

रेलवे यूनियन चुनाव : अंतिम दिन रनिंग कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर किया मतदान

निज संवाददाता | चक्रधरपुर

रेलवे यूनियन की मान्यता के लिए चल रहे तीन दिवसीय चुनाव का आज अंतिम दिन है, और इस दौरान चक्रधरपुर रेल मंडल में रनिंग कर्मचारियों के लिए आरक्षित मतदान का आयोजन हो रहा है। मतदान प्रक्रिया के लिए चक्रधरपुर रेल मंडल के वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी कार्यालय के प्रतीक्षालय में विशेष रूप से बूथ नंबर 13 बनाया गया है। यह चुनाव 4 दिसंबर से शुरू हुआ था और पूरे रेल मंडल में कुल 31 बूथों पर बड़े उत्साह के साथ कर्मचारियों ने मतदान किया। पिछले दो दिनों में 85% मतदान पूरा हो चुका था, जबकि 6 दिसंबर का दिन विशेष रूप से रनिंग कर्मचारियों के लिए रखा गया था। रनिंग कर्मचारियों में मुख्य रूप से ट्रेन मैनेजर (गार्ड), लोको पायलट और सहायक लोको पायलट शामिल हैं। सुबह से ही चक्रधरपुर के बूथ नंबर 13 पर इन कर्मचारियों का आना शुरू हो गया था। शाम 6 बजे तक मतदान प्रक्रिया जारी रहेगी। चक्रधरपुर रेल मंडल के 11 अलग-अलग बूथों पर रनिंग कर्मचारियों का वोट डालने का सिलसिला पूरे दिन चलता रहा। इस महत्वपूर्ण चुनाव में कर्मचारियों का जोश देखने लायक है। पिछले दो दिनों में विभिन्न रेल मंडल के बूथों पर भारी संख्या में रेलवे कर्मचारियों ने भाग लिया। रनिंग कर्मचारियों के लिए आज का दिन पूरी तरह से सुरक्षित रखा गया था, ताकि वे बिना किसी बाधा के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। चक्रधरपुर मंडल के चुनाव प्रभारी और वरिष्ठ अधिकारियों ने मतदान प्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी बनाने के लिए विशेष इंतजाम किए। रनिंग कर्मचारियों को मतदान स्थल तक पहुंचने और प्रक्रिया को समझने में मदद करने के लिए प्रत्येक बूथ पर कर्मियों की टीम तैनात थी। रनिंग कर्मचारी, जो रेलवे के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इस चुनाव में विशेष ध्यान का केंद्र हैं। उनके लिए अलग से मतदान का दिन निर्धारित करना इस बात का संकेत है कि रेलवे प्रशासन और यूनियन इस वर्ग के महत्व को समझते हैं। इन कर्मचारियों में ट्रेन मैनेजर, लोको पायलट और सहायक लोको पायलट जैसे पद शामिल हैं, जिनकी व्यस्त कार्यशैली के चलते उनके लिए एक विशेष दिन आवंटित किया गया।

गैराज में आग लगने से लाखों का नुकसान

पाकुड़ (नि.सं.)। थाना क्षेत्र के पातपहाड़ी गांव में जोहान टुडू के मोटरसाइकिल गैराज में आग लग जाने से दुकान में रखे लाखों की संपत्ति जलकर खाक हो गई है। आग लगने से 4 मोटरसाइकिल, एक हवा टंकी जली है। जिससे गैरेज मालिक को लाखों का नुकसान हुआ है। घटना को लेकर गैराज मालिक जोहान टुडू ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करवाई है। प्राथमिकी में आवेदक ने आरोप लगाया है कि बीते मंगलवार देर शाम को कुछ अज्ञात बदमाशों ने ग्लैमर मोटरसाइकिल लेकर मेरे गैराज में आए थे। जिनके साथ कुछ बकझक हुई थी। बाद में वे लोग वहां से चले गए। उसी रात करीब 12 बजे उनके गैराज में आग लग गई और सबकुछ जलकर खाक हो गया। उनका शक है कि उन्हीं बदमाशों ने उनके गैराज में आग लगा दी है।

सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली और नुक्कड़ सभा का आयोजन

- कार्यक्रम का उद्देश्य और आयोजन की झलक
- नारे और फूलों से दिया संदेश
- मुख्य वक्ताओं ने दी सीख
- स्थानीय सहभागिता की प्रशंसा

निज संवाददाता | छतरपुर (पलामू)

जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं और उनमें हो रहे जान-माल के नुकसान को देखते हुए सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए छतरपुर में एक विशेष रैली और नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि की पूर्वसंध्या पर अंचल कार्यालय के नेतृत्व में आयोजित किया गया। रैली में सैकड़ों की संख्या में छात्रों, स्थानीय निवासियों और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। अंचलाधिकारी उपेंद्र कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के पालन के महत्व के बारे में जागरूक करना था। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए लोगों को ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करना होगा। उन्होंने बताया कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाएं बेहद चिंताजनक हैं और इसके कारण कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। रैली में शामिल लोगों ने "सुरक्षित चलें, जीवन बचाएं" और "हेलमेट लगाएं, सुरक्षित घर आएं" जैसे नारे लगाए। इसके अलावा, बिना हेलमेट पहने बाइक सवारों और बिना सीट बेल्ट के वाहन चला रहे लोगों को फूल-मालाएं पहनाकर यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। यह अनूठा तरीका लोगों को जागरूक करने और यातायात सुरक्षा का महत्व समझाने के लिए बेहद प्रभावी साबित हुआ। इस मौके पर सीओ उपेंद्र कुमार ने कहा कि सड़क सुरक्षा पर आधारित ऐसे कार्यक्रमों को जिले भर में लगातार चलाया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि विभाग सड़क दुर्घटनाओं की संभावित जगहों की पहचान कर रहा है, ताकि वहां उचित कदम उठाए जा सकें। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ताओं में अरविंद गुप्ता, रविंद्र राम, रामजन्म राम और कामेश्वर पासवान शामिल थे। उन्होंने लोगों से अपील की कि सड़क पर वाहन चलाते समय हेलमेट, सीट बेल्ट और गति सीमा का ध्यान रखें। इस रैली और नुक्कड़ सभा में छतरपुर विकास मंच के अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, मुखिया राजेश्वर राम, पत्रकार रिंकू सिंह, असगर हुसैन, सुरेंद्र सिंह, और अन्य कई प्रमुख लोग शामिल हुए। इसके अलावा चराई के मुखिया सह मुखिया संघ के प्रखंड उपाध्यक्ष रविंद्र राम, किसान ब्रिगेड के कामेश्वर पासवान, रामजन्म राम, रुदवा, चिरु सिलदाग, कालापहाड़, पिंडराही, हूटकदाग और मुरुमदाग के मुखिया भी कार्यक्रम का हिस्सा बने। कार्यक्रम में यूनिवर्सल आइडिया सेवा समिति की दर्जनों छात्राएं भी शामिल हुईं। उनका उत्साह और सक्रिय भागीदारी इस आयोजन को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक रही। कार्यक्रम के अंत में सीओ उपेंद्र कुमार ने घोषणा की कि सड़क सुरक्षा के लिए ऐसे अभियान नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल जागरूकता तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि दुर्घटनाओं के संभावित स्थानों पर सुधारात्मक कदम भी उठाए जाएंगे। इस रैली और सभा ने सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने में बड़ी भूमिका निभाई। स्थानीय लोगों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे अत्यंत प्रभावी बताया और भविष्य में इस प्रकार के आयोजनों की मांग की।

बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत किसानों को बीज का किया गया वितरण, कृषि उन्नति पर चर्चा

निज संवाददाता | हरिहरगंज (पलामू)

शुक्रवार को प्रखंड सभागार में बिरसा फसल विस्तार योजना (एनएफएसएम) के तहत एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रखंड के 60 किसानों के बीच सरसों, मसूर, चना और गेहूं के बीज वितरित किए गए। यह बीज रवि फसल के लिए पंजीकृत किसानों को प्रदान किए गए। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रखंड कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार और बीटीएम सुशील कुमार मिश्रा ने किया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि बिरसा फसल विस्तार योजना का उद्देश्य किसानों को बेहतर और उन्नत किस्म का बीज उपलब्ध कराना है, ताकि उनकी फसल की पैदावार बढ़े और उन्हें अधिक लाभ प्राप्त हो। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे कृषि विभाग द्वारा दिए गए बीजों का सही तरीके से इस्तेमाल करें और फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए समय पर खेत की देखभाल करें। कार्यक्रम के दौरान बीटीएम सुशील कुमार मिश्रा ने किसानों को फसल चक्र (क्रॉप रोटेशन) की उपयोगिता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि खेत में एक ही प्रकार की फसल बार-बार उपजाने से भूमि की उर्वरता घटती है। इसलिए किसानों को समय-समय पर बदल-बदल कर फसल उगानी चाहिए। इससे न केवल मिट्टी की उर्वरक क्षमता बनी रहती है, बल्कि किसानों की आय में भी वृद्धि होती है। मिश्रा ने यह भी बताया कि राज्य सरकार की विभिन्न योजनाएं किसानों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए चलाई जा रही हैं। उन्होंने किसानों से इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि राजेश राम, पंचायत समिति सदस्य सत्येंद्र भुइयां और किसान नेता रघुनंदन यादव भी उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सरकार किसानों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है। बीज वितरण जैसी योजनाएं किसानों के लिए एक बड़ा सहारा हैं। उन्होंने किसानों से आधुनिक तकनीकों को अपनाने और कृषि वैज्ञानिकों की सलाह लेने पर जोर दिया। बीज प्राप्त करने वाले किसानों ने इस पहल की सराहना की और इसे उनके लिए लाभदायक बताया। उन्होंने कहा कि उन्नत किस्म के बीज उन्हें बेहतर उत्पादन देने में मदद करेंगे। साथ ही, सरकार से यह मांग भी की कि ऐसी योजनाओं का दायरा बढ़ाया जाए, ताकि अधिक से अधिक किसान इसका लाभ उठा सकें। बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत किसानों को न केवल बीज वितरित किए जा रहे हैं, बल्कि उन्हें उन्नत खेती की तकनीक और नई कृषि विधियों की जानकारी भी दी जा रही है। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने किसानों से चर्चा की और उनकी समस्याओं को सुना। यह आश्वासन दिया गया कि कृषि विभाग उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेगा।

बच्चे ने खाया जहरीला पदार्थ, हालत गंभीर

देवघर (नि.सं.)। जिले के सारवां थाना क्षेत्र के जियापानी गांव में एक दुखद घटना सामने आई है, जिसमें दो साल के एक बच्चे ने घर में रखे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। इसके बाद बच्चे की हालत बिगड़ गई, जिसे तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल देवघर लाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे अस्पताल के वार्ड में भर्ती कर लिया है। मामले की जानकारी के बाद डॉक्टरों ने घटना की सूचना ओपी प्रभारी को दी है। इस बीच, बच्चे के परिजनों ने बताया कि वह घर के आंगन में खेल रहा था, तभी उसने बगल में रखे जहरीले पदार्थ को खा लिया, जिससे उसकी स्थिति गंभीर हो गई। बच्चे के माता-पिता तुरंत उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने मामले का अनुसंधान शुरू कर दिया है और यह जानने की कोशिश कर रही है कि आखिरकार घर में जहरीले पदार्थ को किस तरह रखा गया था।

आंगनबाड़ी केंद्रों में नल जल भौतिक सत्यापन रिपोर्ट अविलंब समर्पित करने का डीसी ने दिया निर्देश

निज संवाददाता | दुमका

जिला उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में शुक्रवार को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) तथा जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों की विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में नल जल (टैप कनेक्शन) के भौतिक सत्यापन के कार्य को शीघ्रता से पूरा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने यह भी कहा कि इस रिपोर्ट को अविलंब समर्पित किया जाए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में नल जल योजना पूरी तरह से लागू हो चुकी है। बैठक में गोवर्धन योजना के तहत जरमुंडी तथा रानेश्वर क्षेत्र में किए गए कार्यों का भी जायजा लिया गया, जिनकी योजना पूरी हो चुकी है और अब इन योजनाओं के उद्घाटन की दिशा में कदम उठाए जाने हैं। इसके अलावा, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के आदर्श गांवों की प्रगति पर भी विचार किया गया, और संबंधित अधिकारियों को इन गांवों में कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने बैठक के दौरान जोर दिया कि इन योजनाओं के सफल कार्यान्वयन के लिए सभी विभागों के बीच समन्वय बनाए रखा जाए और योजनाओं की समयबद्ध रूप से निगरानी की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि योजनाओं का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए सभी अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों का पूरी तरह से निर्वहन करना होगा।

एएनएम के पास कुपोषण संबंधित दवाइयां होनी चाहिए उपलब्ध : श्रीराम नाथ रे

निज संवाददाता | चक्रधरपुर

अनुमंडल अस्पताल चक्रधरपुर के सभागार में शुक्रवार को स्वास्थ्य कर्मियों की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अंशुमन शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला कुपोषण उपचार समन्वयक श्रीराम नाथ रे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य कुपोषण उन्मूलन, टीकाकरण और टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करना था। श्रीराम नाथ रे ने अपने संबोधन में एएनएम (ऑक्सिलरी नर्स मिडवाइफ) को कुपोषण से जुड़े कार्यों में सुधार के लिए प्रशिक्षित किया। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि कुपोषण उपचार में प्रयुक्त दवाइयों की सभी एएनएम के पास पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित होनी चाहिए। इसके साथ ही, उन्होंने निर्देश दिया कि टीकाकरण दिवस पर चिन्हित बच्चों की चिकित्सा जांच अनिवार्य रूप से की जाए, ताकि उनकी सेहत की स्थिति का सही आकलन किया जा सके। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अंशुमन शर्मा ने स्वास्थ्य कर्मियों को संबोधित करते हुए टीकाकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टीकाकरण अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए सभी स्वास्थ्य कर्मियों को विशेष प्रयास करने होंगे। इसके अतिरिक्त, उन्होंने टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम के तहत जामिद और सिलफोड़ी पंचायतों को चुना गया है। इन पंचायतों में सीएचओ (समुदाय स्वास्थ्य अधिकारी), सहिया (सामुदायिक स्वास्थ्य सहायक), और एएनएम को बलगम जांच के लिए दिए गए लक्ष्यों को पूरा करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान यूनिसेफ की टीम ने एएनएम को दिशा कार्यक्रम के तहत विशेष प्रशिक्षण दिया। इसके माध्यम से उन्हें पोषण और स्वास्थ्य देखभाल से संबंधित कार्यों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही, पुरुष नसबंदी माह को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश साझा किए गए। जिला कुपोषण समन्वयक श्रीराम नाथ रे ने स्वास्थ्य कर्मियों को कुपोषण के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने और इसे जड़ से खत्म करने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कुपोषण के उपचार में प्रयुक्त दवाओं के वितरण में किसी भी तरह की कमी नहीं होनी चाहिए। साथ ही, उन्होंने एएनएम को बच्चों और गर्भवती महिलाओं की नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने की सलाह दी। बैठक में शीत श्रृंखला इंचार्ज कुमारी इंदिरा ने दवाओं और टीकों के सही भंडारण और वितरण की जानकारी दी। डाटा मैनेजर रंजना कुमारी ने स्वास्थ्य संबंधी डाटा प्रबंधन और रिपोर्टिंग के महत्व को रेखांकित किया। अकाउंट मैनेजर मनोज कुमार साह ने स्वास्थ्य योजनाओं में बजट प्रबंधन पर प्रकाश डाला। इस दौरान, स्वास्थ्य कर्मियों को उनके काम के प्रति जागरूक करने और उनकी जिम्मेदारियों को स्पष्ट करने के लिए कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की गई।

भाजपाइयों ने पुण्यतिथि पर डॉ. भीमराव अंबेडकर को किया याद, प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया श्रद्धांजलि अर्पित

निज संवाददाता | दुमका

बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को भाजपा दुमका के कार्यकर्ताओं ने अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष श्रीधर दास के नेतृत्व में डीसी चौक स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के विचारों और उनके संघर्षों को याद करते हुए उनके योगदान को सराहा और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा के कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन, उनके संघर्ष और समाज में उनके योगदान को उजागर किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने सामाजिक समानता, न्याय और अधिकारों की दिशा में अपना पूरा जीवन समर्पित किया। उन्होंने भारतीय समाज के कमजोर वर्गों और शोषित समुदायों के अधिकारों की रक्षा के लिए संविधान में महत्वपूर्ण प्रावधानों को शामिल किया, जो आज भी भारतीय समाज के लिए मार्गदर्शक बने हुए हैं। उनका योगदान भारतीय लोकतंत्र के लिए अमूल्य है और हमें उनके विचारों को अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है।

कार्यकर्ताओं ने यह भी कहा कि डॉ. अंबेडकर के जीवन से हमें यह सिखने को मिलता है कि समाज में समानता और न्याय की स्थापना के लिए लगातार संघर्ष जरूरी है। उनके द्वारा स्थापित किए गए संविधान के मूल्यों को हमें समझना चाहिए और उन्हें अपने जीवन में अपनाना चाहिए। यह केवल डॉ. अंबेडकर का योगदान नहीं, बल्कि यह पूरे भारतीय समाज की दिशा तय करने वाला योगदान है। उनके दिखाए रास्ते पर चलकर हम एक समान और न्यायपूर्ण समाज का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य निवास मंडल, डॉ. अंजुला मुर्मू, शर्मिला सोरेन, जिला महामंत्री पवन केशरी, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह बिट्टू, मार्शल ऋषिराज टुडू, विवेकानंद राय, गुंजन मरांडी, बिमल मरांडी, रूपेश मंडल, अमन राज, दीपांशु कोचगावे, ओम केसरी, दिनेश सिंह सहित अन्य प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर बाबा साहेब के योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का संकल्प लिया और उनके विचारों का प्रचार-प्रसार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमें बाबा साहेब के विचारों को न केवल अपने जीवन में अपनाना चाहिए, बल्कि आने वाली पीढ़ी को भी उनके योगदान के बारे में शिक्षित करना चाहिए, ताकि हम एक ऐसे समाज का निर्माण कर सकें, जहां हर व्यक्ति को समान अधिकार और अवसर प्राप्त हो। कार्यक्रम के समापन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया और उनके दिखाए रास्ते पर चलकर एक सशक्त और समान समाज बनाने के लिए काम करने का संकल्प लिया।

किसानों को दिया गया कीट रोग नियंत्रण प्रशिक्षण

गोड्डा (नि.सं.)। एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, रांची द्वारा संयुक्त कृषि भवन, गोड्डा के आत्मा कार्यालय में जिले के विभिन्न प्रखंडों के प्रगतिशील किसानों को राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली (एनपीएसएस) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। किसानों को बताया गया कि एनपीएसएस ऐप की मदद से वो अपने खेत में लगने वाले कीट रोग की पहचान कर ऐप में दी गई सलाह को अपनाकर कीट रोग नियंत्रण कर सकते हैं। विभिन्न फसलों में लगने वाले कीट बीमारियों पर किसानों के साथ चर्चा की गई तथा उनके प्रबंधन हेतु विभिन्न तकनीकों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में जिला उद्यान अधिकारी आशीषण मिंज, एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, रांची के कार्यालय प्रमुख पौध संरक्षण अधिकारी अशोक कुमार एच.पी. तकनीकी सहायक नीतीश कुमार सुमन एवं पूर्णेन्द्र मिश्र,, विषय वस्तु विशेषज्ञ (पादप रोग) सूर्य भूषण, आत्मा, गोड्डा कार्यालय के बीरेंद्र प्रताप समेत अन्य अधिकारी गण एवं जिले के विभिन्न प्रखंडों के प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

विचार-मंथन

संपादकीय

अब और बढ़ेगी महंगाई की मार

डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत में गिरावट से अर्थव्यवस्था को एक और झटका लगा है। चालू वित्तवर्ष की दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद घट कर 5.4 फीसद पर आ गया। उसमें सबसे बुरी गत विनिर्माण और आठ प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों की रही। थोक और खुदरा महंगाई अपने उच्च स्तर पर बनी हुई हैं। विदेशी मुद्रा भंडार लगातार कम हो रहा है। ऐसे में डालर के मुकाबले रुपए की कीमत अब तक के सर्वाधिक निचले स्तर 84.76 पर पहुंच जाने से स्वाभाविक ही चिंता बढ़ गई है। रुपए की कीमत गिरने का असर सीधे-सीधे आम उपभोक्ता की जेब पर पड़ता है। पहले ही लोग महंगाई की मार झेल रहे हैं, अब यह और बढ़ जाएगी। इसलिए कि कच्चे तेल से लेकर खाने के तेल, दवाओं के लिए कच्चा माल आदि बहुत कुछ बाहर से मंगाना पड़ता है, जिसका भुगतान डालर में करना पड़ता है। फिर विदेश यात्रा और विदेशों में पढ़ाई कर रहे छात्रों पर भी खर्च का बोझ बढ़ जाएगा। रुपए की कीमत गिरने की बड़ी वजह फिलहाल डालर के मजबूत होने और नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ब्रिक्स देशों को डालर का उपयोग न करने पर सौ फीसद शुल्क लगाने की चेतावनी बताई जा रही है। पर लंबे समय से रुपए की कीमत में नरमी का रुख बना हुआ है। कहा जा रहा था कि सरकार विदेशी मुद्रा भंडार के जरिए इस नरमी को कम करने का प्रयास करती रही, मगर नाकाम साबित हुई है। इसकी एक वजह बढ़ती महंगाई है, जो रिजर्व बैंक के ऊंची रेपो दर लागू करने के बावजूद काबू में नहीं आ रही। फिर, जब से अमेरिकी डालर मजबूत होना शुरू हुआ है और ट्रंप राष्ट्रपति चुने गए हैं, विदेशी निवेशकों ने भारत से अमेरिका की तरफ रुख कर लिया है। निर्यात में बढ़ोतरी लाना सरकार के सामने बड़ी चुनौती है। मगर फिर भी हकीकत से आंखें चुराने की कोशिश ही देखी जाती है। जब केंद्र में यूपीए सरकार थी, तब भाजपा कहते न थकती थी कि रुपए की गिरती कीमत उसका इकबाल गिरने की निशानी है। मगर विचित्र है कि वह खुद इसे संभाल नहीं पा रही।

बुरे फंसे बाइडन

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने बेटे हंटर बाइडन को आपराधिक मामलों में माफी देकर अपने कार्यकाल के आखिरी दिनों को विवादास्पद बना दिया है। विशेष परिस्थितियों में किसी दोषी को माफी देना राष्ट्राध्यक्ष का विशेषाधिकार होता है, लेकिन यहां जिस तरह से उसका इस्तेमाल किया गया, उसे लेकर सवाल उठ रहे हैं। यह मामला सीधे-सीधे परिवारवाद का है और अगर राष्ट्रपति जैसे पद पर बैठी शख्सियत इस तरह के फैसले लेगी, तो उससे जनता के विश्वास को चोट ही पहुंचेगी। बाइडन के पूरे कार्यकाल में उनके बेटे हंटर भी चर्चा में रहे। उन पर दो गंभीर संघीय अपराध साबित हुए थे। एक, बंदूक खरीदने के दौरान ड्रग्स इस्तेमाल करने से जुड़ी गलत जानकारी देना और दूसरा केस टैक्स चोरी का था। हंटर को इसी महीने के आखिर में दोनों केस में सजाएं होनी थीं, लेकिन अपने पिता की 'दया' से अब उन पर कोई आरोप नहीं है। इसने डॉनल्ड ट्रंप को पूछने का मौका दे दिया है कि जनवरी 2021 में हुए दंगे में शामिल लोगों को भी क्या माफी दी जाएगी? कोई हैरत नहीं, अगर अगले महीने पद संभालने जा रहे ट्रंप अपने समर्थकों को नए साल के तोहफे में माफी दे दें। बाइडन इसलिए भी इस मामले में घिर रहे हैं, क्योंकि उन्होंने गंभीर आपराधिक मामलों में अपने विशेषाधिकार का इस्तेमाल किया। आमतौर पर इस तरह के निर्णय मानवीयता के आधार पर लिए जाते हैं या फिर उन जगहों पर, जहां मामले राजनीतिक प्रकृति के हों। वैसे, अपनों को राहत देने वाले बाइडन अकेले अमेरिकी राष्ट्रपति नहीं। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में दामाद को और बिल क्लिंटन ने चचेरे भाई को माफी दी थी। हालांकि दोनों केस में सजा हो चुकी थी, जबकि यहां राष्ट्रपति ने पहले ही क्षमा दे दी, जिसे न्याय व्यवस्था में दखल कहा जाएगा। भारत में भी राष्ट्रपति और राज्यपाल के पास सजा को कम करने या माफ करने का अधिकार है। मंशा जो भी रही हो, लेकिन इस तरह के कदम कई बार विवाद भी पैदा कर देते हैं। 2013 में यूपी सरकार ने सीरियल ब्लास्ट के संदिग्धों पर से इस आधार पर केस वापस लेने का फैसला लिया था कि आरोप राजनीति से प्रेरित थे। हालांकि तब हाईकोर्ट को दखल देना पड़ा। स्टेट हेड को क्षमा का अधिकार इसलिए दिया गया है, ताकि न्याय प्रणाली में मानवीयता बनी रहे। यह आखिरी हथियार की तरह है, जिसका इस्तेमाल तभी किया जाता है।

बुद्धिजीविता बनाम व्यक्ति निर्माण- संघ की दूरगामी दृष्टि

(शिवेश प्रताप)

संघ न तो व्यक्ति को केवल बुद्धि आधारित जीवन जीने की शिक्षा देता है और न ही ऐसी किसी प्रवृत्ति को बढ़ावा देता है। अपनी प्रार्थना में संघ का स्वयंसेवक 'सुशीलं जगद्येन नम्रं भवेत' कहकर ऐसा शुद्ध शील-चारित्र्य मांगता है जिसके समक्ष सम्पूर्ण विश्व नतमस्तक हो जाये। हाल ही में आजतक के साहित्यिक मंच पर पत्रकार राहुल देव और कवि नरेश सक्सेना ने एक गंभीर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, 'आरएसएस सौ साल से बौद्धिक कर रहा है, किंतु आज तक ऐसा कोई बुद्धिजीवी नहीं पैदा कर पाया, जिसका नाम संघ के बाहर कोई जानता हो।' यह सवाल जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही विचारणीय भी। ऐसा कह इस कवि-पत्रकार द्वय ने अपने वैचारिक दिवालियेपन से समाज का परिचय कराया और यह बताया की ये बेचारे संघ की रीति और नीति से कितने अनभिज्ञ हैं। इन्हें यह समझना चाहिए की वामपंथ की तरह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ख़ालिस बुद्धिजीवी पैदा करने की फैक्ट्री नहीं है। संघ का उद्देश्य वास्तविक चरित्र-व्यक्ति निर्माण है, न कि बुद्धिजीविता से कुण्ठित भीड़ का सृजन। संघ न तो व्यक्ति को केवल बुद्धि आधारित जीवन जीने की शिक्षा देता है और न ही ऐसी किसी प्रवृत्ति को बढ़ावा देता है। अपनी प्रार्थना में संघ का स्वयंसेवक 'सुशीलं जगद्येन नम्रं भवेत' कहकर ऐसा शुद्ध शील-चारित्र्य मांगता है जिसके समक्ष सम्पूर्ण विश्व नतमस्तक हो जाये। संघ का उद्देश्य बुद्धि को बढ़ावा देना नहीं है, संघ विचार को बढ़ावा देता है। 'विजेत्री च नः संहता कार्यशक्ति' कहकर हम विजयशालिनी संघठित कार्यशक्ति के द्वारा 'परं वैभवं नेतुमेतत् स्वराष्ट्रं' यानि राष्ट्र के वैभव को उच्चतम शिखर पर पहुँचाने का सामर्थ्य मांगते हैं। संघ का हर कार्य आत्मभाव, समर्पण और त्याग पर आधारित है। संघ व्यक्ति निर्माण और चरित्र निर्माण का मंच है। इसका लक्ष्य हर स्वयंसेवक को भारत माता की सेवा के लिए तैयार करना है। संघ के लिए बुद्धिजीविता साध्य नहीं है, बल्कि यह समाज और राष्ट्रहित में कार्य करने वाले व्यक्तियों को तैयार करने का माध्यम है। आज के समाज में बुद्धिजीविता को एक शक्ति के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, लेकिन यह समझना आवश्यक है कि बुद्धिजीविता केवल क्षणिक परिवर्तन ला सकती है। इसके विपरीत, व्यक्ति निर्माण का प्रभाव दीर्घकालिक और समाज के हर क्षेत्र में सकारात्मक होता है। संघ बुद्धिजीविता की अल्पकालिक चमक के बजाय व्यक्ति निर्माण के दीर्घकालिक प्रभाव में विश्वास रखता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) इसी व्यक्ति निर्माण की दिशा में पिछले सौ वर्षों से कार्य कर रहा है। पूर्व राज्यपाल आचार्य विष्णुकान्त शास्त्री जी कहा करते थे की बुद्धिजीवी का अर्थ है ऐसा व्यक्ति जो अपनी बुद्धि के आधार पर जीविका चलाता हो। जब बुद्धि के आधार पर जीविका चलाने को महिमामंडित किया गया, तब समाज में कई गंभीर समस्याएं उत्पन्न हुईं। बीते दशकों में यह सत्य भी होता दिखाई दिया है, डॉक्टरों ने मरीजों को केवल पैसा कमाने का साधन मान लिया, शिक्षकों ने कक्षाओं से गायब होकर 'अर्बन नक्सल' बनने का रास्ता चुना और छात्रों ने 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' बनाकर समाज में विघटनकारी गतिविधियों को बढ़ावा दिया। वामपंथी बुद्धिजीविता ने समाज को हिंसा, विभाजन और अशांति के अलावा कुछ नहीं दिया। यह बुद्धिजीविता पूंजीवादी नेक्सस का हिस्सा बनकर समाज को खोखला करती है। वामपंथ ने श्रमिकों को 'बुद्धिजीवी' बनने का सपना दिखाया, लेकिन इसके परिणामस्वरूप कलकत्ता से कानपुर तक औद्योगिक संयंत्र बंद हो गए। श्रमजीवी लोगों को दाने-दाने का मोहताज कर दिया। इस विचारधारा ने परिवार और सामाजिक मूल्यों को कमजोर किया और देशभक्ति व सांस्कृतिक चेतना पर भी आघात किया। राहुल देव और नरेश सक्सेना को याद दिलाना चाहता हूं कि आज वह जिस बुद्धिजीविता का महिमा मंडन कर रहे हैं इस वामपंथी बुद्धिजीविता के राजनैतिक गढ़ त्रिपुरा को कुछ वर्ष पहले संघ के चार समर्पित स्वयंसेवकों श्री श्यामलकांति सेनगुप्ता, श्री दीनेंद्र डे, श्री सुधामय दत्त तथा श्री शुभंकर चक्रवर्ती ने अपने प्राणोत्सर्ग से उखाड़ फेंका। इन चारों को अपहरण 6 अगस्त 1999 को त्रिपुरा के कंचनपुर के वनवासी कल्याण आश्रम के छात्रावास से हुआ था और बाद में उनकी हत्या कर दी गई थी। आपकी सोने की बनी बुद्धिजीवी लंका को व्यक्तिनिर्माण की पूंछ ही जलाकर भस्म करती है। त्रिपुरा ने व्यक्ति निर्माण से आपकी बुद्धिजीविता को उत्तर दिया, आगे और भी नाम जुड़ेंगे। वामपंथी और पूंजीवादी नेक्सस आज इतना मजबूत हो चुका है कि पूरी दुनिया इसके प्रभाव में है। राष्ट्र की संकल्पना में बुरु तरह विफल वामपंथी बुद्धिजीविता ने अब अपना रूप बदल समाज में भ्रम फैलाकर परिजीवी के रूप में पूंजीवाद को प्रश्रय दे रहा है। अमेरिका से भारत तक बुद्धिजीविता ने पूंजीवाद की दासी बनकर राजनीति और समाज में अपनी जगह बनाई। भारत से लेकर अमेरिका तक राष्ट्रभाव का उत्थान इन परिजीवियों के लिए संकट के रूप में खड़ा हुआ है इसलिए ये इतने बेचैन हैं। राहुल देव और नरेश सक्सेना का यह सवाल कि 'संघ ने कोई बुद्धिजीवी क्यों नहीं पैदा किया?' उचित है और इस तरह से वामपंथी गिरोह के हरावल दस्ते के दो बेरोजगार सेनापति आज जब अपने पुराने बुद्धिजीवी अखाड़े में संघ को ललकार रहे हैं तो यह नास्टैल्जिया उनकी बेचारगी को प्रगट कर रहा है। राहुल देव और नरेश सक्सेना जी काश आप इस विषय पर भी विचार करते की जिस देश को तोड़ने के लिए आने वैचारिक पूर्वज लगे रहे और पाकिस्तान बनवाया तो उस पाकिस्तान में आपका बुद्धिजीवी अवशेष क्यों नहीं मिलता? पुनः एक बार कहना चाहूँगा संघ बुद्धिजीवी पैदा करने का मंच नहीं है। यह एक सामाजिक और सांस्कृतिक यज्ञ है जिसमें सौ वर्षों से अनगिनत प्रचारकों, स्वयंसेवकों नें 'मैं नहीं, तू ही' कह-कह कर स्व जीवन की आहुति दे दिया है। संघ का उद्देश्य व्यक्ति को राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए तैयार करना है। संघ के चरित्रबल और कार्यों ने यह सिद्ध किया है कि समाज का उत्थान बुद्धिजीविता से नहीं, बल्कि नैतिकता और त्याग से होता है। वामपंथी बुद्धिजीविता जहां समाज में विभाजन और अशांति का कारण बनी है, वहीं संघ ने अपने सौ वर्षों के साधना से शांति, समरसता और राष्ट्रभक्ति का दीप जलाया है। **(आईआईएम कलकत्ता से शिक्षित, लोकनीति विश्लेषक तथा संघ अध्येता हैं)**

> *वामपंथ ने श्रमिकों को 'बुद्धिजीवी' बनने का सपना दिखाया, लेकिन इसके परिणामस्वरूप कलकत्ता से कानपुर तक औद्योगिक संयंत्र बंद हो गए। श्रमजीवी लोगों को दाने-दाने का मोहताज कर दिया। इस विचारधारा ने परिवार और सामाजिक मूल्यों को कमजोर किया और देशभक्ति व सांस्कृतिक चेतना पर भी आघात किया।*

संभल जैसे मामलों में फैसला अदालतों से हो

(अवधेश कुमार)

देश में असहज वातावरण बना हुआ है। काशी-मथुरा से लेकर संभल और अजमेर तक उठे मुद्दों ने ऐसी तस्वीर पेश की है मानो केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकारों की शह पर हिंदुओं का बहुत बड़ा समूह ज्यादा से ज्यादा मस्जिदों को ध्वस्त कर हिंदू स्थलों के निर्माण की तैयारी के लिए आगे बढ़ चुका है। क्या वाकई सच यही है? इसका उत्तर है, नहीं।

बयान की याद : इस समय आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत का 2 जून, 2022 को नागपुर में दिया गया वक्तव्य याद किया जा रहा है। उन्होंने कहा था कि अयोध्या, काशी और मथुरा की मान्यता रही है, लेकिन हर मस्जिद में मंदिर क्यों तलाशें? तब परंपरागत संघ विरोधियों ने उनके बयान को पाखंड व ज्यादातर मुस्लिम नेताओं ने आंखों में धूल झोंकना बताया था। आज वही लोग जगह-जगह भागवत की पंक्तियों को उद्धृत कर पूछ रहे हैं कि फिर ऐसा क्यों हो रहा है? संघ विरोधियों की तरफ से ऐसी प्रतिक्रिया आएगी ही, लेकिन संघ को समझने वाले जानते हैं कि भागवत के बयान के बाद कोई स्वयंसेवक ऐसा नहीं कर सकता।

ऐतिहासिक सच : ऐसा नहीं है कि संघ या हिंदू समाज के अंदर अपने प्राचीन धार्मिक स्थलों की वापसी की कामना नहीं है। यह ऐतिहासिक सच है कि इस्लामी आक्रमणकारियों और शासकों ने यहां कई धर्मस्थलों को ध्वस्त किया और उनकी जगह मस्जिद या अन्य इस्लामी भवन निर्मित हुए। मुसलमानों के बीच भी इसे स्वीकार करने वाले लोग हैं। लेकिन सवाल है कि इसका समाधान क्या है? क्या हर जगह ऐसे स्थलों को अदालत में ले जाना जरूरी है?

त्वरित निदान नहीं : संघ ही नहीं, कई लोगों को भी लगता है कि धर्मस्थल वापस मिलने चाहिए। समस्या यह है कि भारत में ऐसे हजारों स्थान हैं। जिस संगठन को दूरगामी हिंदू राष्ट्र के लक्ष्य पर काम करना है, वह ऐसी जटिल समस्याओं के इस तरह त्वरित निदान का रास्ता नहीं अपना सकता। कई जगह संघर्ष पुराना है, जैसे- काशी, मथुरा, भोजशाला। इसी तरह, संभल में भी राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन नहीं दिखा, पर वहां हरिहर मंदिर मुक्ति के भाव से काम करने वाले पहले से सक्रिय हैं। इनके बीच ऐसे लोग भी न्यायालय में चले गए, जिनका कोई दूरगामी सकारात्मक उद्देश्य नहीं है और न विषयों की गहरी समझ है। इसका यह अर्थ बिल्कुल नहीं कि इनका समाधान न हो।

सुनियोजित साजिश : सभी जानते हैं कि कोई भी मस्जिद सर्वे से मंदिर में नहीं बदल सकती। अदालत में मामला है तो न्याय, संविधान और कानून की परिधि में रहकर संघर्ष करना चाहिए। हमारी चिंता वर्तमान विश्व में बढ़ती जटिलताएं और भारत की आंतरिक शांति, एकता, अखंडता और विकास है।

झूठ फैलाया जा रहा : भाजपा और संघ को लेकर लंबे समय से दुष्प्रचार किया जा रहा है। अतिवादी पक्षों ने मुसलमानों के एक बड़े समूह के अंदर यह गलत जानकारी घर कर दी है कि खतरा सीधे मजहब और वजूद पर है। बड़े-बड़े मजहबी, राजनीतिक नेता और इस्लामी विद्वान अगर झूठ बोलते हैं कि उनकी मस्जिदें छीनी जा रही हैं, मदरसे तोड़े जा रहे हैं तो इसका सीधा असर होता है। सच यह है कि भारत में किसी भी मजहब या संप्रदाय का स्थल बिना न्यायिक आदेश के परिवर्तित हो ही नहीं सकता और न हुआ है।

सच की अनदेखी : ये मामले इसलिए भी जटिल हो गए क्योंकि आजादी के बाद किसी भी सरकार ने समाधान का प्रयास नहीं किया। सरदार वल्लभ भाई पटेल, कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी, डॉ. राजेंद्र प्रसाद आदि की पहल पर जिस तरह की कोशिश सोमनाथ मंदिर के लिए हुई, वैसी दूसरी जगहों के लिए भी हो सकती थी। सच कहें तो विभाजन के बावजूद सरकारों ने मुस्लिम समुदाय से जुड़े मामलों को छूने से परहेज किया। सरकारों के इस रवैये के खिलाफ लोगों में गुस्सा पनपता रहा।

सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5574

	9	6		4			3	
	5	7	8	2				
1			9			5		
		9		1				8
5								2
4				9		6		
		4			3			1
				7	9	2	6	
	2			5		9	8	

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5573

2	3	5	6	4	7	9	8	1
1	8	9	5	3	2	4	7	6
7	4	6	8	9	1	2	5	3
4	5	1	9	7	8	3	6	2
3	6	8	1	2	5	7	9	4
9	7	2	3	6	4	5	1	8
6	9	7	4	1	3	8	2	5
8	1	3	2	5	9	6	4	7
5	2	4	7	8	6	1	3	9

वर्ग पहेली 5574

1	2	3		4	■	5	6
7			■	8	9		
10			11	■		■	
■		■	12	13	■	14	
■	■	15	■	16			■
■	17		18		■	19	20
21				■	22		
■	23		■	24		■	

संकेत: बाएं से दाएं

1. 15 जुलाई 2011 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने पीएसएलवीसी 17 के जरिए जी सेट-2 ए का यहां से सफल प्रक्षेपण किया (5)
5. महिला, स्त्री, औरत (2)
7. सुपर स्टार सलमान खान की जन्म भूमि मध्यप्रदेश के इस अंचल में स्थित है (3)
8. जिसकी मंद बुद्धि हो (4)
10. कृपा करना, दया करना (4)
12. पुराणानुसार पांचवा लोक जहां से मनुष्य उत्पन्न हो, लोग, जनता (2)
14. आकृति के अनुसार बनाया गया चित्र (2)
16. चंद्रमा, चांद, कौमुदी, चांदनी (4)
19. दक्षिणी अमेरिका के प्रशांत तट स्थित देश (2)
21. लूट का माल, संतोष की बात (2)
22. रिवाल्वर को अंग्रेजी में यह कहते है (3)
23. पदप्रहार, ठोकर, पदाघात (2)
24. भाई, सहोदर, भ्राता (2)

ऊपर से नीचे

1. महोदय, पुरूषों के नाम के पूर्व लगने वाला आदर सूचक शब्द (3)
2. मिष्ठान बनाकर बेचने वाला व्यवसायी (4)
3. रस्म, प्रथा, रीति (3)
4. लकड़ी, भूसा आदि बेचने की दुकान (2)
5. किसी वस्तु, प्राणी आदि का बोधर सूचक शब्द (2)
6. परिपाटी, अनुकुल, प्रथागत (4)
9. अनाज को खाकर खोखला या पोला करने वाला एक छोटा कीड़ा (2)
11. गर्व, घमंड, फख्र (2)
13. दीवार में चोरी करने के लिए बनाया गया छेद (3)
14. यह हंगरी देश की राजधानी है (4)
15. कमर में लपेटकर पहनने वाला एक प्रकार का परिधान (4)
17. 7100 द्वीपों वाले पुंज फिलीपींस की यह राजधानी है (3)
20. रैखिक मापी, फुटा, नपैना, नापी (3)
22. पिता, जनक (संस्कृत) (2)

वर्ग पहेली 5573 का हल

द	ला	ई	ला	मा	■	अ	■
स	म	■	ला	न	टे	नि	स
दि	■	ता	रा	■	क	ल	मी
व	न	रा	ज	■	नो	■	र
सी	न	■	प	ह	ला	■	■
य	■	ना	त	■	जि	■	मां
■	अ	क	रा	■	स्ट	डी	■
त	क्ष	■	य	क्ष	■	न	ब्ज

आज का राशिफल

मेष

आज करियर में सफलता प्राप्त होगी और आपका दिन परजिनों से साथ खुशी में बीतेगा। आपको दोपहर तक कोई शुभ समाचार मिल सकता है। भाग्यवश दोपहर तक हर्षवर्धक शुभ समाचार भी मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। सांयकाल के समय चिर प्रतीक्षित अतिथि के आगमन का हर्ष होगा।

वृष

आज करियर के मामले में लाभ होगा और करियर के मामले में आपके लिए कुछ बड़े परिवर्तन हो सकते हैं और आपको लाभ होगा। आपके कुछ साथियों का मूड खराब हो सकता है। मेष राशि के लोगों का दिन दूसरों की मदद करने में बीतेगा और आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं। आप अपने अच्छे व्यवहार से माहौल को अपने हिसाब से बना लेंगे।

कर्क

आज दिन बेहद अच्छा रहने वाला है। मकर राशि वालों का कल बौद्धिक विकास होगा, जिसकी वजह से जीवन के महत्वपूर्ण निर्णय आसानी से ले पाएंगे। कल आपका ध्यान व्यक्तिगत विकास पर केंद्रित होगा और पर्सनल व प्रोफेशनल लाइफ में मन लगाकर काम करते हुए दिखाई देंगे। व्यापारियों के लिए कल का दिन मुनाफा बढ़ाएगा।

सिंह

आज जो भाग्य कार्य करेंगे, उसमें भाग्य का साथ मिलने से सफल अवश्य होंगे, इसलिए कल वही कार्य करने की सोचें जो आपको अधिक प्रिय हो। अगर कल आप किसी नए कारोबार में निवेश करने की सोच रहे हैं तो उसके लिए दिन अच्छा रहेगा। आप कल किसी करीबी दोस्त की मदद के लिए आगे आएंगे, जिसमें आपको कुछ पैसे भी खर्च करने पड़ेंगे।

मिथुन

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके लिए तरक्की के योग बने हैं। स्वजनों से सुख, पारिवारिक मंगल कार्यों की खुशी होगी। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर क्रोध पर काबू रखें। घर गृहस्थ की समस्या सुलझ जाएगी। राजकीय मदद भी मिलेगी।

कन्या

आज अपनी पहचान बड़े लोगों में बनाने में कामयाब रहेंगे। जोखिम पूर्ण कार्य पूरा करने से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। छोटे भाई बहन या पड़ोसियों के साथ रिश्तो में तनाव आ सकता है। आपके प्रयास धन को संचित करने में सहायक सिद्ध होंगे।

तुला

आज राजनीतिक क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी और भाग्य आपका साथ देगा। आपके सम्मान में वृद्धि होगी और आपको भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। संतान के प्रति दायित्व की पूर्ति होगी और आप प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे। आपके सभी रुके कार्य पूर्ण होंगे और आपको भाग्य का साथ मिलेगा। शाम से लेकर रात तक आपको आनंद की प्राप्ति होगी।

वृश्चिक

आज लाभ होगा और शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि के योग हैं। आपको आय के नए स्रोत बनेंगे, वाक्पटुता आपको विशेष सम्मान दिलाएगी। भागदौड़ विशेष रहने के कारण मौसम का विपरीत प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ सकता है, सावधान रहें। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य पर्याप्त मात्रा में मिलेगा। यात्रा, देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद रहेगी।

मकर

आज लाभ होगा और आपके लिए तरक्की के योग बनेंगे। आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी और भाग्य साथ देगा। आपके धन, सम्मान, यश, कीर्ति में वृद्धि होगी। रुका हुआ कार्य सिद्ध होगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी। वाणी पर संयम न रखने से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। शाम के समय आपके कारोबार में वृद्धि होगी और भाग्य का साथ मिलेगा।

कुंभ

आज दिन खर्च वाला रहेगा और आपके सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। आधीनस्थ कर्मचारी या किसी संबंधी के कारण तनाव काफी बढ़ सकता है। बेहतर होगा कि आप धन के लेन-देन में सावधानी बरतें, धन फंस सकता है। आपको किसी कारण से कोर्ट कचहरी के चक्कर काटने पड़ सकते हैं और इसमें आपकी विजय होगी। भाग्य का साथ मिलेगा और आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं।

धनु

आज दिन शुभ है और आपको पिता के आशीर्वाद तथा उच्चाधिकारियों की कृपा से बहुमूल्य वस्तुओं की प्राप्ति होगी। आपकी योजनाएं सफल होंगी और आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं। आपकी व्यस्तता अधिक रहेगी। बेहतर होगा कि आप व्यर्थ व्यय से बचें। वाहनों के प्रयोग से सावधानी बरतें। महान पुरूषों से आपको मदद मिलेगी और आपकी तरक्की होगी।

मीन

आज तरक्की का दिन है और आपको कहीं से अचानक से बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होगी। आपका बैंक बैलेंस बढ़ेगा और कारोबार की सभी योजनाएं सफल होंगी। कोष की स्थिति को सुदृढ़ करेगा। व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी। राज्य मान प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी। शीघ्रता व भावुकता में लिया गया निर्णय आगे चलकर पश्चाताप का कारण बन सकता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

संक्षिप्त समाचार

नगालैंड में 34 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ नष्ट किए गए

दीमापुर , एजेंसी। नगालैंड पुलिस ने दीमापुर में 34 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ नष्ट किए हैं। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मादक पदार्थ निस्तारण समिति (डीडीसी) ने जब्त किए गए मादक एवं मन : प्रभावी पदार्थों को बृहस्पतिवार को दीमापुर नगर परिषद के 'डंपिंग ग्राउंड' में नष्ट किया। नष्ट किए गए मादक पदार्थ में 'ब्राउन शुगर' और हेरोइन, क्रिस्टल मेथ तथा अफीम शामिल हैं। 'मेथाम्फेटामाइन' को मेथ भी कहते हैं और यह एक तेज तथा बेहद नशीला पदार्थ है जो केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है। अधिकारी ने कहा, ''इन प्रतिबंधित पदार्थों को सीपी दीमापुर के अंतर्गत पुलिस थानों में स्वापक औषधि एवं मन : प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 के तहत दर्ज 79 मामलों में जब्त किया गया था।'' उन्होंने बताया कि नष्ट किए जाने का यह कार्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में किया गया।

मणिपुर : इंफाल पश्चिम में प्रतिबंधित संगठन के तीन सदस्य गिरफ्तार

इंफाल, एजेंसी। मणिपुर पुलिस ने जबरन वसूली और अवैध हथियार रखने के आरोप में इंफाल पश्चिम जिले से प्रतिबंधित संगठन के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार फयेंग इलाके में बृहस्पतिवार को पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की संयुक्त टीम ने तलाश अभियान के दौरान कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीपुल्स वार ग्रुप) के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया। टीम ने उनके पास से एक देसी पिस्तौल और गोला-बारूद बरामद किया। बयान में कहा गया, ''वे जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल थे।'' बयान के अनुसार, कांगचुप में उनके ठिकानों की तलाशी के दौरान अवैध हथियार बनाने का साजो सामान भी मिला।

गुरुग्राम : चिकित्सा सहायक ने इमारत की सातवीं मंजिल से छलांग लगाई, इलाज के दौरान मौत

गुरुग्राम , एजेंसी। गुरुग्राम में 21 वर्षीय चिकित्सा सहायक ने एक आवासीय सोसायटी की इमारत की सातवीं मंजिल से कथित तौर पर छलांग लगा दी जिसके बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार बिहार की मूल निवासी जूली चिकित्सा सहायक के तौर पर काम करती थी और एक बुजुर्ग दंपति की सहायता रही थी, जिनका बेटा विदेश में रहता है। पुलिस ने बताया कि एक दिसंबर को रात करीब 8 : 30 बजे उसने इमारत की सातवीं मंजिल से छलांग लगा दी। पुलिस ने बताया कि वह गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बुधवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया, मृतका के परिवार वालों ने कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। उसका शव उन्हें सौंप दिया गया है और जांच जारी है।

नोएडा पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया

नोएडा, एजेंसी। नोएडा में थाना सेक्टर 113 पुलिस ने बृहस्पतिवार की रात मुठभेड़ के दौरान दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया, जिसकेपास से विभिन्न जगहों से लूटे हुए सात मोबाइल फोन, वारदातों में इस्तेमाल होने वाली मोटरसाइकिल, देसी तमंचा बरामद किया। गिरफ्तार किए गए बदमाशों ने स्वीकार किया कि वे लूटपाट के दर्जनों मामलों में शामिल रहे हैं। आरोपियों की पहचानऋषभ और नरेश के रूप में हुई है। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि थाना सेक्टर 113 पुलिस बृहस्पतिवार की रात परथला चौक के पास जांच कर रही थी तभी मोटरसाइकिल पर सवार दो बदमाश आते हुए दिखाई दिए। उन्होंने बताया कि शक होने पर पुलिस ने बदमाशों को रुकने का इशारा किया लेकिन वे भागने लगे। उन्होंने बताया कि पीछा करके पुलिस ने बदमाशों को घेर लिया। अपर पुलिस उपायुक्त ने बताया कि खुद को घिरा हुआ देखकर बदमाशों ने पुलिस पर ताबड़तोड़ गोली चला दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने भीजवाबी कार्रवाई करते हुए गोली चलाई। कुमार ने बताया कि ऋषभ और नरेश के पैर में गोली लगी, जिससे दोनों घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गति वही है, केवल हमारी भूमिकाएं बदल गई हैं : मुख्यमंत्री फडणवीस

मुंबई, एजेंसी। भाजपा नेता देवेन्द्र फडणवीस ने गुरुवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। पांच साल बाद मुख्यमंत्री के रूप में फडणवीस की वापसी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आजाद मैदान में समारोह में शामिल हुए। वहीं, एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। शपथ लेने के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के साथ उनके उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने मंत्रालय में छत्रपति शिवाजी महाराज और डॉ. बीआर अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद देवेंद्र फडणवीस ने पुणे के मरीज चंद्रकांत शंकर कुरहाडे को अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण उपचार के लिए मुख्यमंत्री चिकित्सा राहत कोष से 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए हस्ताक्षर किए। वहीं, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने कोलाबा में शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इन तमाम प्रक्रियाओं के बाद फडणवीस ने अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

फडणवीस ने कहा कि पिछले 2.5 साल में हमने महाराष्ट्र के विकास के लिए काम किया है और यहां से भी हम महाराष्ट्र के विकास के लिए काम करेंगे और हम अब नहीं रुकेंगे, दिशा और गति वही है, बस हमारी भूमिकाएं बदल गई हैं। उन्होंने कहा कि हम महाराष्ट्र की भलाई के लिए फैसले लेंगे। हम उन कार्यों को पूरा करना चाहते हैं जिनका उल्लेख हमने अपने घोषणा पत्र में किया है। शपथ ग्रहण के बाद राज्य कैबिनेट की पहली बैठक में देवेंद्र फड़नवीस ने प्रशासन को और अधिक तेजी और जोश के साथ काम करने का निर्देश दिया.

बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि आइए अब गति बढ़ाएं और गहराई तक जाकर और अच्छे निर्णय लेकर सतत विकास कैसे हासिल किया जाए, इस दृष्टिकोण से काम करें। फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र सामाजिक, बुनियादी ढांचे, औद्योगिक क्षेत्रों में तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ता रहेगा। उन्होंने कहा कि मैं नहीं मानता कि (सरकार बनाने में) ऐसी कोई देरी हुई है। इससे पहले भी 2004 में करीब 12-13 दिन की देरी हुई थी। 2009 में करीब 9 दिन की देरी हुई थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें यह समझना होगा कि जब गठबंधन सरकार होती है तो कई फैसले लेने पड़ते हैं। गठबंधन सरकार में परामर्श बहुत बड़े पैमाने पर करना पड़ता है। हमने वह परामर्श कर लिया है और हमने पोर्टफोलियो को भी लगभग अंतिम रूप दे दिया है, कुछ बाकी है, हम वह भी करेंगे। उन्होंने कहा कि एकनाथ शिंदे और अजित पवार मेरे साथ हैं। लोग एक स्थिर सरकार चाहते हैं, इसलिए उन्होंने हमें चुना है और हम साथ रहेंगे और काम करेंगे। हम माझी लड़की बहिन योजना जारी रखेंगे।

एक साल का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने पेश करेंगे : विष्णुदेव साय

रायपुर , एजेंसी। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एक साल का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने पेश करेंगे। एक साल पूरा करने के उपलक्ष्य में कई कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इनके बारे में भी सीएम साय ने विस्तार से बताया। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, एक साल में हमारी सरकार की जो भी उपलब्धि है, सरकार ने छत्तीसगढ़ की जनता के लिए बीते एक साल के दौरान जो विकास कार्य किए हैं। हम लोग अपना रिपोर्ट कार्ड पेश करेंगे। सीएम ने विभिन्न कार्यक्रमों का जिक्र किया। बोले, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बस्तर ओलंपिक और पुलिस अवार्ड कार्यक्रम में शामिल होंगे। हम लोगों ने दिल्ली आकर उन्हें आमंत्रण दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने निमंत्रण स्वीकार कर समारोह में शामिल होने के लिए अपनी सहमति दी है।

वहीं, नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ पर मुख्यमंत्री ने कहा, जिस तरह से पिछले एक वर्ष से उनके साथ मजबूती से लड़ाई लड़ी जा रही है इससे नक्सली बौखलाए हुए हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से एक्स पर पोस्ट कर लिखा गया, नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त हुए हमारे जांबाज, प्रधान आरक्षक बिरेंद्र कुमार सोरी की शहादत को नमन करता हूं। शहीद बिरेंद्र कुमार सोरी नक्सल ऑपरेशन में वीरतापूर्ण कार्य के लिए पूर्व में आरक्षक से प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत हुए थे। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि वह दिवंगत पुण्यात्मा को शांति और शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करें। मातृभूमि के लिए प्राण न्योछावर करने वाले हर देशभक्त का त्याग और बलिदान, हमें देश की रक्षा के प्रति प्रेरित करता रहेगा। राष्ट्र आपकी वीरता और समर्पण का सदैव ऋणी रहेगा। एक दूसरे पोस्ट में लिखा गया कि शासन की योजनाओं से प्रभावित होकर सुकमा में एक महिला समेत 7 नक्सलियों ने सुरक्षा बल के जवानों के सामने आत्मसमर्पण किया है। भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया गया है। पुनर्वास नीति के तहत इन्हें सुविधाएं दी जाएंगी।

नए जिले, उपमंडल और तहसील बनाने के लिए चार सदस्यीय कमेटी का गठन, 3 महीने में सरकार को सौंपेगी रिपोर्ट

चंडीगढ़ , एजेंसी। हरियाणा में नए जिले, उप मंडल, तहसील और उप तहसील बनाने के लिए 4 सदस्यीय कमेटी का गठन हुआ है। यह कमेटी तीन महीने में अध्ययन करके हरियाणा का सरकार को रिपोर्ट सौंपेगी। भारतीय जनता पार्टी शासित हरियाणा में नए जिले, उप मंडल, तहसील और उप तहसील बनाने के लिए इस चार सदस्यीय कमेटी का अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार को बनाया गया है। जरूरत पड़ने पर कमेटी कुछ विधायकों को भी जोड़ सकती है। प्रदेश में नए जिले, उपमंडल, तहसील और उप-तहसील बनाने की कवायद फिर से शुरू हो गई है। इसको लेकर बनाई गई कमेटी जिला, तहसील और कस्बों की प्रशासनिक सीमा में बदलाव को लेकर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। कमेटी बनाने का आदेश वित्तायुक्त राजस्व और राजस्व एवं आपदा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की तरफ से जारी किया गया है।

जरूरत के हिसाब से कुछ विधायकों को भी कमेटी में शामिल करने पर सोचा जा सकता है। वहीं, इन सबके अलावा वित्तायुक्त और विकास एवं पंचायत विभाग के प्रधान सचिव रिपोर्ट तैयार करने में कमेटी की मदद करेंगे। ज्ञात हो कि इससे पहले इस कार्य के लिए एक कमेटी बनाई गई थी। दरअसल, विधानसभा चुनाव से पहले जून में तत्कालीन कैबिनेट मंत्री कंवर पाल गुर्जर की अध्यक्षता में कमेटी बनी थी। इसमें जय प्रकाश दलाल, महिपाल ढांडा और सुभाष सुधा मौजूद थे। लेकिन कंवर पाल गुर्जर, जेपी दलाल और सुभाष सुधा के चुनाव हारने की वजह से सैनी सरकार को इस कमेटी का पुनर्गठन करना पड़ा। करनाल के असंध, सिरसा के डबवाली, गुरुग्राम के मानेसर और हिसार के हांसी को काफी लंबे वक्त से जिला बनाने की मांग चली आ रही है। हालांकि वर्तमान में हांसी और डबवाली पुलिस जिले हैं और उनको सामान्य जिला बनाने में ज्यादा व्यवधान उत्पन्न नहीं होगा।

तेलंगाना सरकार का लक्ष्य महिला स्वयं सहायता समूहों की एक करोड़ सदस्यों को करोड़पति बनाना : रेड्डी

हैदराबाद, एजेंसी। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने कहा है कि उनकी सरकार महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की एक करोड़ सदस्यों को विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों में शामिल करके उन्हें करोड़पति बनाने की योजना पर काम कर रही है। रेड्डी ने राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा के साथ बृहस्पतिवार को यहां महिला स्वयं सहायता समूहों के 'इंदिरा महिला शक्ति बाजार' का उद्घाटन करने के बाद कहा कि उनकी सरकार महिलाओं के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं लागू कर रही है, जिनमें सरकारी बसों में उनके लिए मुफ्त यात्रा, 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति, गरीबों के लिए 200 यूनिट तक बिजली की नि : शुल्क आपूर्ति और 'इंदिरा महिला शक्ति' भोजनालय जैसी पहल शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार स्वयं सहायता समूहों को सौर ऊर्जा संयंत्र भी आवंटित कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में स्वयं सहायता समूहों में सदस्यों की कुल संख्या 65 लाख है और इसे एक करोड़ किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''इसे एक करोड़ बनाना आपकी जिम्मेदारी है। एक करोड़ (महिलाओं) को करोड़पति बनाना मेरी जिम्मेदारी है।'' रेड्डी ने कहा कि अगले साल वह 10 अविभाजित जिलों का दौरा करेंगे और प्रत्येक जिले में एक लाख महिलाओं के साथ बैठकें करेंगे। राज्यपाल ने स्वयं सहायता समूहों की महिला सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी इच्छा है कि वे देश में नेतृत्व की जिम्मेदारी निभाएं।

फर्जी बीईएमएस डिग्री रैकेट का भंडाफोड़, 14 फर्जी डॉक्टर गिरफ्तार

सूरत, एजेंसी। गुजरात के सूरत में फर्जी बैचलर ऑफ इलेक्ट्रो-होम्योपैथी मेडिसिन एंड सर्जरी (ङ्कश्वरूस्) डिग्री रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है. सूरत पांडेसरा पुलिस ने 14 फर्जी डॉक्टरों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो लोग भी शामिल हैं जो पूरे गुजरात में झोलाछाप डॉक्टरों को फर्जी प्रमाणपत्र मुहैया करा रहे थे. बताया जाता है कि पांडेसरा पुलिस ने गुजरात में फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है. पांडेसरा पुलिस ने सूरत के डॉ. रसेश गुजराती और अहमदाबाद से बीके रावत को गिरफ्तार कर लिया है. दोनों आरोपी अब तक 1200 से ज्यादा लोगों को ऐसी फर्जी डिग्रियां बांट चुके हैं. इतना ही नहीं आरोपियों के द्वारा महज 70,000 से 80,000 रुपये लेकर बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी की डिग्री प्रदान कर दी जाती थी.

1,200 से अधिक फर्जी डॉक्टरों की पोल खुलेगी : आरोपियों ने पिछले 20 वर्षों में केवल आठवीं या दसवीं कक्षा की शिक्षा वाले 1,200 से अधिक लोगों को फर्जी डिग्री के साथ डॉक्टर बनाया है. बताया जाता है कि जिसने भी रुपया दिया, उसे एक सप्ताह के भीतर प्रमाणपत्र दे दिया गया. आरोपी झोलाछाप डॉक्टर बनाने से पहले उस शख्स को दो-पांच दिन के लिए अपने ऑफिस में बुलाते थे और ट्रेनिंग या प्रमोशन देने का झांसा देते थे.

फर्जी डिग्री से सुरक्षा का सर्टिफिकेट : फर्जी डिग्री देकर भी शुरू किया वसूली का धंधा. जिसमें उन्होंने दो मॉडल पर काम किया गया. एक मॉडल में, डिग्री चाहने वाले से प्रति वर्ष 5,000 रुपये का नवीनीकरण शुल्क लिया जाता था. दूसरे मॉडल में, प्रमाणपत्र धारक को प्रति माह 5,000 रुपये का भुगतान करना होता था, जिसके बदले में उसे पुलिस और कानून से सभी सुरक्षा का वादा किया गया था. फिलहाल आरोपी रसेश गुजराती और बी. के. रावत पांडेसरा पुलिस हिरासत में हैं. पुलिस ने मुख्य दो आरोपियों, पैसे वसूलने के लिए नियुक्त किए गए दो व्यक्तियों और जबरन वसूली और धोखाधड़ी सहित अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज की है और आगे की जांच कर रही है.

जान बचाने वाले एएसआई की तस्वीर शेयर कर भावुक हुए सुखबीर सिंह बादल

अमृतसर, एजेंसी। अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में जानलेवा हमले के बाद शिरोमणि अकाली दल प्रमुख और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल बाल-बाल बच गए। उन्होंने अपनी जान बचाने वाले दो पुलिस अधिकारियों को गले लगा लिया। एक पूर्व आतंकवादी नारायण सिंह चौड़ा ने बादल पर गोली चलाई थी, लेकिन सादे कपड़ों में मौजूद पुलिसकर्मियों ने हमलावर को काबू में कर लिया था। बादल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एएसआई जसबीर सिंह और हीरा सिंह की तस्वीरें पोस्ट कीं जो उनकी सुरक्षा में शामिल हैं।

बादल ने पोस्ट में लिखा, किसी की जान बचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डालना कोई आसान बात नहीं है। एएसआई जसबीर सिंह और एएसआई हीरा सिंह दोनों ही प्रकाश सिंह जी बादल के समय से हमारे परिवार का हिस्सा रहे हैं। बादल ने कहा, मेरा परिवार और मैं कल उनके द्वारा दिखाए गए साहस का ऋण नहीं चुका सकते। भगवान उन्हें लंबी आयु, अच्छा स्वास्थ्य और सभी खुशियां दें।

बता दें कि चौड़ा को गुरुवार को अमृतसर की एक अदालत ने तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। उसे कड़ी सुरक्षा के बीच अदालत में पेश किया गया था। बचाव पक्ष के वकील ने अमृतसर में संवाददाताओं को बताया कि पंजाब पुलिस ने सात दिन की हिरासत मांगी थी, लेकिन अदालत ने उसे तीन दिन के लिये हिरासत में भेजा है।

चौड़ा को आठ दिसंबर को फिर से अदालत में पेश किया जाएगा। एडवोकेट ने कहा कि चौड़ा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 (हत्या का प्रयास) और शस्त्र अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। चौड़ा ने पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री बादल को निशाना बनाकर नजदीक से गोली चलाई, जिसके बाद सादे कपड़ों में मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसे काबू कर लिया।

यह घटना वहां मौजूद मीडियाकर्मियों के कैमरों में रिकॉर्ड हो गई। सुखबीर पंजाब में 2007 से 2017 के बीच अकाली दल शासन के दौरान सरकार की 'गलतियों' के लिए धार्मिक प्रायश्चित के तौर पर स्वर्ण मंदिर के मुख्य द्वार पर दूसरे दिन 'सेवादार' के रूप में सेवा कर रहे थे, जिसे कवर करने के लिए मीडियाकर्मी वहां मौजूद थे।

गाजियाबाद में गरजे बुलडोजर, कुछ ही घंटों में वसुंधरा की 400 झुग्गियां ध्वस्त

गाजियाबाद एजेंसी। गाजियाबाद के वसुंधरा सेक्टर तीन और चार में अवैध रूप से बसाई गईं 400 झुग्गियों पर आवास एवं विकास परिषद ने गुरुवार को बुलडोजर चला दिया। भारी विरोध के बीच पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में प्रवर्तन दल की टीम ने यह कार्रवाई की।

वसुंधरा सेक्टर तीन और चार में चार हेक्टेयर जमीन पर ग्रुप हाउसिंग और वाणिज्यिक उपयोग के 17 भूखंड खाली थे, जिन्हें नीलामी में सालों पहले नहीं खरीदा गया था। इन पर धीरे-धीरे अवैध रूप से झुग्गियां बसा दी गईं। करीब 10 साल से झुग्गियों का कब्जा होने के कारण नीलामी में इन भूखंडों के लिए कोई रुचि नहीं दिख रहा था। झुग्गियां हटाने के लिए परिषद ने पुलिस बल मांगा था। गुरुवार को पुलिस बल मिला तो प्रवर्तन दल की टीम ने दोपहर से शाम तक लगातार कार्रवाई की। इस दौरान लोगों ने परिषद के खिलाफ नारेबाजी की।

झुग्गियों में रहने वाले लोगों ने बुलडोजर के आगे आकर कार्रवाई रोकने का भी प्रयास किया। हालांकि, मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने लोगों को हटा दिया। भारी पुलिस बल के चलते कोई कड़ा विरोध नहीं कर सका और सभी 400 झुग्गियां परिषद ने हटा दीं।

अधीक्षण अभियंता अजय कुमार मित्तल ने बताया कि चार हेक्टेयर जमीन पर सालों से बसी झुग्गियां गुरुवार को हटा दी गई हैं। यहां परिषद के 17 भूखंड हैं, इनकी चारदीवारी कराई जाएगी। साथ ही मुख्यालय को भूउपयोग बदलने का प्रस्ताव भी भेजा जाएगा। प्राइम लोकेशन वाले इन भूखंडों से परिषद को 600 करोड़ रुपये का राजस्व मिल सकता है, इसलिए इन्हें जल्द से जल्द नीलाम कराने की का प्रयास किया जाएगा।

गाजियाबाद जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) की योजनाओं का लाभ लोगों तक जल्द पहुंचाने के लिए विभाग की योजनाओं के कार्यों में तेजी लाई जाएगी। इसे लेकर गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। बैठक में 269 निर्माण कार्यों के लिए 58 करोड़ रुपये के प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए।

यूपी के 4 भाजपा विधायकों को झटका, गाजियाबाद बार ने रद्द की सदस्यता, 2 मंत्री भी शामिल

गाजियाबाद एजेंसी। गाजियाबाद बार एसोसिएशन ने उत्तर प्रदेश के चार भाजपा विधायकों की सदस्यता रद्द कर दी है। बार की तरफ से जिनकी सदस्यता रद्द की गई है उनमें-मंत्री सुनील शर्मा, राज्यमंत्री नरेंद्र कुमार कश्यप, लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर और मुरादनगर विधायक अजील पाल त्यागी शामिल हैं। बार एसोसिएशन के फैसले में कहा गया है कि इन जनप्रतिनिधियों ने बार एसोसिएशन के नोटिस के बाद भी वकीलों हड़ताल को लेकर अपना रुख स्पष्ट नहीं किया था।

जानकारी के अनुसार, गाजियाबाद में वकीलों पर लाठीचार्ज के विरोध में

वकीलों की हड़ताल 38वें दिन भी जारी रही। इस दौरान गुरुवार को दो मंत्रियों और दो विधायकों की गाजियाबाद बार एसोसिएशन की सदस्यता रद्द करने का फैसला लिया गया।

दरअसल, जमीन से जुड़े एक मामले में जमानत को लेकर 29 अक्टूबर को वकीलों और जिला जज के बीच कोर्ट रूम में बहस हो गई थी। विवाद बढ़ता देखकर बड़ी संख्या में वकील जिला जज की अदालत में पहुंच गए और हंगामा किया। इस पर पुलिस ने कथित तौर पर वकीलों पर लाठीचार्ज कर दिया था। इसमें कई वकील घायल हो गए थे। इसके बाद वकीलों ने अदालत में मौजूद पुलिस चौकी में तोड़फोड़ की थी। इस पर अदालत की ओर से वकीलों पर मुकदमे दर्ज कराए गए। इसी दिन से वकीलों ने कचहरी में काम बंद किया हुआ है। गुरुवार को धरनास्थल पर जनप्रतिनिधियों के रुख को लेकर रोष जाहिर किया गया।

पिछले दिनों बार एसोसिएशन की ओर से जनप्रतिनिधि वकीलों को नोटिस जारी करते हुए हड़ताल पर रुख स्पष्ट करने को कहा गया था। गुरुवार तक किसी भी जनप्रतिनिधि ने वकीलों की चल रही हड़ताल के प्रति अपना रुख स्पष्ट नहीं किया। बार एसोसिएशन के सचिव अमित नेहरा ने बताया कि इन दिनों आंदोलन को 56 वकीलों की समिति संचालित कर रही है। गुरुवार को समिति की बैठक हुई, जिसमें सर्वसम्मति से मंत्री सुनील शर्मा, राज्यमंत्री नरेंद्र कुमार कश्यप, मुरादनगर विधायक अजील पाल त्यागी और लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर की बार एसोसिएशन की स्थायी सदस्यता रद्द करने का फैसला लिया गया।

मांजरेकर ने बताया कोहली के टेस्ट औसत गिराने का कारण, दूसरे टेस्ट में आउट होने के बाद खोला राज

एडीलेड, एजेंसी। भारत के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर का मानना है कि दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली की ऑफ स्टंप के बाहर अपनी कमजोरी को दूर करने का तरीका नहीं तलाशने की 'जिद के कारण उनका बल्लेबाजी औसत 50 से घटकर 48.13 पर आ गया है। कोहली ने बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला में पर्थ में खेले गये शुरुआती टेस्ट में शतक लगाकर खेल के पारंपरिक प्रारूप में लंबे समय से चले आ रहे शतकों के सूखे को खत्म किया था।

वह हालांकि शुक्रवार को यहां शुरू हुए दूसरे टेस्ट में अपनी लय बरकरार नहीं रख सके और सात रन पर आउट हो गए। कोहली वामहस्त तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की ऑफ स्टंप के बाहर उछाल लेती गेंद पर बल्ला अड़ा कर स्लिप में स्टीव स्मिथ को कैच दे बैठे। कोहली के आउट होने के बाद मांजरेकर ने ट्विटर पर लिखा, 'विराट का औसत अब 48 के आसपास पहुंचने का एक महत्वपूर्ण कारण ऑफ स्टंप के बाहर की कमजोरी है। इससे भी बड़ी बात यह है कि वह इससे निपटने के लिए कोई अन्य तरीका न अपनाने की जिद पर अड़े हैं। कुछ साल पहले तक टेस्ट में कोहली का औसत 54-55 के आसपास था लेकिन लंबे समय तक बड़ी पारी खेलने में विफल रहने के कारण 2022 में उनका औसत 50 के नीचे गिर गया था। ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू श्रृंखला में 15.50 की औसत से सिर्फ 93 रन बनाए थे।

7 से 10 किलो वजन कम करें, पूर्व चयनकर्ता ने पृथ्वी शॉ के लिए भेजा पूरी तरह से बदलाव का संदेश

नईदिल्ली, एजेंसी। पृथ्वी शॉ निश्चित रूप से अपने क्रिकेट करियर के सबसे कठिन दौर से गुजर रहे हैं। अगला सचिन तेंदुलकर कहे जाने वाले दाएं हाथ के बल्लेबाज को पिछले महीने सऊदी अरब के जेद्दा में आयोजित आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में कोई खरीदार नहीं मिला। शॉ को आईपीएल नीलामी में 75 लाख रुपए के बेस प्राइस पर अनसोल्ड रहने से पहले मुंबई की रणजी ट्रॉफी टीम से भी बाहर कर दिया गया था। 2018 अंडर-19 विश्व कप विजेता कप्तान को बड़े प्लेयर के रूप में देखा जा रहा था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में हुई घटनाओं ने उन्हें भारतीय क्रिकेट टीम के विचार से बाहर कर दिया है। वह वर्तमान में चल रही सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मुंबई के लिए खेल रहे हैं, लेकिन अपने खेल से अब तक प्रभावित करने में विफल रहे हैं।

पूर्व बीसीसीआई चयनकर्ता जतिन परांजपे को लगता है कि युवा खिलाड़ी को अपनी मानसिक सोच में पूरी तरह बदलाव की जरूरत है। परांजपे ने अपने कॉलम में इस बाबत अपनी राय साझा की। परांजपे ने यह भी बताया कि शॉ को फिट होने के लिए कुछ वजन कम करने की जरूरत है। पूर्व बीसीसीआई चयनकर्ता ने कहा, अगर मैं पृथ्वी होता, तो मैं जल्दी से मूल्यांकन करता और निष्कर्ष निकालता कि फिटनेस एक बड़ी कमी है। इसके बिना क्रिकेट में उसका भविष्य अनिश्चित है। मैं इस पहलू पर जोर दूंगा, अगर वह ताकत खोए बिना 7 से 10 किलोग्राम वजन कम कर सकता है, तो यह एक महत्वपूर्ण शुरुआत होगी। उन्होंने कहा, अगर मैं उनकी जगह होता, तो मैं रामजी श्रीनिवासन के साथ चेन्नई में 10 दिन बिताता और अगले दो या तीन साल पूरी तरह से इस बदलाव के लिए समर्पित कर देता।

भारत-ऑस्ट्रेलिया डे-नाइट टेस्ट का पहला दिन ऑस्ट्रेलिया के नाम

एडिलेड, एजेंसी। मार्नस लाबुशेन ने नाथन मैकस्वीनी के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलिया को सेंचुरी के करीब पहुंचाया। एडिलेड में डे-नाइट टेस्ट के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया मजबूत स्थिति में पहुंच चुका है। शुक्रवार को भारत ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी, लेकिन टीम 180 रन ही बना सकी। दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने एक विकेट खोकर 86 रन बना लिए, टीम 94 रन से ही पीछे हैं। ऑस्ट्रेलिया से नाथन मैकस्वीनी 38 और मार्नस लाबुशेन 20 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। भारत से इकलौता विकेट जसप्रीत बुमराह ने लिया, उन्होंने उस्मान ख्वाजा (13 रन) को कैच आउट कराया। दूसरे दिन का खेल शनिवार सुबह 9:30 बजे से शुरू होगा। भारत ने मैच की पहली ही गेंद पर यशस्वी जायसवाल का विकेट गंवा दिया था। शुभमन गिल ने 31 और केएल राहुल ने 37 रन बनाकर पारी संभाली। दोनों के आउट होते ही टीम बिखर गई, विराट कोहली 7 और रोहित शर्मा 3 ही रन बना सके। नीतीश रेड्डी ने 42, रवि अश्विन ने 22 और ऋषभ पंत ने 21 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया से मिचेल स्टार्क ने 6 विकेट लिए। पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड को 2-2 विकेट मिले।

- **लाबुशेन-मैकस्वीनी नॉटआउट लौटे, भारत 180 पर ऑलआउट, 94 रन की बढ़त बाकी**

मिचेल स्टार्क ने किया बड़ा कारनामा, 8 साल पुराना ये रिकॉर्ड कर दिया ध्वस्त

पिंक बॉल टेस्ट की शुरुआत भारत के लिए कुछ खास नहीं रही। भले ही रोहित शर्मा और शुभमन गिल की वापसी हो गई हो और प्लेइंग इलेवन में रविचंद्रन अश्विन को भी मौका दिया गया हो, लेकिन इसके बाद भी टीम इंडिया पहली पारी में बड़ा स्कोर बनाने में कामयाब नहीं हो पाई। बड़ी बात ये भी रही कि ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने आज घातक गेंदबाजी की और भारत के करीब करीब सभी बल्लेबाजों को परेशान किया।

उन्होंने भारतीय टीम के 6 बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई। उनका ये भारत के खिलाफ पहली बार 5 विकेट हॉल है। इसके साथ ही उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी कर दिया है और अपना ही करीब 8 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है।

मिचेल स्टार्क ने मैच की पहली ही बॉल पर यशस्वी जायसवाल को किया आउट

मिचेल स्टार्क ने भारत को मैच की पहली ही बॉल पर बड़ा झटका दिया, जब उन्होंने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को आउट कर दिया। इसके बाद टीम इंडिया के लिए केएल राहुल और शुभमन गिल ने अच्छी बल्लेबाजी की, लेकिन वे भी बड़ी साझेदारी रचने में कामयाब नहीं हो पाए। बीच बीच में मिचेल स्टार्क आकर टीम इंडिया की बल्लेबाजी को डिरेल करते रहे। इसका का नतीजा रहा कि टीम इंडिया पहले दो सेशन में ही आउट हो गई और केवल 180 रन ही बना सकी। हालांकि इसी सीरीज के पहले मैच में भारत ने पहली पारी में 150 रन बनाए थे, इसके बाद भी मैच जीत लिया था।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 पर खत्म हुई लड़ाई!

- **आईसीसी ने मानी पाकिस्तान की ये शर्त**
- **अब ऐसे खेला जाएगा टूर्नामेंट**

नईदिल्ली, एजेंसी। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर भारत और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बीच पिछले कई समय से विवाद चल रहा था, लेकिन अब इसका हल निकल गया है. दरअसल, ये टूर्नामेंट पाकिस्तान की मेजबानी में खेला जाना है, लेकिन बीसीसीआई ने अपनी टीम को पाकिस्तान भेजने से मना कर दिया था. तब से ही आईसीसी दोनों बोर्ड के बीच बातचीत करवाने में लगा हुआ था. आखिरकार अब चैंपियंस ट्रॉफी 2025 कब और कहां खेली जाएगी, इसका फैसला हो गया है.

रिपोर्ट के मुताबिक, आईसीसी में अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी को हाइब्रिड मॉडल में आयोजित करने को लेकर आम सहमति बन गई है, जिससे भारत को अपने मैच दुबई में खेलेगा. आईसीसी के एक शीर्ष सूत्र के मुताबिक, दुबई में आईसीसी के नए चेयरमैन जय शाह और पाकिस्तान सहित निदेशक मंडल के बीच एक अनौपचारिक बैठक के दौरान फैसले को कमोबेश आखिरी रूप दिया गया.

आईसीसी सूत्र ने बताया, 'सभी पक्षों ने अपनी सहमति व्यक्त की है कि 2025 चैंपियंस ट्रॉफी यूएई और पाकिस्तान में आयोजित की जाएगी जबकि भारत अपने मैच दुबई में खेलेगा. यह सभी हितधारकों के लिए जीत की स्थिति है.'

आईसीसी ने मानी पाकिस्तान की ये शर्त

हालांकि, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने हाइब्रिड मॉडल के बदले आईसीसी के सामने कुछ शर्तें रखी थीं. आईसीसी ने इनमें से एक शर्त मान ली है. दरअसल, 2027 तक आईसीसी टूर्नामेंट में हाइब्रिड मॉडल का इस्तेमाल किया जाएगा. इस अवधि के दौरान भारत अगले साल अक्टूबर में महिला वनडे वर्ल्ड कप और श्रीलंका के साथ संयुक्त रूप से 2026 पुरुष टी20 टी20 वर्ल्ड कप की मेजबानी करेगा.

अगर हाइब्रिड मॉडल लागू नहीं होता तब भी पाकिस्तान को 2026 में भारत की यात्रा करने के लिए बाध्य नहीं होना पड़ता.बता दें, पाकिस्तान 2031 तक अपने लिए इस तरह की व्यवस्था की मांग की थी, लेकिन आईसीसी ने 2027 तक अपनी सभी प्रतियोगिताओं के लिए हाइब्रिड मॉडल पर सहमति जताई है. आईसीसी के सूत्र ने कहा, '2026 पुरुष टी20 वर्ल्ड कप के दौरान पाकिस्तान अपने मैच श्रीलंका में खेलेगा.

चैंपियंस ट्रॉफी के हाइब्रिड मॉडल में आयोजन के कारण पीसीबी की ओर मांगे गए मुआवजे पर अब भी विचार किया जा रहा है.' ऐसे में अब आईसीसी जल्द से जल्द शेड्यूल को आखिरी रूप देना चाहेगी, ताकी शेड्यूल का ऐलान किया जा सके.

भारत अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में पहुंचा

- श्रीलंका को 7 विकेट से हराया
- वैभव ने 67 रन की पारी में 5 छक्के लगाए

शरजाह, एजेंसी। अंडर-19 एशिया कप के दूसरे सेमीफाइनल में भारत ने श्रीलंका को 7 विकेट से हरा दिया है। शारजाह में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंकाई टीम ने इंडिया को 174 रन का टारगेट दिया। जवाब में भारत ने 21.4 ओवर में 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

वैभव ने सबसे ज्यादा 67 रन बनाए। आयुष म्हात्रे ने 34 रन की पारी खेली। श्रीलंका की तरफ से कप्तान थेवमिका, मनीषा और चामुदिथा ने 1-1 विकेट लिए। कप्तान अमान ने सिक्स लगाकर मैच जिताया। इससे पहले चेतन शर्मा के तीन विकेट की मदद से भारत ने श्रीलंका को 46.2 ओवर में 173 रन पर ऑलआउट कर दिया था। श्रीलंका की तरफ से लैकविन अबेसिंघे ने सबसे ज्यादा 69 रन बनाए। टीम के 6 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाए। भारत की तरफ से चेतन शर्मा के अलावा किरण चोरमाले और आयुष म्हात्रे को 2-2 विकेट मिला। वहीं युद्धजीत और हार्दिक ने 1-1 विकेट लिए।

चेस:

गुकेश-लिरेन की 9वीं बाजी ड्रॉ

- **सिर्फ राजा बचा रहा लगातार 6 बाजियां बराबरी पर छूटीं, दोनों खिलाड़ी एक-एक मैच जीते**

सिंगापुर, एजेंसी। वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप के फाइनल में गुरुवार को डी गुकेश और चीन के डिंग लिरेन की 9वीं बाजी ड्रॉ रही। यह मैच किंग वर्सेज किंग पर ड्रॉ रहा यानी दोनों खिलाड़ियों के पास राजा का मोहरा बचा रहा। इस मुकाबले में 54 चालों के बाद दोनों खिलाड़ी ड्रॉ पर सहमत हुए। 32 साल के चीन ग्रैंड मास्टर लिरेन ने पहला मुकाबला जीता था, जबकि 18 साल के भारतीय ग्रैंड मास्टर गुकेश तीसरी बाजी अपने नाम की थी। दूसरी, चौथी, पांचवीं, छठी, सातवीं और आठवीं बाजी ड्रॉ रही।

लगातार 6 बाजियां ड्रॉ रहीं। मुकाबले में अब तक 7 बाजियां बराबरी पर छूटीं। 9वीं बाजी ड्रॉ रहने के बाद दोनों खिलाड़ियों के 4.5-4.5 अंक हो गए हैं। चैंपियनशिप जीतने के लिए 7.5 पॉइंट चाहिए। शुक्रवार (6 दिसंबर) को आराम का दिन है। इसके बाद दोनों खिलाड़ी शनिवार को फिर मुकाबला शुरू करेंगे। 25 लाख डॉलर (करीब 21.14 करोड़ रुपए) इनामी चैंपियनशिप में अब सिर्फ 5 मुकाबले बचे हैं। अगर 14 राउंड के बाद भी स्कोर बराबर रहता है, तो विनर तय करने के लिए 'फास्टर टाइम कंट्रोल' के तहत बाजियां होंगी।

किंग वर्सेस किंग ड्रॉ क्या है जब किसी चेस मुकाबले के दौरान चेस बोर्ड में दोनों खिलाड़ियों के राजा ही बचते हैं, तो उसे किंग वर्सेज किंग ड्रॉ कहा जाता है। ऐसी स्थिति में किसी एक खिलाड़ी के जीतने की संभावनाएं नहीं रहती हैं। गुकेश ने कैटालान ओपनिंग की, लिरेन टाइम प्रेशर में दिखे गुकेश ने सफेद मोहरों से कैटालान ओपनिंग की। यहां भी लिरेन ने ओपनिंग से निपटने के लिए काफी समय लिया। पहली 14 चालों में गुकेश ने जहां 15 मिनट लिए। वहीं, लिरेन ने 50 मिनट लगाए।

मैच देखने 10 किलोमीटर पैदल चलते थे

अब हॉकी इंडिया लीग में छाप छोड़ने को तैयार हैं कप्तान आमिर अली

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के 20 वर्षीय कप्तान आमिर अली आगामी हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 में अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार हैं।

नीलामी में टीम गोनासिका द्वारा 34 लाख रुपए में खरीदे गए आमिर का भारतीय हॉकी के शीर्ष पर पहुंचना किसी प्रेरणा से कम नहीं है। लखनऊ में जन्मे और पले-बढ़े आमिर एक बाइक मैकेनिक के बेटे हैं। उन्होंने स्कूल के बाद अपने पिता की मदद करने और हॉकी के प्रति अपने जुनून को पूरा करने के लिए काम के साथ-साथ कोचिंग के बीच संतुलन बनाए रखा।

पार्ट-टाइम मैकेनिक के रूप में काम करने से लेकर प्रमुख अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भारतीय जूनियर टीम की कप्तानी करने तक का उनका सफर उनके करियर को परिभाषित करने वाली दृढ़ता और समर्पण को दर्शाता है। अपनी यात्रा और हॉकी खिलाड़ी बनने के लिए उन्हें किस बात ने प्रेरित किया, आमिर ने बताया, अपनी किशोरावस्था के दौरान मैं अपने पिता की बाइक मैकेनिक की नौकरी से शर्मिंदगी महसूस करता था, क्योंकि मैं यह समझने के लिए पर्याप्त परिपक्व नहीं था कि कोई भी काम छोटा नहीं है।

ईस्ट बंगाल एफसी के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी चेन्नइयन एफसी

चेन्नई, एजेंसी। चेन्नइयन एफसी और ईस्ट बंगाल एफसी शनिवार को शाम 5:00 बजे चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में भिड़ेंगी, तो दोनों टीमों का लक्ष्य जीत से अपने अभियान को मजबूती देना होगा। ईस्ट बंगाल एफसी आठ मैचों में एक जीत, एक ड्रा और छह हार से चार अंक लेकर 13 टीमों की तालिका में सबसे निचले स्थान पर बैठी है। हालांकि ईस्ट बंगाल ने अपने पिछले मैच में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड को 1-0 हराकर इस सीजन में जीत का स्वाद चखा था। वहीं, चेन्नइयन एफसी 10 मैचों में तीन जीत, तीन ड्रा और चार हार से 12 अंक लेकर तालिका में नौवें स्थान पर है। वो लगातार दो हार का सिलसिला खत्म करके जीत की पटरी पर लौटना चाहेंगी।

चेन्नइयन एफसी को वापसी की तलाश

कोलकाता क्लबों के खिलाफ रिकॉर्ड- चेन्नइयन एफसी ने कोलकाता के क्लबों के खिलाफ अपने पिछले दो आईएसएल मैच 0-1 के समान स्कोरलाइन से गंवाए हैं, जब वे 26 सितंबर, 2024 को मोहम्मडन एससी से और फिर 30 नवंबर, 2024 को मोहन बागान सुपर जायंट से हारे थे।

शिखर धवन को पैर छूकर किया गया प्रणाम

नेपाल प्रीमियर लीग में 41 गेंदों की पारी से जिताया मैच

नईदिल्ली, एजेंसी। शिखर धवन की टीम में लगातार दो हार के बाद नेपाल प्रीमियर लीग में अपनी जीत का खाता खोल लिया है. टीम करनाली याक्स को मिली पहली जीत की वजह भी शिखर धवन खुद बने, जिन्होंने 41 गेंदों पर सबसे बड़ी पारी खेली. धवन की टीम करनाली याक्स ने 6 दिसंबर को खेले मैच में चितवान राइनोज को हराते हुए लीग में अपनी जीत का खाता खोला. करनाली याक्स की जीत में छाने वाले धवन को इस मैच से एक दिन पहले नेपाल में पैर छूकर प्रणाम भी किया गया था.

धवन के पैर छूने वाला कोई और नहीं बल्कि उनका ही एक फैन था, जिसका हेयरस्टाइल और लुक काफी हद तक उनके ही जैसा था. धवन का बर्थडे 5 सितंबर को था, जिसे नेपाल में उनके फैंस ने धूम-धाम से मनाया. इसी दौरान उनके एक क्रेजी फैन ने पहले तो केक काटा और उन्हें खिलाया, फिर पैर छूकर प्रणाम किया. धवन ने नेपाल में हुए बर्थडे सेलिब्रेशन का वीडियो खुद शेयर किया है. मुकाबले की बात करें तो करनाली याक्स ने टॉस जीतकर चितवान राइनोज को पहले बल्लेबाजी के लिए उतारा. धवन की टीम के कप्तान सोमपाल कामी का पहले गेंदबाजी का फैसला रंग लाया. क्योंकि, उनके गेंदबाजों ने सिर्फ 22 रन पर चितवान राइनोज के 3 विकेट गिरा दिए. हालांकि, इसके बाद चौथे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी होती दिखी, जिसने चितवान राइनोज को 82 रन तक पहुंचा दिया. लेकिन उसके बाद फिर कोई ज्यादा बड़ी साझेदारी होती नहीं दिखी. नतीजा ये हुआ कि चितवान का स्कोर 20 ओवर में 7 विकेट पर 130 रन पर थम गया.

टीम के लिए धवन की पार्टनरशिप

अब करनाली याक्स के सामने 131 रन का लक्ष्य था. शिखर धवन टीम के लिए देव खनाल के साथ ओपनिंग करने उतरे. पहले ही विकेट के लिए दोनों ने मिलकर 53 रन जोड़ दिए. देव के आउट होने के बाद ये साझेदारी टूट गई. मगर धवन एक छोर संभाले खड़े रहे. उन्होंने दूसरे विकेट के लिए भी अर्धशतकीय साझेदारी की, जिसने टीम के स्कोर को जीत की दहलीज तक पहुंचा दिया. शिखर धवन ने 41 गेंदों पर दमदार पारी खेली, जिसमें टीम को जीत का खाता खोलने में मदद की. उन्होंने उन 41 गेंदों पर 1 छक्के और 4 चौके के साथ 45 रन जड़े. इन 45 रनों के साथ धवन मुकाबले में तो टीम के टॉप स्कोरर रहे.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

न्यूज बाइट्स

महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया

औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)। शुक्रवार को जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद में भारत रत्न डा भीमराव अम्बेडकर की 69 वें पुन्य तिथि पर महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया जिसकी अध्यक्षता जिला विधिज्ञ संघ अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय संचालन महासचिव जगनरायण सिंह ने किया, मीडिया प्रभारी अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब अपना जीवन समानता, भाईचारे, मानवता को समर्पित किया था, भीमराव अम्बेडकर साहब भारत के पहले कानून व विधिमंत्री थे, उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उपस्थित सभी अधिवक्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित किया, उपस्थित थे वरीय अधिवक्ता दयानंद शर्मा, अशोक कुमार, मंतोष कुमार, शिव राम, रामानुज शर्मा, संजय कुमार, संत सिंह, धर्मराज राम, राकेश कुमार मुन्ना, शशी भूषण कुमार, अनिल कुमार सिन्हा, अनुराग कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

हसपुरा में बैंक ऑफ़ बड़ौदा की शाखा आरंभ

हसपुरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)। हसपुरा पटेल चौक के गिरजा मार्केट में शुक्रवार की दोपहर बैंक ऑफ बड़ौदा का ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन दाऊदनगर संसा शाखा के प्रबंधक पंकज कुमार ने किया। कहा कि यह केंद्र क्षेत्र के ग्राहकों को बेहतर सुविधा प्रदान करेगा। बैंकर्मी सुमन सिंह,बिरज कुमार,श्रीराम इंश्योरेंस हसपुरा शाखा के प्रबंधक देवेंद्र कुमार, गंगोत्री नर्सिंग इंस्टीट्यूट सह श्री श्रवण कुमार बीएड कॉलेज के सचिव विकास कुमार,बिपिन कुमार,छोटे लाल,बिनोद कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

रफीगंज में मना डॉ. अंबेडकर का 69वां महापरिनिर्वाण दिवस

रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)। रफीगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर का प्रतिमा पर अंबेडकर विचार मंच एवं विकास मित्र के द्वारा 69 वीं महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। उपस्थित लोगो ने अंबेडकर प्रतिमा के पास कैंडल जलाकर एवं माला अर्पण कर दो मिनट का मौन रखा। और उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। प्रतिमा की सौंदर्यकरण हेतु रणनीति तय की गई। इस मौके पर अंबेडकर विचार मंच के अध्यक्ष हरेंद्र कुमार, पूर्व अध्यक्ष रामाशीष दास, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ तुलसी यादव, लालदेव पासवान, जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनील वर्मा, विकास मित्र अध्यक्ष अखिलेश कुमार, वीरेंद्र राम, अजय कुमार, उदय चौधरी, जितेंद्र कुमार,निरपति दास, योगेश कुमार रंजन , संजय कुमार, सोमनाथ रिक्यासन, कमलेश राम, भीम कुमार ,संजय दास ,विनोद कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

जरूरतमंद व दिव्यांगों के बीच कंबल वितरित

रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)। रफीगंज प्रखंड के भल्लू खैरा गांव मे समाजसेवी सरयू दास उर्फ साधु के द्वारा सैकडो जरूरतमंद ,असहाय, दिव्यांगों के बीच कंबल वितरण किया। सरयू दास ने कहा कि बढती ठंढ को देखते हुए हर साल की तरह इस वर्ष भी सैकड़ो असहाय,गरीब, दिव्यांग के बीच कंबल वितरण किया गया। समाजसेवी ने कहा कि मानव जीवन में सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। वास्तविक लाभूक को चिन्हीत कर दिया गया। गरीब लोगों को मदद की जाती है। धर्म और जाति बंधन से दूर हटकर ठंड के मौसम में गर्म कपड़े और कंबल का वितरण किया जाता है।

ऑटो पलटने से आंगनबाड़ी सेविका की मौत

» मृतका के पति और बेटे दोनों दिव्यांग, परिवार पूरी तरह से मीना देवी पर निर्भर » आपदा राहत कोष से 4 लाख रुपये की सहायता

- बीडीओ और सीडीपीओ ने मृतका के परिवार को सभी सरकारी लाभ दिलाने का किया वादा

निज संवाददाता | मदनपुर (औरंगाबाद)

मदनपुर थाना क्षेत्र के एनएच 19 पर रानीकुआं के समीप एक दिल दहला देने वाली घटना घटी, जिसमें 50 वर्षीय आंगनबाड़ी सेविका मीना देवी की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब मीना देवी शुक्रवार को एक ऑटो में आंगनबाड़ी केंद्र के लिए राशन लेकर जा रही थीं। घटना के अनुसार, ऑटो चालक ने रास्ते में एक कुत्ते को बचाने के प्रयास में नियंत्रण खो दिया, जिससे ऑटो पलट गया और मीना देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसा उस स्थान पर हुआ जहां सड़क के किनारे कई वाहनों का आवागमन था, और मीना देवी अपनी दिनचर्या के अनुसार राशन लेकर जा रही थीं। उन्हें तुरंत स्थानीय लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मदनपुर पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। साथ ही ऑटो को भी अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। मृतका पिपरौरा गांव की निवासी थीं और समेकित बाल विकास परियोजना कार्यालय मदनपुर से 11 बोरी चावल लेकर जा रही थीं। यह चावल आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरण के लिए भेजे जाने थे। हादसे के बाद उनके परिवार में गहरा शोक है। मृतका के पति अनिरुद्ध पासवान, जो स्वयं दिव्यांग हैं, और उनके पुत्र दीपक कुमार भी दिव्यांग हैं। इसके अतिरिक्त, मृतका की एक बेटी है और बहु किरण कुमारी के छोटे-छोटे तीन बच्चे हैं। यह परिवार पूरी तरह से मीना देवी पर निर्भर था, और उनकी

अचानक मौत ने परिवार को अभूतपूर्व संकट में डाल दिया है।

घटना के बाद, आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संघ ने गहरी शोक व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन से उचित मुआवजे और सरकारी सहायता की मांग की है। संघ के जिला मंत्री प्रमिला देवी, प्रखंड अध्यक्ष अनिता देवी, कुमारी उर्मिला शर्मा, रिना कुमारी, सुनिता कुमारी और कौशल्या कुमारी ने मिलकर प्रशासन से यह अनुरोध किया है कि मृतका के परिवार को अनुकंपा पर नौकरी प्रदान की जाए, साथ ही 25 लाख रुपये का मुआवजा और आपदा प्रबंधन राहत कोष से सड़क दुर्घटना में मिलने वाले चार लाख रुपये की सहायता भी दी जाए।

इसके अलावा, पिपरौरा पंचायत के मुखिया धनंजय यादव ने भी मृतका के परिवार की मदद के लिए प्रशासन से अपील की है। उन्होंने बताया कि मीना देवी का परिवार बहुत ही मुश्किल परिस्थिति से गुजर रहा है, और इस संकट में प्रशासन की मदद बेहद जरूरी है। बीडीओ अवतुल्य कुमार आर्य और सीडीपीओ स्नेहा सिन्हा ने कहा कि वे सरकारी प्रावधानों के तहत मृतका के परिवार को सभी लाभ दिलवाने की कोशिश करेंगे और उनकी मदद के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है और इस मामले की जांच जारी है। पुलिस ने दुर्घटना की गंभीरता को देखते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है और सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। यह हादसा पूरे इलाके में शोक की लहर पैदा कर गया है, और लोग मृतका के परिवार के लिए न्याय और मदद की उम्मीद कर रहे हैं।

स्कॉर्पियो ने रिक्शा में मारी टक्कर, चालक घायल

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

ओवर ब्रिज के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने एक रिक्शा में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रिक्शा चालक सड़क पर रिक्शा के साथ गिर गया। इसके बाद गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा घायल को सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया। घायल की पहचान गया जिला के इमामगंज थाना क्षेत्र के पथरा गांव निवासी महेंद्र भुइयां के रूप में की गई है। कांग्रेस नेता शाहनवाज उर्फ सल्लू खान ने बताया कि घटना के जानकारी मिलते ही हम लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक स्कॉर्पियो चालक अपनी गाड़ी लेकर फरार हो गया। ये सड़क किनारे रिक्शा के साथ गिरे थे। घायल महेंद्र भुइयां करीब तीन-चार वर्षों से औरंगाबाद में ही रहकर अपने परिवार के भरण पोषण के लिए रिक्शा चलते हैं। सुबह में औरंगाबाद रमेश चौक और आ रहे थे कि पीछे से स्कॉर्पियो में जोरदार टक्कर मार दी। हालांकि डॉक्टर द्वारा घायल की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घायल को दाहिना हाथ और पैर में अधिक चोटें आई हैं। डॉक्टर की देखरेख में घायल का इलाज किया जा रहा है। फोन से घायल के परिजनों को स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी दी है।

निरीक्षी न्यायधीश न्यायमूर्ति ने किया न्यायालय का निरीक्षण

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

शुक्रवार को व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में निरीक्षी न्यायधीश हरीश कुमार ने गहन निरीक्षण किया। इस दौरान जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के मीडिया प्रभारी, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने जानकारी दी कि पटना हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति हरीश कुमार का स्वागत प्रधान जिला जज राजकुमार वन और अन्य न्यायधीशों ने किया। स्वागत समारोह प्रधान जिला जज के चैम्बर में आयोजित हुआ, जहां जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय, महासचिव जगनरायण सिंह, और अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने निरीक्षी न्यायमूर्ति हरीश कुमार को बुके देकर सम्मानित किया और एक मांगपत्र सौंपा। इस मांगपत्र में व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में रिक्त न्यायिक पदों पर शीघ्र न्यायिक जजों की बहाली की मांग की गई। वर्तमान में, प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट और सबजज के कई कोर्ट रिक्त हैं, जिनकी नियुक्ति आवश्यक बताई गई। निरीक्षी न्यायमूर्ति हरीश कुमार ने इस कमी को जल्द दूर करने की सहमति जताई और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान, न्यायमूर्ति हरीश कुमार ने प्रधान जिला जज कोर्ट, परिवार न्यायालय और अन्य न्यायधीशों के कोर्ट का भ्रमण किया, जहां उन्होंने न्यायिक कार्यों का जायजा लिया और अधिवक्ताओं से कोर्ट में बहस भी सुनी। इसके बाद, उन्होंने नवनिर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया, जिसमें नए कोर्ट बिल्डिंग और न्यायिक अधिकारियों के परिसर का निर्माण कार्य शामिल था। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों को शीघ्रता से पूरा करने का आदेश दिया। इसके अलावा, निरीक्षी न्यायमूर्ति हरीश कुमार ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण औरंगाबाद के विधिक सेवा सदन का भी दौरा किया। उन्होंने मध्यस्थता केंद्र और 14 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की जानकारी ली। साथ ही, कैदियों के लिए बने हजात की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

सच्चिदानन्द सिन्हा कॉलेज में तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन, विजेताओं को किया गया सम्मानित

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

शुक्रवार को सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय में तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन हो गया। यह कार्यक्रम राज्य भवन सचिवालय पटना के निदेश के अनुपालन में मगध विश्वविद्यालय बोधगया द्वारा प्रेषित पत्र के आलोक में आयोजित किया गया था। इसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करना था। कार्यक्रम देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया था। यह कार्यक्रम 4, 5 और 6 दिसंबर को निर्धारित था।

इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटक जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के अंतिम दिन सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। भाषण प्रतियोगिता में रितु कुमारी, दीपशिखा और केसर कुमार को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार मिले। पेंटिंग प्रतियोगिता में मनीषा सिंह, अंकित गुप्ता और माधुरी कुमारी को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार मिला। रंगोली प्रतियोगिता में मनीषा सिंह, रितु कुमारी और सिमरन राय को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार मिला। निबंध प्रतियोगिता में खुशबू कुमारी, हर्ष देव और कुसुम कुमारी को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में पम्मी कुमारी, पायल गुप्ता और दीपशिखा को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के शिक्षक और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे, जिनमें डॉक्टर संजीव रंजन, नीतू सिंह, डॉक्टर निहारिका कुमारी, अमित रंजन, मनजीत कुमार, रेणु कुमारी, विभीषण कुमार, अनिल कुमार सिंह, डॉली कुमारी, श्वेता कुमारी, शशि कांत कुमार, निधि राय, मनोज कुमार सिंह (लेखापाल), सौरभ सुमन (प्रधान सहायक) और विकास कुमार शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के कार्यक्रम पदाधिकारी और आइक्यूएसी समन्वयक बहादुर भीम कुमार सिंह ने किया।

अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस का किया गया आयोजन

औरंगाबाद (एसवीवी सं.)। मेरा युवा भारत के तत्वावधान में भव्य रूप से अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस मनाया गया। आयोजन विनोद ट्यूटोरियल की परिसर में किया गया। संस्थान के निदेशक रंजय कुमार, पुरुषोत्तम कुमार, सत्यम कुमार औरअनिल कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गया। वक्ताओं ने नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे आसपास कई ऐसे स्वयंसेवक हैं, जो लोगों की भलाई के लिए लगातार कार्य करते रहते हैं। यह स्वयंसेवक निर्धन लोगों के अधिकारों की रक्षा से लेकर किसी प्राकृतिक आपदा में लोगों की मदद करना, लोगों के स्वास्थ्य, भोजन का प्रबंध करना, बेसहारा लोगों को आसरा देने जैसे कई काम करते हैं। ऐसे में स्वयंसेवक को बढ़ावा देने और इनके द्वारा किए जा रहे कार्यों को सम्मान देने के लिए हर साल 5 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस मनाया जाता है।

एचडीएफसी बैंक द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

शहर के रमेश चौक स्थित एचडीएफसी बैंक में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन का उद्घाटन शहर के प्रतिष्ठित नेता और पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने दीप जलाकर किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद ने रक्तदान के महत्व को उजागर करते हुए कहा कि रक्तदान से किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है, और समाज में इस तरह के आयोजनों से सकारात्मक बदलाव लाने में मदद मिलती है।

शिविर में 10 लोगों ने स्वेच्छिक रूप से रक्तदान किया, जो समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी और जागरूकता को दर्शाता है। शाखा प्रबंधक विकास कुमार ने बताया कि एचडीएफसी बैंक हर साल पूरे देश में ऐसे रक्तदान शिविरों का आयोजन करता है। यह विशेष मुहिम 2018 में शुरू की गई थी, और तब से यह हर साल देशभर में सफलतापूर्वक आयोजित की जा रही है। इस साल भी इस शिविर में न केवल स्थानीय लोग, बल्कि बाहरी व्यक्तियों को भी रक्तदान करने के लिए आमंत्रित किया गया था, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों की मदद की जा सके।

रक्तदान शिविर में शामिल होने वाले अन्य प्रमुख लोग निकेत कुमार, प्रशांत तिवारी, द्वारिका तिवारी, आदर्श कुमार, निखत परवीन, ज्ञान अभिषेक, गणेश कुमार और मनीष सहित अन्य व्यक्तियों ने भी रक्तदान किया और इस नेक कार्य में अपनी भागीदारी दी। यह आयोजन न केवल रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य करता है, बल्कि यह समाज में एकजुटता और परोपकार की भावना को भी प्रोत्साहित करता है।

इस शिविर के आयोजन से यह स्पष्ट होता है कि एचडीएफसी बैंक समाज में अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाता है और हर वर्ष इस प्रकार के आयोजनों से समाज में एक नई उम्मीद और ऊर्जा का संचार करता है।

व्यवहार न्यायालय ने हत्या मामले में सात अभियुक्तों को दिया दोषी करार

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

शुक्रवार को व्यवहार न्यायालय में एडीजे पांच उमेश प्रसाद ने एक अहम मामले में निर्णय सुनाया। मुफस्सिल थाना कांड संख्या -11/12, एस टी आर -360/12, जी आर -120/12 में सभी सात अभियुक्तों को हत्या के जुर्म में दोषी करार दिया गया है। एपीपी शिवपूजन प्रजापति ने इस मामले की जानकारी देते हुए बताया कि अभियुक्त अमरेन्द्र सिंह, रामध्यान सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, संजय सिंह, गुडु सिंह, सकेत सिंह और निखिल सिंह को बालाकर्मा निवासी होने के कारण भादंवि धारा -302/201 के तहत दोषी ठहराया गया है। सभी अभियुक्तों को न्यायालय ने बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया। इस मामले में सजा पर सुनवाई की तिथि 12 दिसंबर 2024 तय की गई है। मामले से जुड़ी जानकारी देते हुए अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक रविरंजन कुमार सिंह, जो सिमडेगा जिले के निवासी हैं, ने 18 जनवरी 2012 को एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी में उल्लेख था कि जमीनी विवाद के कारण अभियुक्तों ने उनकी मां, जेयमति कुंवर उर्फ देवती देवी, को 18 जनवरी 2012 की शाम लगभग 08 बजे चतरा ग्राम पुल के पास परती खेत में गोली मारकर हत्या कर दी थी। रवि रंजन कुमार ने बताया कि उनकी मां रामा बांध स्थित किराए के घर में रहती थीं और किसी जरूरी काम से बाहर निकली थीं, तभी यह घटना हुई। इस मामले में डॉक्टर, आई ओ सहित कई अन्य गवाहियों का भी योगदान रहा है।

मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के अंतर्गत बसडीहा कला के बच्चों ने शैक्षिक यात्रा की शुरुआत

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

मध्य विद्यालय बसडीहा कला के छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के तहत शैक्षिक परिभ्रमण की यात्रा शुरू की। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, प्रधानाध्यापक कौशल किशोर, विद्यालय शिक्षा समिति की अध्यक्ष पुष्पा देवी, सचिव धानमुनी देवी, सदस्य मंजू देवी, शिक्षक अखिलेश कुमार भारती और बाल संसद की प्रधानमंत्री ब्युटी कुमारी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर यात्रा की शुरुआत करवाई। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बच्चों को शुभ यात्रा की मंगलकामनाएं देते हुए शैक्षणिक परिभ्रमण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने यात्रा के दौरान बच्चों और शिक्षकों को आवश्यक सावधानियों और अनुशासन का पालन करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि शैक्षिक परिभ्रमण से बच्चों की बौद्धिक, मानसिक और शारीरिक क्षमताओं का विकास होता है। यह यात्रा बच्चों में नई चीजें देखने-सीखने, जिज्ञासु बनने और प्रश्न पूछने की आदत को बढ़ावा देती है।

शैक्षणिक परिभ्रमण के दौरान बच्चों का मार्गदर्शन और सहयोग करने के लिए शिक्षक अखिलेश कुमार भारती, श्री निवास शर्मा, शिक्षिका दिव्या रानी, कौसर प्रवीण, होमा रफत और मोनिका खाती शामिल हुए। बाल संसद की प्रधानमंत्री ब्युटी कुमारी ने भी बच्चों को प्रेरित करते हुए उनके उत्साह को बढ़ाया। प्रधानाध्यापक कौशल किशोर ने कहा कि ऐसे परिभ्रमण से बच्चों को शैक्षणिक और व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त होता है।

पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश का औरंगाबाद दौरा

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत औरंगाबाद जिले का दौरा किया। उनके इस आगमन को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने व्यापक तैयारियां कीं। जिले में पहुंचने पर जिलाधिकारी की उपस्थिति में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में न्यायाधीश महोदय को विधिवत सलामी दी गई। सम्मान गार्ड ने इस अवसर पर अनुशासन और परंपरा का प्रदर्शन करते हुए न्यायाधीश का स्वागत किया। दौरे के दौरान न्यायाधीश ने जिले की न्यायिक और प्रशासनिक व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने न्यायालय परिसर में सुविधाओं और व्यवस्थाओं की समीक्षा की और न्यायिक प्रक्रिया को और प्रभावी बनाने के लिए अधिकारियों को जरूरी सुझाव दिए।

पूर्व सांसद ने की मृत व्यापार मंडल अध्यक्ष के परिजनों से मुलाकात, दी सांत्वना

निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)

भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह नवीनगर व्यापार मंडल अध्यक्ष अंकोरहा गांव निवासी संजय सिंह की गोली मारकर हत्या की खबर सुनकर उनके घर पहुंचकर परिजनों से मिलकर शोक संवेदना एवं गहरा शोक व्यक्त किया पूर्व सांसद ने कहा कि मैं जिला प्रशासन से मांग करता हूं की इनकी हत्या में शामिल अपराधी को पुलिस जल्द से जल्द गिरफ्तार करें। इनका निधन मेरे लिए बहुत दुःखद है। ईश्वर परिवार को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें इनका निधन मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है जिसकी भरपाई नही हो सकता है। इस दुःख की घड़ी में मैं परिवार के साथ हूं। इस मौके पर नवीनगर के पूर्व प्रमुख राजेन्द्र सिंह, भाजपा नेता उदय प्रताप सिंह, रविन्द्र शर्मा, समाजवादी नेता रामलखन सिंह, सेवानिर्वित्त शिक्षक सूर्यपत सिंह, उपेन्द्र सिंह, जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र सिंह, विजय सिंह, मुकेश सिंह, विनय सिंह, श्रीकांत गिरी, कमलेश सिंह, विक्की सिंह, राजाराणा सिंह, दीपक सिंह, टनटन सिंह,चंदन गिरी एवं सैंकड़ों ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

गायत्री परिवार ने मोतियाबिंद के मरीजों को नि :शुल्क ऑपरेशन के लिए पटना भेजा

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

गायत्री परिवार ट्रस्ट, औरंगाबाद द्वारा आज स्वास्थ्य संवर्धन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। ट्रस्ट ने मोतियाबिंद के मरीजों को फेको विधि से निःशुल्क ऑपरेशन के लिए श्री साईं लायन्स नेत्रालय, पटना भेजने की व्यवस्था की। इसके तहत दो निजी वाहनों द्वारा सभी चिन्हित मरीजों को पटना भेजा गया। इस महत्वपूर्ण कार्य को सफल बनाने में गायत्री परिवार ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य सिद्धेश्वर सिंह, सहायक प्रबंध ट्रस्टी नवनीत कुमार, ट्रस्टी विभा सिंह और अन्य सदस्य सुरेन्द्र शर्मा, सीमा देवी, रीना सिंह आदि का अहम योगदान रहा।

वहीं, जिला गायत्री परिवार ट्रस्ट, औरंगाबाद ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राम लखन सिंह यादव कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स (13 बिहार बटालियन) के लिए 'योग एवं जीवन प्रबंधन' पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम को गायत्री तीर्थ शांतिकुंज, हरिद्वार और देव संस्कृति विश्वविद्यालय से सामाजिक परिवीक्षा के तहत आई छात्राओं ने संचालित किया। कार्यक्रम के दौरान, उपजोन समन्वयक सह मीडिया प्रभारी नीरज कुमार सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को योग के महत्व और जीवन प्रबंधन की कला से अवगत कराना था। इस मौके पर एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योगाभ्यास के साथ-साथ जीवन में संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा ली।

गायत्री परिवार ट्रस्ट के इस पहल को शांतिकुंज हरिद्वार और देव संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा युवाओं के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए निरंतर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला के रूप में देखा जा रहा है। यह कार्यक्रम युवाओं के चरित्र निर्माण और मानसिक विकास में सहायक सिद्ध हो रहा है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने आयोजकों का धन्यवाद किया और इसे अपने जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

छड़ कारोबारी के सिर में मारी गोली, मौत

पटना(नि.सं.)। पटना में 12 घंटे के अंदर 2 कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। गुरुवार की दोपहर पहले बदमाशों ने किराना दुकानदार को निशाना बनाया। रात होते-होते बाइक सवार बदमाशों ने सरिया कारोबारी की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान उदय राज (45) के रूप में हुई है। वारदात गुरुवार की रात नदी थाना के मोजीपुर गांव की है। हत्या के बाद आक्रोशित लोगों ने पटना-बख्तियारपुर स्टेट हाईवे को जाम कर दिया है। मौजपुर निवासी उदय राय छड़, बालू और गिट्टी का कारोबार करते थे। गुरुवार रात 9 बजे के बाद दुकान बंद करके अपनी बुलेट से घर लौट रहे थे।